

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,रविवार | 29 दिसंबर 2024 | वर्ष : 02 अंक :221 | पृष्ठ -14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


### ब्रीफ न्यूज

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल, मुख्यमंत्री ने की निंदा



एजेंसी

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले में हुए हमले की निंदा की, जिसमें नागरिक और सुरक्षाकर्मी दोनों घायल हो गए। हिंसा के एक नए प्रकोप में, इंफाल पूर्वी जिले के सनासाबी और थमनापोकपी गांवों में सशस्त्र हमलावरों के साथ गोलीबारी में कई नागरिक और सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उन्होंने कहा कि इंफाल पूर्व के सनासाबी और थमनापोकपी में कुकी आतंकवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी की कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें नागरिक और सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। निर्दोष जिंदगियों पर यह कायरतापूर्ण और अकारण हमला शांति और सद्भाव पर हमला है।प्रभावित इलाकों में पर्याप्त सुरक्षाकर्मी भेजे गए हैं। घायलों को आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल रही है, और सरकार ऐसी चुनौतियों का सामना करने के लिए शांति और एकता का आह्वान करती है। ऐसी स्थितियों से निपटते समय केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस को उचित समन्वय और समझ होनी चाहिए। शुक्रवार को, मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, वन विभाग

### पंचतत्व में विलीन मनमोहन सिंहः राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री की मौजूदगी में

# राजकीय सम्मान के साथ आखिरी विदाई; बेटी ने दी मुखाग्नि




एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को आज यानी शनिवार( 28 दिसंबर ) को पंचतत्व में विलीन हो गए। दिल्ली के निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को आज यानी शनिवार( 28 दिसंबर ) को पंचतत्व में विलीन हो गए। दिल्ली के निगमबोध घाट पर उनका अंतिम संस्कार करीब 1 बजे किया गया। मनमोहन सिंह की बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी समेत पक्ष विपक्ष के बड़े नेता मौजूद रहे। मनमोहन सिंह को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सेना के तीनों अंगों ने पूर्व प्रधानमंत्री को मिलिट्री प्रोटोकॉल के मुताबिक आखिरी सलामी दी। इस बीच स्मारक को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के बीच ठन गई है भारत के 13वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन गुरुवार देर रात को एम्स अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में हो गया था। उनके निधन के बाद शनिवार की सुबह 11:45 बजे दिल्ली के निगमबोध घाट श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। ये जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को दी है ।बता दें कि मनमोहन सिंह का गुरुवार रात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भारत के 13वें प्रधानमंत्री और इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले पहले सिख सिंह ने मई 2004 से मई 2014 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार का नेतृत्व किया ।गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक बयान में कहा, "सरकार ने निर्णय लिया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम संस्कार 28 दिसंबर, 2024 को सुबह 11:45 बजे निगमबोध घाट, नई दिल्ली में होगा।" गुरुवार रात 8:06 बजे उन्हें नई दिल्ली स्थित एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में लाया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और रात 9:51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया, अस्पताल ने कांग्रेस के दिग्गज नेता के निधन की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी किया।

## चिराग पासवान का बिहार पर अधिक फोकस, 2030 को लेकर जता दी अपनी बड़ी इच्छा




एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि वह आने वाले दिनों में बिहार पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे और सदन के सदस्य के रूप में चुने जाने के लिए 2030 में विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगे। पासवान ने कहा कि वह बिहार की बेहतरी के लिए काम करने के उद्देश्य से राजनीति में आये हैं। एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह मेरी योजनाओं का हिस्सा था कि मैंने 2020 के विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी के बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' के नारे पर जोर दिया।चिराग पासवान ने कहा कि मैं खुद को 2030 में बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में देखना चाहता हूं। मैं खुद को राज्य की राजनीति से अधिक परिचित देखता हूं। राजनीतिक विश्लेषकों ने कहा कि पासवान ने 2025 का विधानसभा चुनाव लड़ने से परहेज किया है क्योंकि एनडीए, जिसमें

**पासवान ने कहा कि वह बिहार की बेहतरी के लिए काम करने के उद्देश्य से राजनीति में आये हैं। एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान**

उनकी पार्टी एक भागीदार है, पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है। एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, चिराग पासवान 2030 में राज्य की राजनीति में अपनी जगह तलाशेंगे।

## कांग्रेस को अपना इतिहास याद रखना जरूरी...जेपी नड्डा का राहुल गांधी का वार

एजेंसी

**नई दिल्ली:** राहुल गांधी ने निगमबोध घाट पर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि पूर्व वित्त मंत्री सर्वोच्च सम्मान और स्मारक के पात्र हैं। वहीं, भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल गांधी ने निगमबोध घाट पर



मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि पूर्व वित्त मंत्री सर्वोच्च सम्मान और स्मारक के पात्र हैं। वहीं, भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नड्डा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को जीते जी कभी सम्मान न देने वाली कांग्रेस अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने सोनिया गांधी को पीएम मनमोहन सिंह से ऊपर सुपर पीएम बनाकर पीएम पद की गरिमा को तार-तार कर दिया था। राहुल गांधी ने अध्यादेश फाड़कर पीएम मनमोहन सिंह का अपमान किया।

## संभल में जामा मस्जिद पास पुलिस चौकी, भड़के असदुद्दीन ओवैसी, योगी सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली:** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी के निर्माण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास शराब बार और पुलिस चौकियों के अलावा किसी और चीज के लिए पैसा नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि संभल में जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनाई जा रही है। देश के किसी भी कोने में चले जाइये, वहां की सरकार न तो स्कूल खोलती है और न ही अस्पताल। अगर कुछ बना है तो वह है पुलिस चौकी और शराबखाना। ओवैसी ने आगे कहा कि सरकार के पास किसी



और चीज के लिए पैसे नहीं होते, बस पुलिस चौकी और शराब खाने के लिए पैसे होते हैं। डेटा खुद ये कहता है कि मुसलमानों के इलाकों में सबसे कम सरकारी सुविधाएँ फराहम की जाती हैं। संभल में जामा मस्जिद के पास एक नई पुलिस चौकी का निर्माण शुरू हो गया है और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है। यह विकास क्षेत्र में हाल की हिंसा के बाद आया है, जिसके परिणामस्वरूप लोग हताहत हुए हैं, और इसका उद्देश्य सुरक्षा को मजबूत करना और आगे की अशांति को रोकना है ।एएसपी संभल श्रीश चंद्र ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद के पास की जगहों की सुरक्षा के लिए इस पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसी उद्देश्य से निर्माण कराया जा रहा है। एसपी कृष्णन कुमार बिश्नोई

## केजरीवाल के आरोप पर वीरेंद्र सचदेवा का पलटवार, बोले- दिल्ली की जनता के साथ डिजिटल फ्रॉड कर रही आप

एजेंसी

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के माध्यम से संदीप दीक्षित को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, लेकिन कोई इसकी जांच नहीं करेगा। वे बस हमारे द्वारा दी गई सभी मुफ्त योजनाओं को बंद करना चाहते हैं। दीक्षित ने आप की 'महिला सम्मान' योजना के बारे में एलजी से शिकायत की थी और दावा किया था कि सत्तारूढ़ पार्टी



दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी कर रही है ।दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सार्वजनिक नोटिस जारी कर सत्तारूढ़ आप की महिलाओं को 2,100 रुपये और बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज की वादा की गई योजनाओं से खुद को अलग कर लिया। दोनों विभागों ने लोगों को अस्तित्वहीन योजनाओं के लिए पंजीकरण के बहाने किसी को भी व्यक्तिगत विवरण प्रदान करने के प्रति आगाह किया, कहा कि कोई भी निजी व्यक्ति या राजनीतिक दल ऐसे भौतिक प्रपत्र या जानकारी एकत्र करना धोखाधड़ी और बिना किसी अधिकार के है ।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी की सरकार लगातार अवैध वोटरों को दिल्ली में बसा रही है।

## नीतीश कुमार कर लिया गया है हाईजैक, अधिकारी चला रहे हैं सरकार, तेजस्वी यादव का बड़ा आरोप

एजेंसी

**पटना:** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कथित प्रश्न पत्र लीक के बाद दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर बीपीएससी अभ्यर्थियों के चल रहे विरोध प्रदर्शन पर बिहार सरकार की आलोचना की। यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर सवाल उठाया और निष्पक्ष समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि अगर (बीपीएससी) प्रश्नपत्र लीक हुआ था, तो सभी के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि



नीतीश कुमार होश में नहीं हैं। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार बिहार की सरकार नहीं चला रहे हैं। कुछ लोग सरकार चला रहे हैं, जो रिटायर्ड अधिकारी हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके जो दो-चार नेता हैं, वह लोग नीतीश की सरकार चला रहे हैं। इन लोगों ने पूरी तरीके से नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यहां (बिहार में) कोई सरकार है भी? सीएम नीतीश कुमार अब निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। वह अब सिर्फ एक चेहरा हैं। उन्होंने कहा कि अगर (बीपीएससी) का प्रश्न पत्र लीक हुआ था।

### राजस्थानः भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला,

## गहलोत राज में बने इन 9 जिलों को किया खत्म



एजेंसी

**राजस्थान:** राजस्थान सरकार ने आज कैबिनेट बैठक में कुल नौ जिलों को भंग कर दिया है। अशोक गहलोत सरकार में 17 नए जिलों और तीन नए संभागों की घोषणा की गई थी, लेकिन आचार संहिता से पहले नए जिले और संभाग बनाना अनुचित माना गया। परिणामस्वरूप, जिलों को रद्द कर दिया गया। भजनलाल सरकार ने पिछले प्रशासन के कुछ नए प्रस्तावित जिलों को अव्यवहारिक माना और उनका मानना ??था कि इससे राजस्थान पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो राज्य के हित में नहीं था। बदलाव के बाद अब कुल 41 जिले और 7 मंडल होंगे। डूडू, केकड़ी, शाहपुरा, नीमकाथाना, गंगापुर सिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, अनूपगढ़ और सांचोर को भंग कर दिया गया है। बालोतरा, ब्यावर, डीग-कुम्हेर, डीडवाना-कुचामन, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, फलौदी और सलूम्बर को बरकरार रखा गया है। पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित 20 नए जिलों में से केवल आठ ही क्रियाशील रहेंगे। पिछले प्रशासन के दौरान बनाए गए नए प्रभागों को बरकरार नहीं रखा जाएगा। 1 जुलाई को, राजस्थान सरकार ने एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

# बीपीएससी छात्रों के प्रदर्शन में शामिल हुए प्रशांत किशोर,

## गांधी मैदान में बुलाई छात्र संसद

एजेंसी

पटनाः जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के उन अभ्यर्थियों के साथ शामिल हो गए हैं जो 70वीं बीपीएससी परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि सबने मिलकर तय किया है कि बिहार के बच्चों के भविष्य के लिए... कल सभी छात्र, सभी युवा, अपने भविष्य को लेकर चिंतित लोग एक साथ गांधी मैदान में गांधी प्रतिमा के नीचे बैठेंगे और मिलकर योजना तय की जायेगी कि कैसे बिहार के छात्रों का भविष्य बचाया जा सकता है ।किशोर ने आगे कहा कि ये पूरा आंदोलन छात्रों का है, इसका नेतृत्व छात्र ही करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है, इसे कोई नीतीश कुमार, कोई नेता लाठीतंत्र नहीं बना सकता। इससे पहले शुक्रवार को पटना के



गर्दनीबाग में छात्रों से बात करते हुए, किशोर ने छात्रों पर 'लाठीचार्ज' की निंदा की और एनडीए के नेतृत्व वाली सरकार से दो बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। नीतीश सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले 1-2 साल से लोकतंत्र को 'लाठीतंत्र' में बदल दिया गया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि समाज का कोई भी वर्ग अगर सरकार के सामने अपनी बात कहने आता है तो उस पर लाठियां बरसाना एक तरीका बन गया है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की बात सुननी होगी। यदि समाज का कोई भी वर्ग लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहा है तो उस पर लाठीचार्ज करने का कोई अधिकार नहीं है। मैं छात्रों के साथ खड़ा रहूंगा। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। हम छात्रों पर बल प्रयोग के खिलाफ हैं। पीके ने आगे कहा कि सरकार को छात्र प्रतिनिधियों से मिलकर दोबारा परीक्षा कराने की उनकी मांग पर विचार करना चाहिए।

# समस्तीपुर कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुर :–** समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में भारत के महान अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के तैल्य चित पर माल्यार्पण कर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिला कार्यालय पर पार्टी के झंडे को झुका दिया गया। सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो. अबू तमीम ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री तमीम ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक विशाल व्यक्तित्व थे, जिनके योगदान ने देश को रूपांतरित किया और उन्हें विश्वभर में सम्मान प्राप्त हुआ।1990 के दशक के प्रारंभ में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। अपनी अद्वितीय दूरदृष्टि के साथ, उन्होंने ऐसे सुधारों की शुरूआत की जिन्होंने न केवल देश को भुगतान संकट से उबारा, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए द्वार खोले। उनके द्वारा किए गए विनियमन, निजीकरण और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले नीतिगत कदमों ने भारत के तेजी से विकास की नींव रखी। उनके नेतृत्व में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया, जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है ।भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। उनका कार्यकाल निरंतर आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान और सामाजिक प्रगति से चिह्नित था। उन्होंने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत को इस संकट से बचाने के लिए रणनीतिक उपाय किए। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहलें हुईं जैसे मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, ऐतिहासिक भारत अमीरिका प्रमाणु ऊर्जा संधि, खाद सुरक्षा , सूचना का अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून, किसानों के हित में नया कृषि भूमि अधिग्रहण कानून, 93वीं संविधान



संशोधन के द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ओबीसी अधिक सशक्त बनाने का काम किया। डॉ. सिंह का नेतृत्व और अर्थशास्त्र में उनका योगदान हमेशा जीवित रहेगा, और हम सभी को प्रेरित करेगा ताकि हम अपने महान देश की प्रगति और समृद्धि में योगदान दे सकें। सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, देवेंद्र नारायण झा, सरोज कुमार सिंह, नूर आलम सिद्दीकी, मिथिलेश पोद्दार, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार राय, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, ठाकुर मनोज भारद्वाज, उपेंद्र नाथ तिवारी, नगर अध्यक्ष डोमन राय, भुवनेश्वर राम, युवा कांग्रेस के महासचिव मो० मोहिउद्दीन, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, एस० सी० विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह हजारी, राम विलास राय निरनामा, अजय कुमार सिंह, सुशांत वत्स, वार्ड पार्षद धीरज शर्मा, शशि रंजन शर्मा, परमानंद मिश्र, सूरज राम, देवेंद्र राय, राम लखन राय, कृष्ण कुमार राय आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। उनका कार्यकाल निरंतर आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान और सामाजिक प्रगति से चिह्नित था। उन्होंने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत को इस संकट से बचाने के लिए रणनीतिक उपाय किए। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहलें हुईं जैसे मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, ऐतिहासिक भारत अमीरिका प्रमाणु ऊर्जा संधि, खाद सुरक्षा , सूचना का अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून, किसानों के हित में नया कृषि भूमि अधिग्रहण कानून, 93वीं संविधान संशोधन के द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ओबीसी अधिक सशक्त बनाने का काम किया। डॉ. सिंह का नेतृत्व और अर्थशास्त्र में उनका योगदान हमेशा जीवित रहेगा, और हम सभी को प्रेरित करेगा ताकि हम अपने महान देश की प्रगति और समृद्धि में योगदान दे सकें। सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, देवेंद्र नारायण झा, सरोज कुमार सिंह, नूर आलम सिद्दीकी, मिथिलेश पोद्दार, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार राय, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, ठाकुर मनोज भारद्वाज, उपेंद्र नाथ तिवारी, नगर अध्यक्ष डोमन राय, भुवनेश्वर राम, युवा कांग्रेस के महासचिव मो० मोहिउद्दीन, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, एस० सी० विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह हजारी, राम विलास राय निरनामा, अजय कुमार सिंह, सुशांत वत्स, वार्ड पार्षद धीरज शर्मा, शशि रंजन शर्मा, परमानंद मिश्र, सूरज राम, देवेंद्र राय, राम लखन राय, कृष्ण कुमार राय आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।-

## चिकित्सा शिविर की दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए अतिथिगण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

■ **हुसैनगंज के हसनपुरवा में नि: शुल्क चिकित्सा शिविर में सौकडों लोगों की जांचोंपरांत दवा का हुआ वितरण**

हसनपुरवा चिकित्सा शिविर में उद्घाटन करते हुए अतिथिगण

संवाददाता हुसैनगंज (सीवान)

हुसैनगंज प्रखंड के पूर्वी हरिहांस पंचायत के हसनपुरवा में सरपंच सीता कुमारी के दरवाजे पर अमित वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया.शिविर में श्री साईं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर सीवान के मेडिकल टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चों की स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत निःशुल्क दवा का वितरण किया गया. शिविर का उद्घाटन पूर्व सरपंच सह सरपंच प्रतिनिधि शम्भू सिंह, श्रीनिवास सिंह, प्रियंका ओझा व अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मेडिकल टीम को अमित वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया. चिकित्सा शिविर में टीम सदस्य निरज कुमार सिंह, बृजेश यादव, रागनी कुमारी, भावना कुमारी, सपना कुमारी, ईशा कुमारी, रीमा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे

# अल कबीर ज्वेलर्स ने लांच किया उमराह करने की योजना, 95 हजार की खरीद पर मिलेगा लक्की कुपन




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** अल कबीर ज्वेलर्स धरमपुर समस्तीपुर ने शनिवार को उमरा करो योजना का शुभारंभ किया। अल कबीर ज्वेलर्स जो पिछले 10 वर्षों से सोना चांदीहीरे के कारोबार से जुड़ा हुआ है और जिसका प्रतिष्ठान धर्मपुर में है, ने आज 95 हजार रूपया के खरीदारी पर उमरा करो योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत जो भी ग्राहक 95 हजार की खरीदारी करेंगे उन्हें एक लक्की ड्रा कुपन दिया जाएगा और इस लक्की ड्रा कुपन का ड्रा अल कबीर ज्वेलर्स के वार्षिक समारोह में किया जाएगा। जिन तीन भाग्यशाली उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा जिसका कुपन निकलेगा उसे अल कबीर ज्वेलर्स गोल्डन उमरा योजना के तहत उमरा के लिए सऊदी अरब भेजेगा। हमारे संवाददाता से बात करते हुए अल कबीर ज्वेलर्स के निदेशक मो अमानुद्दीन ने कहा पहले भी हमने कन्या विवाह योजना की शुरूआत की थी, जिसके तहत आप इंस्टॉलमेंट भरकर एक मस्त जेवर खरीद सकते थे जो के बहुत ही पॉपुलर हुआ था, आज हमने उमरा योजना की शुरूआत की है यह योजना उन लोगों के लिए भीलाभकारी साबित होगी जो उमरा करना तो चाहते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी से उमरा को नहीं जा सकते हैं उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि यदि वह 95 हजार की खरीदारी करते हैं जो के सोना चांदी खरीदारी में बहुत ही छोटी रकम है तो उन्हें एक लक्की ड्रग कुपन दिया जाएगा और भाग्य ने साथ दिया तो उनको उमरा पर जाने का मौका मिलेगा। इस योजना की शुरूआत नये साल 1 जनवरी से होगी जो के लगातार चलती रहेगी और यदि यह योजना सफल हुआ तो इसे लगातार किया जाएगा। इस योजना के शुभारंभ दिन पर समस्तीपुर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस योजना की तारीफ की और कहा कि अल कबीर ज्वेलर्स समाज में कमजोर वर्गों के लिए हमेशा काम करता आ रहा है जिसकी परिणीति है अल कबीर पीडीडब्लू अकैडमी जिसमें 200 गरीब बच्चे मुफ्त में पढ़ाई करते हैं और यह इसी तरह के कई चैरिटेबल कारों में हिस्सा लेते हैं जिसके कारण पूरे समस्तीपुर में इनकी काफी लोकप्रियता है।

# जयनगर में एकदिवसीय अष्टयाम सह कीर्तन रामनाम जाप का का आयोजन

## जय-जय सीता-जय जय राम-गौरीशंकर जय हनुमान




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

अपार हर्ष के साथ आपको निमंत्रण दे रहा हूँ कि कि कल दिनांक 29-12-2024 दिन रविवार को दोपहर 11:30बजे से पिछले 50 वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24घंटो का एकदिवसीय अष्टयाम सह कीर्तन रामनाम जाप का का आयोजन निज निवास(राउत निवास, माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन कार्यालय परिसर) मे शुरू हो रहा है, जिसमे महाप्रसाद हेतु आप सभी अष्टायाम समाप्ति पर दिन सोमवार(30-12-2024) को दिन के 4बजे से प्रभु इक्षा तक आप

## 2014 बैच के कद्धर अधिकारी योगेंद्र कुमार बने मधुबनी के SP .

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**



2014 बैच के कद्धर अधिकारी योगेंद्र कुमार बने मधुबनी के पुलिस कप्तान (रढ) वही मधुबनी एसपी सुशील कुमार बने मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक ,कद्धर अधिकारी योगेंद्र कुमार बने मधुबनी के पुलिस कप्तान बताया जाता है कि आईपीएस अधिकारी काफी तेज तरार और पदभार संभालते ही नए अंदाज में कार्य को बखूबी निभाएंगे?

## समस्तीपुर कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मोहम्मद जुबैर

**समस्तीपुर :–** समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में भारत के महान अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के तैल्य चित पर माल्यार्पण कर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिला कार्यालय पर पार्टी के झंडे को झुका दिया गया। सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो. अबू तमीम ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री तमीम ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक विशाल व्यक्तित्व थे, जिनके योगदान ने देश को रूपांतरित किया और उन्हें विश्वभर में सम्मान प्राप्त हुआ।

1990 के दशक के प्रारंभ में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। अपनी अद्वितीय दूरदृष्टि के साथ, उन्होंने ऐसे सुधारों की शुरूआत की जिन्होंने न केवल देश को भुगतान संकट से उबारा, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए द्वार खोले। उनके द्वारा किए गए विनियमन, निजीकरण और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले नीतिगत कदमों ने भारत के तेजी से विकास की नींव रखी। उनके नेतृत्व में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया, जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है ।भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। उनका कार्यकाल निरंतर आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान और सामाजिक प्रगति से चिह्नित था। उन्होंने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत को इस संकट से बचाने के लिए रणनीतिक उपाय किए। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहलें हुईं जैसे मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, ऐतिहासिक भारत अमीरिका प्रमाणु ऊर्जा संधि, खाद सुरक्षा , सूचना का अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून, किसानों के हित में नया कृषि भूमि अधिग्रहण कानून, 93वीं संविधान संशोधन के द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ओबीसी अधिक सशक्त बनाने का काम किया। डॉ. सिंह का नेतृत्व और अर्थशास्त्र में उनका योगदान हमेशा जीवित रहेगा, और हम सभी को प्रेरित करेगा ताकि हम अपने महान देश की प्रगति और समृद्धि में योगदान दे सकें। सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, देवेंद्र नारायण झा, सरोज कुमार सिंह, नूर आलम सिद्दीकी, मिथिलेश पोद्दार, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार राय, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, ठाकुर मनोज भारद्वाज, उपेंद्र नाथ तिवारी, नगर अध्यक्ष डोमन राय, भुवनेश्वर राम, युवा कांग्रेस के महासचिव मो० मोहिउद्दीन, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, एस० सी० विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह हजारी, राम विलास राय निरनामा, अजय कुमार सिंह, सुशांत वत्स, वार्ड पार्षद धीरज शर्मा, शशि रंजन शर्मा, परमानंद मिश्र, सूरज राम, देवेंद्र राय, राम लखन राय, कृष्ण कुमार राय आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। उनका कार्यकाल निरंतर आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान और सामाजिक प्रगति से चिह्नित था। उन्होंने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत को इस संकट से बचाने के लिए रणनीतिक उपाय किए। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहलें हुईं जैसे मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, ऐतिहासिक भारत अमीरिका प्रमाणु ऊर्जा संधि, खाद सुरक्षा , सूचना का अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून, किसानों के हित में नया कृषि भूमि अधिग्रहण कानून, 93वीं संविधान संशोधन के द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ओबीसी अधिक सशक्त बनाने का काम किया। डॉ. सिंह का नेतृत्व और अर्थशास्त्र में उनका योगदान हमेशा जीवित रहेगा, और हम सभी को प्रेरित करेगा ताकि हम अपने महान देश की प्रगति और समृद्धि में योगदान दे सकें। सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, देवेंद्र नारायण झा, सरोज कुमार सिंह, नूर आलम सिद्दीकी, मिथिलेश पोद्दार, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार राय, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, ठाकुर मनोज भारद्वाज, उपेंद्र नाथ तिवारी, नगर अध्यक्ष डोमन राय, भुवनेश्वर राम, युवा कांग्रेस के महासचिव मो० मोहिउद्दीन, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, एस० सी० विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह हजारी, राम विलास राय निरनामा, अजय कुमार सिंह, सुशांत वत्स, वार्ड पार्षद धीरज शर्मा, शशि रंजन शर्मा, परमानंद मिश्र, सूरज राम, देवेंद्र राय, राम लखन राय, कृष्ण कुमार राय आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।-

# 1 जनवरी 2025 से रक्सौल स्टेशन से ओरिजेनेट और टर्मिनेट होने वाली निम्नलिखित पैसेंजर ट्रेनों के ट्रेन नम्बर




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

के आगे से 0 हटा दिया जाएगा और ये ट्रेनें अपने पुराने ट्रेन नम्बर जो कोराना काल के पहले चलती थी, उन्हीं ट्रेन नम्बर के साथ रेगुलर चलेंगी!

- ■ 05207 ?75229 दरभंगा-रक्सौल डेमू पैसेंजर।
- ■ 05209 ?75235 रक्सौल-नरकटियागंज डेमू पैसेंजर।
- ■ 05210 ?75236 नरकटियागंज-रक्सौल डेमू पैसेंजर।
- ■ 05218 ?75230 रक्सौल-दरभंगा डेमू पैसेंजर।
- ■ 05507 ?75213 रक्सौल-मैनाली डेमू पैसेंजर।
- ■ 05508 ?75214 मैनाली-रक्सौल डेमू पैसेंजर।
- ■ 05208 ?63374 रक्सौल-दरभंगा मेमू पैसेंजर।
- ■ 05217 ?63373 दरभंगा-रक्सौल मेमू पैसेंजर।
- ■ 05261 ?63311 मुजफ्फरपुर-रक्सौल मेमू पैसेंजर।
- ■ 05262 ?63312 रक्सौल-मुजफ्फरपुर मेमू पैसेंजर।
- ■ 05287 ?63313 मुजफ्फरपुर-रक्सौल मेमू पैसेंजर।
- ■ 05288 ?63314 रक्सौल-मुजफ्फरपुर मेमू पैसेंजर।
- ■ 05213 ?55581 सीतामढ़ी-रक्सौल पैसेंजर।
- ■ 05214 ?55582 रक्सौल-सीतामढ़ी पैसेंजर।
- ■ 05525 ?55577 समस्तीपुर-रक्सौल पैसेंजर।
- ■ 05526 ?55578 रक्सौल-समस्तीपुर पैसेंजर।
- ■ 05541 ?55585 रक्सौल-नरकटियागंज पैसेंजर।
- ■ 05542 ?55586 नरकटियागंज-रक्सौल पैसेंजर।
- ■ 05555 ?55583 रक्सौल-नरकटियागंज पैसेंजर।
- ■ 05556 ?55584 नरकटियागंज-रक्सौल पैसेंजर।
- ■ 05587 ?55587 रक्सौल-नरकटियागंज पैसेंजर।
- ■ 05588 ?55588 नरकटियागंज-रक्सौल पैसेंजर।

# पूर्व योजना ही योजना पूर्ण होने का आधार होता हैं: रामलाल सिंह

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**




**सिवान:** पुण्य श्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में लोक शिक्षा समिति, बिहार के तत्वावधान महराजगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के परिसर में चल रहे उत्तर बिहार प्रांत के पूर्णकालिक कार्यकताओं का चार दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन

प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए लोक शिक्षा समिति बिहार के

प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन को व्यवस्थित चलाने के लिए वर्ष शुभारंभ में वार्षिक कार्य-योजना की पूर्व संरचना आवश्यक होता हैं। जो संगठन पूर्व कार्य-योजना बनाती है ।उस संगठन के सभी योजनाएं समय से पूर्ण होती हैं। प्रदेश सचिव श्री सिंह ने कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में पूर्व योजना आधार बनती हैं ।वहीं मुजफ्फरपुर विभाग के निरीक्षक व प्रचार-प्रसार विभाग के मार्गदर्शक ललित कुमार राय ने बताया कि महाराजगंज में चल रहे पूर्णकालिक कार्यकताओं के चार दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्या भारती विद्यालयों से संबंधित छात्र - छात्राएं, आचार्य, अभिभावक, समिति सदस्य व पूर्व छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केंद्र में रखते हुए शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक दृष्टि से समग्र विकास हेतु वार्षिक कार्ययोजना को मूल स्वरुप प्रदान करना है।

इस मौके पर राजेश कुमार रंजन, धरणीकांत पाण्डेय, रमेश चंद्र शुक्ल, अनिल कुमार राम, कृष्ण कुमार प्रसाद, प्रमोद कुमार ठाकुर, रंजीत कुमार , डॉ कुमार विजय रंजन आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थें

# बिहार राज्य खेलप्रतियोगिता(मशाल) प्रशिक्षण में भाग लेते हुए शिक्षक व ट्रेनर,

**हुसैनगंज संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**




हुसैनगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लर्निंग सेंटर पर 26 दिसंबर से 28 दिसम्बर तक चलने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया. इस प्रशिक्षण में प्रखंड के शारीरिक तथा कम्प्यूटर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर बीईओ मीनू कुमारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण का संचालन किया गया. इस अवसर पर बीपीएम शिवम् कुमार सिंह, बीआरपी मंकेश्वर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे. वहीं प्रशिक्षण देने वालों में मुख्य रूप से मास्टर ट्रेनर फिजिकल शिक्षक बाल्मीकि ओझा, कम्प्यूटर शिक्षक बृजेश कुमार सिंह व निरज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे. मास्टर ट्रेनर बाल्मीकि ने बताया कि आगामी 2029 में होने वाले ओलिम्पिक खेलों में स्कूल के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बिहार सरकार के खेल विभाग द्वारा 14 वर्ष से 16 वर्ष के छात्र व छात्राओं को खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रशिक्षण दिया गया.प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा 5 प्रकार के खेलों के लिए बच्चों की टीम बना कर अपने स्कूलों में चयनित किया जायेगा.प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक स्कूल के बच्चों को खोज प्रतियोगिता 2024 (मशाल) के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा. बताया जाता है कि खेल प्रतियोगिता 2 जनवरी से 9 जनवरी तक सीआरसी स्तर, 15 से 17 जनवरी तक बीआरसी स्तर,20 से 23 जनवरी तक जिला स्तर एवं 4 से 7 फरवरी तक राज्य स्तर पर आयोजित किया जायेगा.बताया जाता है कि इस खेल प्रतियोगिता में केवल सरकारी विद्यालयों के ही छात्र एवं छात्रायें भाग ले सकते हैं. राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, मजदूर के बच्चों को जो खेल में रूचि लेकर भविष्य में राज्य और देश के लिए अपनी भूमिका निभाने के ख्वाहिश रखते हैं उन्हें बिहार सरकार उन चयनित छात्र और छात्राओं को बेहतर ढंग से कोचिंग करा कर उसके खेल में निखार लाने के लिए तैयार करायेगी. स्कूल के अधिकार बच्चों की रजिस्ट्रेशन करा करना है. वहीं प्रत्येक खेल में एक बच्चे को चयनित करना है. एक बच्चा मात्र एक खेल में ही भाग ले सकता है. 5 प्रकार के खेल में मात्र 5 बच्चों को ही चयनित करना है.

प्रशिक्षण के दौरान कुछ शिक्षकों ने कहा कि स्कूल में खेल मैदान नहीं है तो बच्चों को कैसे प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जायेगा. वहीं शिक्षकों ने कहा कि हमलोग फिजिकल शिक्षक व कम्प्यूटर शिक्षक नहीं हैं फिर भी प्रशिक्षण में भेजा गया है. उल्लेखनीय है कि पुरे प्रखंड में 15 पंचायत है उन सभी पंचायतों में हाई स्कूल और इंटर कॉलेज है. परन्तु कुछ स्कूलों को छोड़ कर अन्य स्कूलों में कभी तक कम्प्यूटर और फिजिकल शिक्षकों की पद रिक्त है. इस परिस्थिति में मूल स्कूलों के दो शिक्षकों को कोरम भरने के लिए प्रशिक्षण दिया गया.

# यात्रा के बाद तेजस्वी को जमीनी हकीकत का पता चला है, इसके बाद अलबला गए है- मनोज शर्मा

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

**पटना,** 28 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक श्री मनोज शर्मा ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान की निंदा की है और कहा है कि प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव यात्रा करके जब से लौटे हैं तब से उनको जमीनी हकीकत का पता चल गया है। उनके नीचे की जमीन पूरी तरह से खिसक चुकी है। अब यह अलबल( बेबुनियाद) बोल रहे हैं। बेतुका का बयान दे रहे हैं। उनके बयान निहायत थी दोयम दर्जे और निम्न कैटेगरी के होते हैं। हालांकि यह दोष इनका नहीं है, इनको जो विरासत में संस्कार मिले हुए हैं, उसी का वह प्रदर्शन कर रहे हैं।

श्री शर्मा ने तेजस्वी यादव पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा शायद तेजस्वी यादव को याद नहीं है लेकिन, दुनिया में एक कहावत है कि जब रोम जल रहा था तो नीरो बंशी बजा रहा था। वह कहावत उनके माता-पिता की सरकार में फिट बैठती थी, जब पूरा बिहार अपराध, मर्डर, डकैती, अपहरण जैसे वारदातों में जल रहा था तो, मियां-बीवी की सरकार चैन की बंसी बजा रही थे। लालू यादव और राबड़ी देवी होश में कहां थे? वह तो मदहोश थे, सत्ता के अहंकार में। उसी मदहोशी में तेजस्वी यादव का लालन-पालन हुआ है। उन्हें बिहार और बिहार वासियों से कहां मतलब था? वह तो अपने परिवार के लिए धन संग्रहित कर रहे थे। भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव अपनी टोपी दूसरे के सर पहना रहें हैं, उनके माता-पिता की सरकार में कैसे कुछ नेता और अधिकारी मिलकर सरकार चलाते थे, यह जग जाहिर है। कैसे लालू यादव निरंकुश होकर अधिकारियों को फटकारते थे, यह जग जाहिर है। तेजस्वी यादव शायद भूल रहे हैं उनके माता-पिता की सरकार में जो स्वाभिमानी अधिकारी और ईमानदार अधिकारी थे, ।

# बिस्फी के लाखों नौजवानो, महिलाओं एवं किसानों को दिलाया जाएगा राजद का सदस्यता

## बिस्फी के खंगरैठा में प्रदेश अध्यक्ष सह लोकसभा प्रभारी ने किया शिरकत

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के बिस्फी विधानसभा चुनाव से पूर्व बूथ स्तर की तैयारियों को लेकर राजद के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने तैयारी शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में बिस्फी के नाहंस खंगरैठा स्थित कामेश्वर यादव के व्यवसायिक परिसर में विधानसभा स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरुण यादव की अध्यक्षता एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला सचिव सह प्रवक्ता डॉ विजयचंद्र घोष के संचालन में संपन्न हुई। इस दौरान दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संवेदना भी प्रकट किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह



मधुबनी लोकसभा प्रभारी कुंवर राय ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं यह ध्यान में रखते हुए कार्यकताओं को ईमानदारी पूर्वक संगठन को मजबूत करने के साथ ही बड़ी संख्या में आम नौजवान किसानों महिलाओ को सदस्यता अभियान से जोड़ने के लक्ष्य को साधना हैं। वहीं सांसद प्रतिनिधि सह राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने कहा कि सांसद डॉ० फैयाज अहमद एवं प्रदेश महासचिव आसिफ अहमद के नेतृत्व में अनवरत आम आवामों को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। भाजपा जैसी सांप्रदायिक ताकतों से लड़ने के लिए कार्यकताओं को तकनीकी एवं तार्किक रूप से तैयारी शुरू कर देने की जरूरत हैं। विष्णुदेव यादव ने कहा कि नफरत का ऐसा माहौल बनाया जा रहा कि देश के काबिल होनहार महान अर्थशास्त्री दिवंगत पूर्व पीएम डॉ०, मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कार्यक्रम राजघाट पर नहीं होने दिया गया। वहीं बिस्फी विधानसभा के सदस्यता अभियान प्रभारी गंगा यादव ने कहा कि गरीब गुरबा आम कार्यकताओं ही राष्ट्रीय जनता दल का बल हैं। इन्हें बड़ी संख्या में पार्टी का सदस्यता दिलाना ही हम सबों की प्राथमिकता हैं। प्रोफेसर इस्तियाक अहमद एवं प्रो शंभू यादव ने कहा कि हर गांव टोलो कस्बों से आम आवामों को जोड़ने की अपील सबों से किया। इस अवसर पर डॉ बी के यादव, समाजसेवी कामेश्वर यादव, उप प्रमुख मो इसराइल, पूर्व मुखिया नवल किशोर यादव, गणेश पंडित ,सुनील कुमार सहनी, नरेश यादव, मो० गिलवान ,राधे यादव, राजीव यादव, उमेश यादव बड़ी संख्या में लोग मवजूद थे एवं कामेश्वर यादव ने पार्टी संगठन पर अपने अपने विचार प्रकट किए

## सेवानिवृत प्रो. इश्तियाक अहमद को शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं शिवेश्वर प्रसाद सिंह यादव को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने सेवानिवृत प्रो. इश्तियाक अहमद को शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं शिवेश्वर प्रसाद सिंह यादव को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। मनोनीत होने पर उन्होंने कहा कि राजद के विचारों तथा सिद्धांतों को शिक्षकों तथा समाज के बीच ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे। साथ ही पार्टी हित में मजबूती के साथ काम करेंगे। उन्होंने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमार राय, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव योगेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. नीतीश कुमार यादव के प्रति आभार प्रकट किया।

उनके मनोनयन पर राज्यसभा सांसद डॉ.फैयाज अहमद, पूर्व मंत्री सह नगर विधायक समीर कुमार महासेठ , राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, डॉ.असलम , रामकुमार यादव, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अजीतनाथ यादव, जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शंभु प्रसाद यादव, महिला जिला अध्यक्ष रेणु यादव, पंचायती राज प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवल किशोर यादव,आपदा जिला अध्यक्ष संजय कुमार यादव, प्रो. हरिनारायण साहू, जिला महासचिव पवन यादव, युवा नेता निशांत मंडल, नगर अध्यक्ष पप्पू यादव, प्रखंड अध्यक्ष जय जयराम यादव, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, मो.कामिल पंचायत समिति सदस्य राम इकबाल यादव, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है।

## जनता दरबार में 36 मामलों में 2 का हुआ निष्पादन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष के निर्देश पर अंचल निरीक्षक अनिल शर्मा, लिपिक रवि कुमार और थाना पुलिस ने पहुंचे फरियादी की फरियाद को सुना। मौके पर अंचल निरीक्षक अनिल शर्मा ने बताया कि जनता दरबार में 5 नया मामला सामने आया जिसमें विपक्षी पार्टी को नोटिस निर्गत करने के लिए रजिस्टर्ड कर लिया गया वहीं पहले से 31 मामले लंबित थे जिन पर सुनवाई करते हुए दो मामले का निष्पादन कर दिया जाएगा। वहीं बचें 34 मामले का अगले जनता दरबार में सुनवाई की जाएंगी।

## सुमित सुधा पार्लर से एक बाल श्रमिक को कराया गया विमुक्त




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- श्रम अधीक्षक, दरभंगा श्री किशोर कुमार झा के निर्देश के आलोक में घनश्यामपुर प्रखंड में श्रम संसाधन विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु गहन छापेमारी की गई।

इसी क्रम मे सुमित सुधा पार्लर नगर पंचायत घनश्यामपुर से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग द्वारा जिले में विभिन्न नियोजनों में कार्यरत 27 बाल श्रमिकों को अब तक विमुक्त कराया जा चुका है। विमुक्त बाल श्रमिकों एवं उनके परिवार को विभिन्न विभागों के समन्वय से पुनर्वास कराया जा रहा है। श्रम अधीक्षक द्वारा वैसे नियोजकों को सख्त निर्देश दिया कि लगातार छापेमारी के बावजूद अवैध रूप से बाल श्रमिकों से कार्य ले रहे है,उनके विरुद्ध कठोर करवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि धावा दल द्वारा प्रत्येक सप्ताह शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों मे भी सघन अभियान चलाया जाएगा। श्रम अधीक्षक ने बताया कि एक ओर जहाँ नियोजकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई जारी है, वही दूसरी ओर बाल श्रम के विरूद्ध सामाजिक जागृति पैदा करने के उद्देश्य से कार्यशाला सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर,बैनर एवं फ्लैक्स लगाए गये है।

उन्होंने बाल श्रम जैसी कुप्रथा को सामाजिक जागरूकता से समाप्त किया जा सकता है। धावा-दल में शुभम श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कुशेश्वरस्थान, रजत राउत श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी तारडीह, नीतीश कुमार, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी किरतपुर, बमबम कुमार श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी घनश्यामपुर कार्डस्-संस्था के प्रतिनिधि और नारद मंडल एवं नारायण कुमार मजमुदान एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

## सक्षमता उतीर्ण शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण



सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

हुसैनगंज प्रखंड मुख्यालय के स्थानीय बीआरसी में शनिवार को प्रखंड के सौकडों सक्षमता उतीर्ण शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया. बीपीएम शिवम् कुमार सिंह, बीआरपी मंकेश्वर वर्मा व परमहंस पांडेय द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया. नियुक्ति पत्र पाकर शिक्षकों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दे रही थी. सभी शिक्षक खुशी के माहौल में एक दूसरे को बधाई दे रहे थे. बीपीएम शिवम्-कुमार ने बताया कि सक्षमता उतीर्ण सभी शिक्षकों को शिक्षा विभाग के आदेशानुसार अभी अपने मूल विद्यालय में ही योगदान करना है. बताया जाता है कि अब सभी प्रकार के नियोजित शिक्षक सक्षमता उतीर्ण होने के पश्चात राज्य कर्मी बन गये हैं. एक जनवरी से उन्हें राज्य कर्मी का दर्जा मिलते ही नये वेतनमान में चले जायेंगे. अब उनका पेमेंट सरकार द्वारा निर्धारित नये वेतनमान के आधार पर होगा. इस संदर्भ में शिक्षकों का कहना है कि पूर्व में हमलोगों को जो वेतनमान मिलता था उसके उपेक्षा नये वेतनमान में कम पेमेंट मिलेगा. कम पेमेंट को लेकर अभी बहुत शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा नहीं दिया है. जो शिक्षक अभी तक सक्षमता परीक्षा नहीं दिए है वह उहापोह की स्थिति में बने हुए हैं.

## ग्रामीणों ने पंचायत सरकार भवन निर्माण में लगाया अनियमितता का आरोप, बीडीओ को ज्ञापन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड के सेमरी पंचायत में बनाये जा रहे पंचायत सरकार भवन में अनियमितता बरते जाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंच बीडीओ पंकज कुमार ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने संवेदक पर घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि सेमरी पंचायत में करोड़ों की लागत से पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन प्ंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण में घटिया स्तर का निर्माण कार्य धड़ल्ले किया जा रहा है। पंचायत के ग्रामीणों ने विभाग के संवेदक पर निर्माण कार्य के नाम पर सरकारी राशि के बंदर बांट करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों में मनोज सिंह, रविन्द्र सिंह, राकेश सिंह,रामबालक सिंह, कामेश्वर सिंह,संजय सिंह,रमण सिंह,बिनोद सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि उक्त पंचायत सरकार भवन के निर्माण से पंचायत के ग्रामीणों को फायदा होगा, लेकिन जिस तरह से इसका निर्माण किया जा रहा है, उस से यह पंचायत सरकार भवन ज्यादा दिन नहीं टिक सकेगा। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बारे में संवेदक के मुंशी और वहां मौजूद ।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। शनिवार को जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत के महान अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के तैल्य चित पर माल्यार्पण कर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिला कार्यालय पर पार्टी के झंडे को झुका दिया गया। सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो अबू तमीम ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री तमीम ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक विशाल व्यक्तित्व थे, जिनके योगदान ने देश को रूपांतरित किया और उन्हें विश्वभर में सम्मान प्राप्त हुआ। 1990 के दशक के प्रारंभ में वित्त मंत्री के रूप में डॉ सिंह भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। अपनी अद्वितीय दूरदृष्टि के साथ, उन्होंने ऐसे सुधारों की शुरूआत की जिन्होंने न केवल देश को



भुगतान संकट से उबारा, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए द्वार खोले। उनके द्वारा किए गये विनियमन, निजीकरण और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले नीतिगत कदमों ने भारत के तेजी से विकास की नींव रखी। उनके नेतृत्व में, भारत दुनियां की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया, जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है। भारत के 13 वें प्रधानमंत्री के रूप में डॉ मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। उनका कार्यकाल निरंतर आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान और सामाजिक प्रगति से चिह्नित था। उन्होंने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत को इस संकट से बचाने के लिए रणनीतिक उपाय किए। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहलें हुईं जैसे मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, ऐतिहासिक भारत अमीरिका प्रमाणु ऊर्जा संधि, खाद सुरक्षा, सूचना का अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून, किसानों के हित में नया कृषि भूमि अधिग्रहण कानून, 93 वीं संविधान संशोधन के द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ओबीसी अधिक सशक्त बनाने का काम किया। डॉ सिंह का नेतृत्व और अर्थशास्त्र में उनका योगदान हमेशा जीवित रहेगा, और हम सभी को प्रेरित करेगा ताकि हम अपने महान देश की प्रगति और समृद्धि में योगदान दे सकें। सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, देवेंद्र नारायण झा, सरोज कुमार सिंह, नूर आलम सिद्दीकी, मिथिलेश पोद्दार, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार राय, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, ठाकुर मनोज भारद्वाज, उपेंद्र नाथ तिवारी, नगर अध्यक्ष डोमन राय, भुवनेश्वर राम, युवा कांग्रेस के महासचिव मो मोहिउद्दीन, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, एससी विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह हजारी, राम विलास राय निरनामा, अजय कुमार सिंह, सुशांत वत्स, शशि रंजन शर्मा, परमानंद मिश्र, सुरज राम, देवेंद्र राय, राम लखन राय, कृष्ण कुमार राय आदि

## स्थापना दिवस 2025 का आयोजन दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 एवं 01 जनवरी, 2025 को निर्धारित था




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा):- जिलाधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन द्वारा बताया गया कि जिला स्थापना दिवस 2025 का आयोजन दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 एवं 01 जनवरी, 2025 को निर्धारित था। मुख्य सचिव, , बिहार, पटना ने पत्र जारी करते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह का निधन एम्स,नई दिल्ली में 26 दिसम्बर.2024 को हो जाने के आलोक में इस दुःखद संवेदना के क्षण में उनके के सम्मान में 26 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक (कुल सात दिनों का) राजकीय शोक मनाने का निदेश प्राप्त हुआ है एवं इस अवधि में कोई राजकीय समारोह एवं सरकारी मनोरंजन से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाना है। उक्त पत्र के आलोक में दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 एवं 01 जनवरी, 2025 को होने वाली जिला स्थापना दिवस 2025 का आयोजन स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## मशरक के बहुआरा में होंगा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का निर्माण

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



मशरक के बहुआरा गांव में काली मंदिर परिसर के पास स्वास्थ्य उप केंद्र (हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर) के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसको लेकर सीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के क्षेत्र में बहुआरा काली मंदिर के पास खाता नम्बर -75 खेसरा नंबर 495-96 रकबा - 71 डिसीमिल पर स्वास्थ्य उप केंद्र (हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर) के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। डॉ अनंत नारायण कश्यप ने कहा कि सरकार ग्रामीण स्तरों पर स्वास्थ्य सेवाएं सद्दढ़ कर रहीं हैं जिससे गांव के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो जाएंगी। इस केंद्र पर सीएचओ तैनात किए जाएंगे साथ ही सभी प्रकार की जांच और दवाएं उपलब्ध रहेंगी। आपको बता दें कि बनियापुर के विधायक केदारनाथ सिंह इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर उन्होंने विभाग को पत्र लिखा था। विभाग द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में हर्ष है। विधायक के इस प्रयास की लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

## कुशल युवा योजना की जानकारी देने के लिए होगा प्रचार-प्रसार



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बिहार राज्य सरकार की ओर से चलाई जाने वाली कुशल युवा कार्यक्रम की सफलता के लिए मशरक बीडीओ पंकज कुमार ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में विकास मित्र और कम्प्यूटर शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बीडीओ पंकज कुमार ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा योजना की जानकारी लोगों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से पहुंचाने के लिए अपील की। बीडीओ ने बताया कि सभी विकास मित्र और कम्प्यूटर शिक्षक कुलश युवा कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देंगे क्यूंकि इसमें ग्राफ नीचे हैं। सभी पंचायतवार कम से कम 40 आवेदन जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र छपरा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## महान अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री को अदद समाधि स्थल भी नहीं दे सकी केंद्र सरकार: राजेश राठौड़

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना. शनिवार, 28 दिसंबर, 2024पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में देश के शैक्षणिक, परिवहन, ऊर्जा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई विकासात्मक कार्य हुए जिससे देश की आर्थिक प्रगति ने रफ्तार पकड़ी। वें देश के पहले अल्पसंख्यक वर्ग से आने वाले प्रधानमंत्री रहें लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने उनके निधन पर एक अदद समाधि स्थल भी देना मुनासिब नहीं समझा जो कि ये बताने को काफी है कि किस प्रकार अल्पसंख्यक वर्ग को दोयम दर्जे पर रखने की इस सरकार की कवायद है। ऐसे महान अर्थशास्त्री जिनकी किताबें विश्व के कई विश्वविद्यालयों में पढ़ाया जाता है बावजूद इसके एक समाधि स्थल केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें नहीं मुहैय्या कराया।प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने अपने इस फैसले से साबित किया कि देश के महान सपूतों के प्रति उनके मन में कोई श्रद्धा नहीं है। एक दशक तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवाएं देने वाले डॉ मनमोहन सिंह की नीतियां गरीबों और पिछड़े वर्गों के लिए आज भी सहारा है। कम से कम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ा दिल दिखाते हुए उनके गौरवशाली कौम और देश के पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति निष्ठा और सम्मान दिखाना चाहिए लेकिन वें इस मौके पर भी अपनी तुच्छ राजनीति कर गए। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय को उन्होंने अपने सरकार में कोई सम्मान देना मुनासिब नहीं समझा ये आज अधिकृत समाधि स्थल न देकर उन्होंने साबित कर दिया।

## 5 लीटर देसी चुलाई शराब जप्त कारोबारी फरार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी बेगूसराय ' थाना क्षेत्र अंतर्गत डफरपुर पंचायत से 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद।गुप्त सूचना सत्यापन के दौरान टेकनपुरा गंडक नदी टुनटुन सहनी डेरा के पास स्थित घाट पर नदी से सूरज सहनी पिता गुलो सहनी नाव से पांच लीटर वाला डब्बा लेकर उतरने वाला था। पुलिस को देखते ही देसी चुलाई शराब का गैलन फेककर फरार होने में कामयाब हो गया।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक वाला गैलन से 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामदगी के बाद मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शराब कारोबारी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।इस छापेमारी में एस आई मनोज प्रसाद एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे

# अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री पद्मविभूषण डॉ. मनमोहन सिंह जी की आकस्मिक निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है:प्रो. शीतलांबर झा

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

प्रो. शीतलांबर झा पूर्व कांग्रेस मधुबनी जिलाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि देश के आर्थिक शिल्पकार, विश्व प्रख्यात अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री पद्मविभूषण डॉक्ट मनमोहन सिंह जी की आकस्मिक निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है , देश ने सच्चा देशभक्त सर्वश्रेष्ठ बेटा को खोया है जिसे निकट भविष्य में भरा नहीं जा सकता है वे मृदुभाषी एवं सादगी के प्रतिमूर्ति थे , वे एकीकृत भारत के एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर बेमिसाल शिक्षा ग्रहण कर दुनिया में प्रसिद्द हुए उनके जीवन के एक एक पल देश के तरक्की में लगा रहा जो दुनिया के लिए अनुकरणीय है ।



प्रो झ ने कहा वे अपनी सेवा विश्विद्यालय के शिक्षक से शुरूआत कर बड़े मुकाम तक पहुंचे वे वाणिज्य एवं वित्त विभाग में आर्थिक सलाहकार रहे, योजना आयोग के अध्यक्ष बने ,आरबीआई के गवर्नर बने , पहली बार 1991 में राज्यसभा के सांसद बने और देश के वित्त मंत्री तब बने जब देश आर्थिक रूप से दोराहे पर खड़ा था ,विदेशी बैंक के साथ साथ कोई देश ऋण तक देने को तैयार नहीं था ,देश के पास मात्र दो सप्ताह का आयात निर्यात करने के लिए विदेशी मुद्रा बचा था उस विषम स्थिति में सरदार साहेब ने अपनी बुद्धिमत्ता से देश को आर्थिक संकट से बाहर निकाला ,एक कुशल राजनेता की तरह उन्होंने फिर से दुनिया के अंदर भारत की प्रतिष्ठा को स्थापित किया।

प्रो झा ने कहा जब उन्हें देश के 14 वें प्रधानमंत्री के रूप में कांग्रेस पार्टी द्वारा चयन किया गया तो उनके सामने बहुत बड़ा संकट था वे सभी झंझावातों को पीछे छोड़ते हुए देश को पांच ट्रिलियन डालर इकोनॉमी का आधार शिला रखा , खाड़ी देशों में युद्ध होने से तेल की कीमत दुनिया में आसमान छूने लगी जिससे आम उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की चीजें महंगी होने लगी ,दुनिया के बड़े बड़े देश मंदी के कारण डर गए लेकिन डॉ मनमोहन सिंह जी की दूरद्दष्टी ने इन सभी झंझावतों को पीछे छोड़ते हुए देश के इकोनॉमी दस प्रतिशत पर ला खड़ा किया बल्कि अमरीका जैसे शक्तिशाली राष्ट्र के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा भी उन्हें सलाह लेने के लिए मजबूर हो गए इसलिए उन्हें देश के आर्थिक उदारीकरण के जनक कहा जाता है जो दुनिया के पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था देश को बना दिया ।

प्रो झा ने उनके प्रधानमंत्रित्वकाल की चर्चा करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी एवं श्रीमती इंदिरा गांधी जी की बाद सबसे लंबे समय दस वर्षों तक 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे अपने कार्यकाल में उन्होंने

**प्रो झा ने कहा जब उन्हें देश के 14 वें प्रधानमंत्री के रूप में कांग्रेस पार्टी द्वारा चयन किया गया तो उनके सामने बहुत बड़ा संकट था वे सभी झंझावातों को पीछे छोड़ते हुए देश को पांच ट्रिलियन डालर इकोनॉमी का आधार शिला रखा , खाड़ी देशों में युद्ध होने से तेल की कीमत दुनिया में आसमान छूने लगी जिससे आम उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की चीजें महंगी होने लगी ,दुनिया के बड़े बड़े देश मंदी के कारण डर गए लेकिन डॉ मनमोहन सिंह जी की दूरद्दष्टी ने इन सभी झंझावतों को पीछे छोड़ते हुए देश के इकोनॉमी दस प्रतिशत पर ला खड़ा किया ।**

बेमिसाल काम किए पारदर्शिता के लिए प्रधानमंत्री से लेकर निचले अधिकारी तक से जानकारी लेने के लिए सूचना का अधिकार, देश के गरीब गरबा भूखों न रहे इसके लिए खाद्य सुरक्षा गारंटी कानून भोजन का अधिकार , देश के सभी बच्चे शिक्षा ग्रहण करे इसके लिए शिक्षा का गारंटी कानून , देशभके सभी लोगों को स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए स्वास्थ्य गारंटी कानून, किसानों मजदूरों को प्रोत्साहन के लिए बहत्तर हजार करोड़ रुपए से कृषि ऋण की माफी कर दिए , गांव के गरीबों एवं मजदूरों को रोजगार के लिए मनरेगा लाकर कम से कम एक सौ दिनों तक काम देने का कानून बना, किसानों का जमीन कोई धनवान कंपनी या सरकार मामूली रुपए पर न ले उसके लिए भूमि अधिग्रहण कानून लाकर उन्हें सरकारी दर से चार गुणा रुपया देकर ही अधिग्रहण करने का कानून बनाया गया , सरकारी कामों के लिए आधार कार्ड का शुरूआत हुआ , अमरीका जैसे शक्तिशाली देश से न्यूक्लियर पावर समझौता किया, देश में विदेशी कंपनियों के लिए द्वार खोले गए जिससे आज देश के बड़ी संख्या में शिक्षित युवक एवं युवतियों को बहुत ही बेहतरीन सैलरी पर नौकरी मिली , सरकारी भर्ती के लिए द्वार खोले गए , देश को सामरिक द्दष्ट से मजबूत बनाने के लिए सैनिकों को आधुनिकीकरण किए साथ ही कई लंबी दूरी का तक मार करने बाली अग्नि , आकाश जैसे मिसाइल का निर्माण हुआ , देश में कोई क्षेत्र ऐसा नहीं जिसे मनमोहन सिंह अछूता छोड़े, उद्योग, कृषि , साइंस ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंकों का पंचायत स्तर तक विस्तारीकरण , 27 गरीबों के गरीबी रेखा से बाहर निकाले , देश में सड़कों एवं रेलवे का विस्तारीकरण हुआ कुल मिलाकर देश के चौमुखी विकास के लिए उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ा , मनमोहन जी नियमित रूप से प्रेस कांफ्रेंस करते थे संवाददाताओं के सवाल जवाब का उत्तर देते थे वे अद्वितीय महापुरुष थे वे आज के राजनेता की तरह संकीर्ण नहीं थे पक्ष , विपक्ष के नेताओं का समान रूप से सम्मान करते थे ,उनके लिए देश सबसे महत्वपूर्ण था वे अपने परिवार के लोगों तक को सरकारी गाड़ी ले जाने का अनुमति नहीं देते थे ।

प्रो झा ने महान विभूति को भारत रत्न देने की सरकार से मांग किया है ।

# थतिया में मनाया गया शनिवार सुरक्षा सप्ताह, आपदा से बचने के लिए बताया गया गुर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के रोसड़ा ब्लॉक के तहत थतिया स्थित एक निजी स्कूल संस्थान में आपदा प्रबंधन की ओर से सुरक्षित शनिवार सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उदघाटन जिला रिसोर्स पर्सन मो गुलाम कादिर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अखिलेश प्रसाद, प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर जिला रिसोर्स पर्सन मो गुलाम कादिर ने कहा कि सरकारी विद्यालय के तर्ज पर अब निजी विद्यालयों में भी सुरक्षित शनिवार गतिविधि क्रियान्वयन किए जाएंगे। इसी कड़ी में आज थतिया स्थित एक निजी संस्थान में लोगों को आपदा से संबंधित जागरूक करने हेतु मॉक ड्रिल के माध्यम से गुर बताया गया। उक्त कार्यक्रम में आपदा कर्मियों ने भूकंप आने पर, आग लगने पर, बाढ़ से बचाव, सांप द्वारा काटने पर, पानी में डूबे हुए लोगों को कैसे बचाया जाए विस्तार पूर्वक बताया। इतना ही नहीं आपदा कर्मियों ने गैस सिलेंडर में आग लगा कर किस प्रकार आग पर काबू किया जा सकता है उसके लिए ट्रेनिंग भी दिया ।

# सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, संस्थापक श्री दानेशवर यादव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने दिखाया खेल कौशल



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी ( बेगुसराय ) :सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल में हाल ही में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो स्कूल के डायरेक्टर श्री दानेश्वर यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से फिट रखने और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था ।कबड्डी प्रतियोगिता में स्कूल के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी खेलकूद क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान श्री दानेशवर यादव ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में मदद करते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन में भी योगदान करते हैं ।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और टीमस्पिरिट का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विभिन्न टीमों के बीच आयोजित मैचों में छात्र-छात्राओं ने अपनी ताकत और रणनीति का सही इस्तेमाल किया।इस आयोजन ने स्कूल में खेलकूद के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत किया। संस्थापक दानेशवर यादव के नेतृत्व में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा, ताकि विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सहयोग की भावना बनी रहे।

# नावकोठी प्रखण्ड परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**




नावकोठी बेगूसराय ' प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं विश्व विख्यात अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी।प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पांडे ने कहा विश्व विख्यात अर्थशास्त्री देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से मन स्तब्ध एवं व्यथित है ।उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी।अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने कहा डॉक्टर मनमोहन सिंह के योगदान को यह देश सदैव स्मरण करेगा। डॉ मनमोहन सिंह विद्वान, कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे ।पंचायती राज पदाधिकारी निधि प्रिया पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पर चर्चा करते हुए कहा उनका जीवन सादगी, देश सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ।इस दौरान दो मिनट का मौन रख उनके प्रति आस्था व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी ।इस दौरान सीआई अखिलेश्वर राम, नाजीर आशीष कुमार, विभाकर कुमार, कार्यपालक सहायक सुरेश ठाकुर,कुमार प्रिंस, अमरजीत कुमार,दुर्गेश नंदन कुमार,रणधीर कुमार,कुंदन कुमार, चित्रलेखा कुमारी, चन्द्रमाला कुमारी,सोनू कुमार आदि शामिल थे।

# लगातार दुसरी बार जदयू के जिला युवा उपाध्यक्ष बने आलोक, जदयू परिवार ने दी बधाई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड के डरसुर गांव निवासी आलोक कुमार सिंह को जदयू के जिला युवा उपाध्यक्ष पद पर पुनः दुसरी बार मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं ने बधाई दिया है ।बताया जाता है कि आलोक कुमार सिंह को उनके बेहतर क्रिया क्लाप को देखते हुए दुबारा युवा जदयू उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उन्हें बधाई देने वालों मेंविधायक अशोक कुमार मुन्ना, युवा जिला अध्यक्ष विशाल कुमार, सुबोध सिंह, प्रखंड अध्यक्ष ठाकुर राजीव कुमार सिंह, पूर्व प्रखंड उप प्रमुख सह जिला युवा उपाध्यक्ष शिव शंकर महतो, जिला जदयू सचिव संतोष कुमार साह, अफजाल अहमद उर्फ उजाले, मुखिया प्रतिनिधि इरशाद अहमद, जिला पार्षद सुधा कुमारी, समाजसेवी अमित कुमार राय, प्रभात कुमार पंकज आदि का नाम शामिल है।

# धान अधिप्राप्ति में धांधली के खिलाफ पैक्स अध्यक्षों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी बेगूसराय ' प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पैक्स अध्यक्ष संघ नावकोठी ने दिया धान अधिप्राप्ति में धांधली के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी ।पैक्स अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा बिहार में सहकारी समितियों के विकास में सबसे बड़ा बाधक सरकार के मुलाजिम हैं ।सरकार पैक्स से 48 घंटे में किसानों को धान अधिप्राप्ति में भुगतान करवाती है लेकिन पैक्स को 48 दिन में भी पैसा नहीं मिल पाता है ।वहीं उन्होंने बताया कि 15 नंम्बर से किसानों का धान पैक्स के द्वारा खरीद किया गया जिसका भुगतान हो गया है ।अभी तक पहला लाट का चावल बिहार स्टेट फूड कॉरपोरेशन को मिलर के द्वारा नहीं गिराया गया है ।पैक्स अध्यक्ष महेश महतो, संजय कुमार,संजीव कुमार सिंह सहित प्रखण्ड के अन्य पैक्स अध्यक्षों ने आंदोलन की धमकी दी है।

# सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के घर सांत्वना देने पहुंचे महाराजगंज विधायक

संवाददाता
मोहम्मद आरीफ

सिवान महाराजगंज 28 दिसम्बर शनिवार। महाराजगंज विधायक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय शंकर दुबे महाराजगंज विधानसभा के महाराजगंज प्रखंड के बलाऊँ ग्राम के संजीत कुमार राम पिता स्वर्गीय दुलीचंद राम के इन्दौली भीखाबांध मार्ग में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना की सुचना पर पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे '

भेंट वार्ता में श्री दुबे ने कहा कि मृतक के दरवाजे पर पहुंचने पर मृतक की पत्नी व अबोध बच्चों को देख तथा क्रंदन से हृदय द्रवित हो गया, जाने वाले को तो वापस नहीं लाया जा सकता पर परिजनों को आपदा अनुग्रह अनुदान तथा पारिवारिक लाभ योजना समेत यथा संभव लाभ दिलवाने का कार्य किया जाएगा ' मौके पर महाराजगंज कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष राजा राम सिंह, जितेंद्र सिंह, मुन्ना मिश्रा विनोद राम, दीपक राम समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजुद थे '

# दो वारंटी गिरफ्तार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी बेगूसराय ' थाना क्षेत्र अंतर्गत समकालीन अभियान के तहत विभिन्न कांडों के फरार या वांछित की गिरफ्तारी हेतु लगातार नावकोठी पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ।इसी कड़ी में नावकोठी पुलिस ने महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा निवासी पंकज कुमार पिता बसंत सहनी एवं सातो सहनी पिता राम स्वरूप सहनी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि नालसी वाद संख्या 2016 में फरार होने के कारण कोर्ट के द्वारा वारंट जारी होने के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेगूसराय जेल भेज दिया है ।इस गिरफ्तारी में एस आई कुंदन कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।



# डीएम ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**मो. सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:**समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आइसीडीएस द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी ।समीक्षा के दौरान जिन योजनाओं में प्रगति कम थी,उन सभी में प्रगति लाने के लिये डीपीओ आइसीडीएस एवं सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की प्रखंड वार समीक्षा की गई। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ,आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण,सतत अनुश्रवन ,पोषाहार वितरण, पोषण ट्रैक पर अपलोडिंग इत्यादि में लचर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के सीडीपीओ को कड़ी फटकार लगाई गई। साथ ही डीपीओ आईसीडीएस को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित सीडीपीओ के विरुद्ध रिपोर्ट करें ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु विभाग को लिखा जा सके ।जिलाधिकारी ने डीपीओ को कड़ी हिदायत दी कि विभिन्न सूचकांको में संतोषजनक उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्य करना सुनिश्चित करें,अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे ।उन्होंने डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें अन्यथा हर स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि बेलसंड,परसौनी,डुमरा ग्रामीण और रीगा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है ।इस पर जिलाधिकारी ने चेताया कि अगली बैठक तक संतोषजनक प्रदर्शन परिलक्षित होनी चाहिए ।उक्त योजना में परिहार प्रखंड का प्रदर्शन ठीक था ।प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में कुल लक्ष्य 22728 के विरुद्ध 58.98 प्रतिशत की उपलब्धि बताई गई। बैठक में इसके अतिरिक्त कन्या उत्थान योजना, न्यायालय ,पोषाहार का वितरण,बच्चों की उपस्थिति, एसी /डीसी बिल का निष्पादन,भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि का चिन्हीकरण,नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच,सतत अनुश्रवण इत्यादि बिंदुओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह,डीपीओ आईसीडीएस,कंचन गिरि,सभी सीडीपीओ एवं महिला सुपरवाइजर उपस्थित थी। जिला अंतर्गत बाल विवाह का डेटा के अनुसार वैसे पंचायतों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया. जहां बाल विवाह के मामले अधिक है ताकि उन क्षेत्रों मे साथ ही महादलित टोलों में भी विकास मित्र, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के द्वारा बाल विवाह रोकने संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाय. बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम के अंतर्गत पूरा जिला हेतु एक प्रतिदिन के हिसाब से एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिये निर्देशित किया, साथ ही कहा गया की यह सभी कार्यक्रम ऐसे क्षेत्रों मे कराया जाय जहा जागरूकता का अभाव हो एवं अधिकाधिक लोग को कार्यक्रम मे जोड़ा जा सके. सिमरिया कल्पवास मेला में भी बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं अभियान से संबंधित फ्लैक्स लगाने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक महिला बाल विकास निगम को जल्द-से-जल्द पुलिस लाईन में पालनाघर का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया गया कि जिले में वैसे सभी आगंनबाड़ी केन्द्रों को चिन्हित किया जाय, जहां किसी प्रकार की मूलभूत संरचना की कमी हो ताकि प्राथमिकता के तौर पर समस्याओं को दूर किया जा सके. बैठक में डीपीआरओ कमल सिंह,डीपीओ आईसीडीएस सुगंधा शर्मा समेत संबंधित




# जिला स्तरीय बाल दरबार का किया गया आयोजन

## बच्चो ने आने वाले चुनौतियों और समाधान के लिए डीएम से किया संवाद

**मो.सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, यूनिसेफ, जिला प्रशासन और प्रथम संस्था के संयुक्त तत्वाधान में उड़ान परियोजना के अंतर्गत समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष मे आयोजित जिला स्तरीय बाल दरबार कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी रिची पाण्डेय और किशोरियों ने दीप प्रज्वलन कर कियो किशोरियों ने अपने सरोकारों व अधिकारों और समाज के विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की डीएम रिची पाण्डेय ने बच्चों से घुलमिल गए और सहजता पूर्वक बच्चों को प्रोत्साहित किऐ उन्होंने बताया अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी व्यक्ति को सार्वजनिक सरोकार के मामलों पर बोलने का अधिकार देती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है` हमारे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39(एफ) के मुताबिक, राज्य को बच्चों को स्वस्थ वातावरण में विकसित होने के लिए अवसर देना और उन्हें शोषण और परित्याग से बचाना है उन्होंने किशोर-किशोरियों को जीवन कौशल विकास के संबंध मे भी जानकारी दी समाज के अलग-अलग तबकों से आने वाले बच्चे एवं किशोर-किशोरियों ने समूह मे बैठक कर अपनी समस्याओं, मुद्दों व अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की, समूह मे चर्चा में शिक्षा, सुरक्षा, व्यसन, पोषण, स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, बाल विवाह, बाल श्रम, बाढ़ से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों, सरकार की योजनाओं से उन्हें लाभ मिला और कैसे एक बेहतर दुनिया का निर्माण किया जा सकता है चिंता, भय और अवसाद जैसी समस्याओं को चर्चा में शामिल करते हुए परसौनी की 16 साल की रूपा ने कहा कि हमे और सशक्त बनकर आगे बढ़ना है। परिहार की 14 साल की रूपा ने बताया लड़कियों को दहेज प्रथा व बाल विवाह रोकने के लिए उच्चतर शिक्षा जरूरी है। बाढ़ जैसी आपदा से आने वाली चुनौतियों के बारे मे बेलसंड की 17 वर्षीय नीतू ने अपने विचारों को व्यक्त किया` डीएम रिची पाण्डेय ने बताया कि बाल दरबार से विभिन्न सरकारी विभागों / नीति निर्धारकों को बच्चों एवं किशोर-किशोरियों से सीधे संवाद कर, उनके सरोकारों और सुझावों को बेहतर ढंग से जानने-समझने का मौका मिला।




# 15 सूत्री समिति जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** समाहरणालय सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी अजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम अंतर्गत 15 सूत्री समिति की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को की गई। सर्वप्रथम उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण समस्तीपुर द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय एवं पदाधिकारीगण का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। बैठक में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री जन विकास योजना अंतर्गत अल्पसंख्यक बाहुल्य प्रखंड ताजपुर से प्राप्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्य बिहार विधानसभा अख्तरुल इस्लाम शाहीन द्वारा विद्यालय के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को भी शामिल करने हेतु निर्देश दिया गया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी ताजपुर को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को भी शामिल कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, विधायक उजियारपुर के प्रतिनिधि, निदेशक डीआरडीए आशुतोष आनंद, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शिक्षा विभाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी ताजपुर, प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ताजपुर, अंचलाधिकारी ताजपुर सहित सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

# सीतामढ़ी पुलिस ने की मानवीय पहल ठंड में भटक रही महिला को दिया आश्रय, परिवार से मिलाया

**मो.सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:** सीतामढ़ी पुलिस का मानवीय चेहरा एक बार फिर समाज के सामने आया है। रात में ठंड में 2 नाबालिग बच्चियों के साथ सड़क पर भटक रही एक मानसिक मंदित महिला को पुलिस कर्मियों ने न सिर्फ भोजन कराया बल्कि ठंड से बचाव करते हुए उसे सुरक्षित स्थान पर रात्रि विश्राम कराया। जिसके उपरांत महिला के परिवार के बारे में जानकारी जुटाने के बाद उसे परिजन को सौंप दिया। दरअसल मेजरगंज थाना की पुलिस को रात्रि को सूचना मिली की ठंड में 2 नाबालिग बच्चियों के साथ सड़क पर एक मानसिक मंदित महिला काफी देर से भटक रही है और वह अपना नाम पता सही नही बता रही है दोनों बच्चियां काफी छोटी है और रो रही है जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने पास पहुंचकर उससे बातचीत की तो पता चला कि महिला मानसिक मंदित है। वह अपना नाम पता बताने में असमर्थ थी। पुलिस ने महिला की स्थिति को देखते हुए एवं बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए उसे महिला पुलिस पदाधिकारी के माध्यम से थाना पर ले आए। जिसके उपरांत डीएसपी सह नोडल पदाधिकारी विशेष किशोर पुलिस इकाई मो . नजीब अनवर के निर्देशन में पुलिस एवं एसोसिएशन फॉर वॉलिंटरी एक्शन ( बचपन बचपन आंदोलन ) की संयुक्त टीम काउंसलिंग कर महिला के घर का पता लगाने में जुट गई । साथ ही तत्काल महिला एवं बच्ची को सुरक्षित महिला थाना में रखकर खाना खिला कर रात्रि में ओढ़ने के लिए कंबल दिया गया। काफी प्रयास के बाद पता चला की महिला का सरूराल नेपाल में है और मायका बाजपट्टी प्रखंड में है । नेपाल से दोनों छोटी बच्चियों के संग घर से निकल कर भटक गई थी । महिला के मायके के स्वजनो की तलाश कर महिला थाना एवं एसोसिएशन फॉर वॉलिंटरी एक्शन ( बचपन बचपन आंदोलन ) की टीम ने सुरक्षित महिला एवं बच्ची को घर तक पहुंचाया । महिला के परिजन ने पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए आभार जताया । महिला एवं बच्चियों को स्वजन से मिलवाने में मेजरगंज थानाध्यक्ष ललित कुमार, महिला थाना की अपर थानाध्यक्ष रश्मि कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक रंजू कुमारी , पीटीसी विनय कुमार , डीएसपी मुख्यालय के प्रवाचक वरुण कुमार एवं एसोसिएशन फॉर वॉलिंटरी एक्शन ( बचपन बचपन आंदोलन ) के प्रतिनिधि मुकुंद कुमार चौधरी, शिव शंकर ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



# किया गया 3686.56 लीटर विदेशी शराब विनिष्टीकरण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के बंगरा थाना परिसर में अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष मनीषा कुमारी बंगरा थाना की उपस्थिति में 07 कांडों में जप्त कुल 3686.56 लीटर विदेशी शराब का किया गया विधिवत विनष्टिकरण। बताया जाता है कि अलग मामले में अलग अलग स्थानों से छापामारी के दौरान 3686.56 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया था जिसे आज सीओ और थाना अध्यक्ष के समक्ष जेसीबी मशीन से विनिष्टीकरण किया गया।

# एनआईसी के स्टॉक रजिस्टर का किया गया जांच

**मो.सदरे आलम नौमानी**

सीतामढ़ी:राज्य सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी अनुरोध पाल के द्वारा शनिवार को एनआईसी सीतामढ़ी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा एनआईसी के स्टॉक रजिस्टर का जांच करने के साथ हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का भी जांच किया गया। साथ ही एनआईसी वीसी रूम का भी अवलोकन किया गया ।साफझ्र सफाई को भी देखा गया। निरीक्षण के क्रम में अनुरोध पाल के द्वारा एनआईसी के पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ।निरीक्षण के पूर्व उनके द्वारा डीएम रिची पांडेय से औपचारिक मुलाकात भी की गई एवं एन आई सी कार्यालय को अपग्रेड करने के दिशा में भावी प्लान को लेकर गहन विचार विमर्श हुआ।

# विभिन्न मांगो के समर्थन में पूरे बिहार में होगा आंदोलन और चक्का जाम बिहार सरकार को अल्टीमेटम: आरवाईए

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

- 30 दिसंबर को होगा बिहार का चक्का जाम
- आइसाझआरवाइए का सरकार को अल्टीमेटम
- BPSC–PT रद्द कर पुनर्परीक्षा लिया जाए।
- पेपर लीकझपरीक्षा माफिया तंत्र खत्म करने व लाठीचार्ज के दोषियों को दंडित
- आत्महत्या नहीं सोनू कुमार की हुई है सांस्थानिक हत्या
- 29 दिसंबर को पूरे बिहार में मोमबत्ती जलाकर दी जाएगी श्रद्धांजलि
- चक्का जाम में विपक्षी दलों व छात्रझ्युवा संगठनों से सक्रिय समर्थन की अपील

सिवान 28 दिसम्बर शनिवार 24। छात्रझ्युवा संगठन आइसा (अक्रअ) और आरवाइए ( फअ) का बैठक हुआ जिसमे इढरउ अभ्यर्थियों के चल रहे आन्दोलन के पक्ष में आज सरकार को अल्टीमेटम देते हुए घोषणा किया है कि रविवार तक पीटी परीक्षा रद्द कर नई तारीखों का ऐलान नहीं हुआ तब * 30 दिसंबर को पूरे बिहार का चक्का जाम* होगा. पटनाझदिल्ली की डबल इंजन सरकार के बहरे कानों को सुनाने के लिए सड़क और रेलमार्ग जाम होगा. आइसाझफअ की बिहार इकाइयों ने कहा है कि इढरउ की 70वीं पीटी पटना समेत बिहार के अनेक केंद्रों पर पेपर लीक व घोर आपत्तिजनक अनियमितताओं के साथ सम्पन्न हुई. परीक्षा रद्द करने की लोकप्रिय मांग उठी. अभ्यर्थी ठंड में धरने पर बैठे. पर नीतीशझभाजपा सरकार न सिर्फ जिद्द में बहरी बनी रही बल्कि उल्टे न्याय की मांग कर रहे नौजवानों पर अंग्रेजी शासन की याद दिलाने वाला बर्बर लाठीचार्ज किया.नीतीश-मोदी सरकार बिहार में सुशासन के बड़े बड़े दावे करती है पर एक परीक्षा सुचारु रूप से करा पाने में सफल नहीं है. लोकतांत्रिक मांगे उठाने पर जेल, फर्जी मुकदमे और बर्बर पुलिसिया दमन नियम बनते जा रहा हैं. याद करें कि इसी परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे छात्रझछात्राओं पर भी लाठीचार्ज किया गया था. आइसाझआरवाइए ने कहा है कि बिहार इस वक्त शिक्षा और परीक्षा माफियाओं के गिरफ़्त में है. समय पर डिग्री न मिलना, कॉलेज में शिक्षक न होना, परीक्षा में धांधली, पैसे पर बिकती नौकरी और डिग्री बिहार में आम चलन बनता जा रहा है. पर सरकार इन माफियाओं पर लगाम लगाने की बजाय युवाओं पर लाठियां चला रही है.विदित है कि मुजफ्फरपुर केंद्र पर इढरउझढळ परीक्षा देने वाले पटना जिले के पालीगंज के सोनू कुमार नाम के छात्र ने इस तनाव में अपनी जान ले ली. यह आत्महत्या नहीं सांस्थानिक हत्या है जिसका जवाब मोदीझनीतीश की जोड़ी को देना होगा. 30 दिसंबर के चक्का जाम की पूर्व संध्या 29 दिसंबर को पूरे बिहार में नौजवानों के बीच मोमबत्ती जलाकर सोनू कुमार को श्रद्धांजलि दी जाएगी.

आइसाझआरवाइए की राज्य इकाइयों ने सभी विपक्षी राजनीतिक दलों और छात्रझयुवा संगठनों से अपील की है कि बिहार के भविष्य के लिए लड़ रहे नौजवानों के पक्ष में एकजुट आंदोलन के लिए आगे आएं और 30 दिसंबर के बिहार का चक्का जाम आंदोलन में सक्रिय हिस्सेदारी करें. इस बैठक में इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव जयशंकर पंडित , आइसा के जिला सचिव प्रिंस पासवान, आइसा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र साह, मजदूर यूनियन के राज्य सचिव अमित गोंड, संस्कार यादव जिला अध्यक्ष नेशनल कांग्रेस स्टूडेंट्स यूनियन ने संबोधित किया।

प्रमुख मांगें:

1. इढरउ की 70वीं ढळ रद्द करो! परीक्षा की नई तारीखों की घोषणा जल्द करो!
2.पेपर लीकझपरीक्षा माफिया तंत्र खत्म करो! सख्त कानून बनाओ!
3.पुलिस लाठीचार्ज के दोषियों को दंडित करो!




# नगर पंचायत अध्यक्ष ने केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण महाराजगंज में करने की मांग की

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान के जिला परिषद सभागार परिषद के कक्ष में दिशा के मिटिंग में आज महराजगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष महोदया शरदा देवी द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के लिए भूमि अपलब्ध एवं नर्थपावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी को भी भवन बनाने हेतु जमीन उबलब्थ कराने के लिए ध्यान आकर्षित करने के लिए कागजात प्रस्तुत की। जिसके उपलक्ष में इस महान कार्य के लिए महराजगंज के सभी सम्मानित समस्त जनता के तरफ से अध्यक्ष महोदया को बहुत बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया।

# अश्लील तस्वीर वायरल करने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

# थाने मे अंचल अधिकारी के जनता दरबार मे आधा दर्जन मामले पर हुई सुनवाई

संवाददाता
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मोहम्मद आरीफ

**दरौदा थाना परिसर में शनिवार को जमीनी विवादित मामला निष्पादन के लिए जनता दरबार का आयोजन अंचल अधिकारी पूनम दीक्षीत थानेदार छोटन कुमार द्वारा किया गया। जनता दरबार में प्रखंड के अलग-अलग गांव से अपनी अपनी समस्या लेकर जनता दरबार मे पहुंचे आधा दर्जन फरियादियों की समस्या को अधिकारियों द्वारा सुना गया। और मामले को त्वरित निष्पादित किया गया।**

# बखरी थाना परिसर में लगा साप्ताहिक जनता दरबार तीन मामला निष्पादित



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी (बेगूसराय) ' थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को सुबह ग्यारह बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन सीओ राकेश कुमार व थानाध्यक्ष फैसल अहमद के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सीओ के द्वारा बताया गया की तीन मामला का निस्पादन किया गया। वहीं थानाध्यक्ष फैसल अहमद ने उपस्थित फरियादियों से कहा कि किसी भी मामले को लेकर वाद विवाद न करें। फैसले के विरुद्ध वाद विवाद उत्पन्न करने पर करवाई की जाएगी। उक्त मौके पर राजस्व कर्मचारी सोनू के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# 08 दिन बीते दोहरे हत्याकांड का अबतक हत्यारे की नहीं हुई गिरफ्तारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर निगम मुक्तापुर वार्ड संख्या 09 में बीते शनिवार को एक बाइक पर सवार नकाबपोश तीन अपराधियों ने अपनी गोली से दो को निशाना बनाकर मौत के घाट उतार दिया, गोली खाने वाले मृतकों में गुदरी बाजार के विजय गुप्ता व अंगार घाट के टोटो चालक गणेश सहनी दिव्यांग का नाम शामिल हैं। दोनों मृतकों का परिवार उजड़ गया। गणेश सहनी की पत्नी का रो- रोकर बुरा हाल वही विजय गुप्ता के परिजन काफी शोक में गुजर बसर कर रहे है। लोगों के अनुसार पुलिस सीसीटीवी फुटेज के अनुसार पुलिस कई जगह खधाली। उसमें एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में नकाबपोश हेलमेट लगाये हुए बाइक से गुजर रहे थे उसको देखने के बाद भी बदमाशों की गिरफ्तारी अब तक नहीं होने की बात लोगों के जुबान पर है। पूछे जाने पर रोज पुलिस कहती है कि हमलोग बदमाशों के निकट पहुंच रहे हैं जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# गरीब महिला के पुस्तैनी जमीन को दबंगों ने किया कब्जा, पीड़िता ने लगाई एसपी से न्याय की गुहार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय के कुछ ही दूरी पर अवस्थित दबंगों ने एक गरीब महिला का दुकान व मड़ैया को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा उक्त स्थान पर अपने बल बुते महिला के जमीन को कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता मुनचुन देवी ने कहा कि मेरा पुस्तैनी जमीन है जिसे दबंगों ने स्थानीय थाना एवं 112 की मदद से मेरे पुस्तैनी जमीन को कब्जा कर लिया है। पूछे जाने पर पीड़िता मुनचुन देवी पति कौशल साह साकिन नया टोला गोही निवासी ने बताया कि इस सिलसिले में 15 से 20 दिन पूर्व जिला के पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई हूं परंतु अभी तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़िता ने यह भी बताया कि मैने अपनी समस्या वारिसनगर सीओ को भी बताई हूं मगर कोई सुधी लेने वाला नहीं। उन्होंने बताया कि मुझ जैसे गरीब असहाय को मदद करने वाला कोई नहीं। उल्टे ही मेरे पति को हरिजन एक्ट लगाकर जेल भेजने का काम किया गया है।



# पंकज कुमार सब-इंस्पेक्टर को डीएसपी ने स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी





**मुहम्मद सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढीः** बाजपट्टी थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक पंकज कुमार को अवर निरीक्षक एवं सुबोध कुमार सिंह को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गयी है, बाजपट्टी थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अतलो दत्ता ने पंकज कुमार एवं सुबोध कुमार सिंह को स्टार लगा कर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर निरीक्षक पुपरी अंचल अजीत कुमार श्रीवास्तव, बाजपट्टी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सूरज कुमार, बाजपेयी अंचल अधिकारी, पत्रकार मोहम्मद सदरे आलम नौमानी, फैज अहमद मुखिया, राजेश चौधरी मुखिया. मुखिया प्रतिनिधि सुशील कुमार यादव समेत दर्जनों लोग शामिल थे. इस अवसर पर थाना परिसर में शानदार रात्रि भोज का आयोजन किया गया था जिस की निगरानी थाना अध्यक्ष सूरज कुमार एवं, अवर निरीक्षक पंकज कुमार कर रहे थे

## जालन्धर एवं कृष्ण मोहन बिहार में बने शिक्षक



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा, कुछ इस तरह से कर लो गुजारा, कि ज़िन्दगी बन जाए सितारा... डॉ. सुनील चौरसिया सावन की इन काव्यात्मक पंक्तियों को चरितार्थ किया है उनके अनुज जालंधर कुमार उर्फ.संदीप चौरसिया एवं कृष्ण मोहन चौरसिया ने। जालन्धर का बिहार में पीजीटी भूगोल पद पर चयन हुआ है। अमवा बाजार (अटल नगर) रामकोला, कुशीनगर के निवासी रामकेवल चौरसिया एवं उर्मिला देवी के होनहार पुत्र जालन्धर कुमार ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जालंधर की प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक पाठशाला एवं महात्मा गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नरकूटोला तथा उच्च शिक्षा जनता इंटर कॉलेज रामकोला, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर और दिग्विजय नाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय गोरखपुर से संपन्न हुई है। प्रभुनाथ चौरसिया एवं सुनीता देवी के प्रतिभाशाली पुत्र कृष्ण मोहन चौरसिया का प्राथमिक शिक्षक पद पर बिहार में चयन हुआ है। यह सफलता कठिन परिश्रम, एकाग्रता, लगन एवं स्वाध्याय का सुखद परिणाम है। डॉ. सुनील चौरसिया सावन, स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी) केंद्रीय विद्यालय गांगरानी, कुशीनगर ने सावन साहित्य सेवा सदन में इन सफल सितारों का साक्षात्कार लेकर उनकी सफलता का राज जानने की कोशिश की। नन्दलाल पाल, रामकेवल चौरसिया, उर्मिला देवी, प्रीति चौरसिया, सुप्रीति चौरसिया, शैलेंद्र चौरसिया, ऋतुराज दुबे, विनय भारती, जितेंद्र, राकेश, इमरान, चन्द्र मोहन चौरसिया, चंद्रशेखर चौरसिया, प्रियंका, वन्दना, पिन्टू, शैलेश, अमित ने बधाई दी।

## लखनऊ में फिर दिखा बाघ

**लखनऊ ।** रहमान खेड़ा में बाघ की दहशत 26वें दिन भी कायम है। गुरुवार सुबह शिकार किए गए पड़वे के अवशेष खाने के बाद दोपहर करीब 3 बजे सहिलामऊ गांव के पास बाघ रेलवे ट्रैक पार करते दिखा। बाघ देखकर युवक गांव की तरफ भागा और सबको जानकारी दी। टाइगर के मूवमेंट की सूचना मिलते ही बाघ को देखने के लिए गांव के लोग रेलवे ट्रैक की ओर दौड़ पड़े। तब तक वह जंगल के रास्ते काफी आगे निकल चुका था। इधर वन विभाग की निगरानी व्यवस्था फेल नजर आई। उनके वॉच टावर पर भी कोई वन कर्मी नहीं दिखा। डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय ने बताया कि सहिलामऊ गांव के लोगों से दोपहर करीब 3 बजे टाइगर के रेलवे लाइन पार करने की सूचना मिली थी।

# चोरी की बाइक और हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**मो.सदरे आलम नौमानी**

सीतामढ़ीः चोरी की बाइक और हथियार के साथ तीन अपराधी को नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है चोरी की दो बुलेट एक देसी कट्टा समेत अन्य सामग्री के साथ तीन अपराधि को पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस की जानकारी डी एस पी रामकृष्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है एसे पुलिस की बड़ी कामयाबी मानी जारही हैं



## क्रिकेट के सेमीफाइनल में पहुंचा लखनऊ

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के पावानगर महावीर इण्टर कालेज के राज मालती स्टेडियम में आयोजित 19 वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल बी के पहले मैच में क्रिकेट एसोशिएशन लखनऊ की टीम ने रोमांचक मुकाबले में स्पोर्ट्स मंत्रा हरियाणा के टीम को तीन विकेट से हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लखनऊ के खिलाड़ी सत्यम पाण्डेय को नाबाद तीन विकेट लेने व 82 रनों की पारी खेलने पर मैन आफ द मैच चुना गया। शुक्रवार को दस बजे से शुरू हुए इस प्रतियोगिता में हरियाणा टीम के कप्तान अर्जुन ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहले खेलने उतरी हरियाणा की टीम निर्धारित 30 ओवरों में अन्तिम गेद पर सभी विकेट गंवाकर 237 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें भरत सिंघवानी 44 गेंदों में एक छक्का छः चौके के मदद से 52 रन, अली मलिक 27 गेंदों पर चार छक्के, दिन चौकों के मदद से 45 रन, अर्जुन ने 10 गेंदों पर दो छक्के,



तीन चौकों के मदद से 25 रन तथा सुबोध व साहिल ने 18- 18 रनों का योगदान दिया। लखनऊ के तरफ से गेंदबाजी करते हुए आतिफ सईद, सत्यम पाण्डेय, ने तीन- तीन सफलता, रोहित द्विवेदी ने दो, तथा हसन अख्तर करण सिंह ने एक एक विकट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ का शुरूआत काफी खराब रहा और उसके छः खिलाड़ी 115 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। लेकिन छठवें विकेट की साझेदारी ने टीम को तीन विकेट से जीता दिला दिया। लखनऊ के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सत्यम पाण्डेय ने 66 गेंद पर सात छक्के और तीन चौकों के मदद से नाबाद 82रन, प्रियांशु पाण्डेय ने 27 गेंदों पर तीन छक्के, तीन चौके के मदद 42 रन, अभय दुबे ने 30 गेंदों पर एक छक्का, चार चौकों के मदद से 40 रन, अरविंद कन्नौजिया ने 20 रन, कप्तान करण सिंह ने 15 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिला दिया। हरियाणा के तरफ से गेंदबाजी करते हुए मंजुल द्विवेदी छः ओवर डालते हुए 49 रन देकर तीन विकेट, जतिन ने दो विकेट तथा अर्जुन ने एक विकेट लिया। लखनऊ के ऑलराउंडर खिलाड़ी सत्यम पाण्डेय को तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने व नाबाद 82 रनों की पारी खेलने पर मैन आफ मैच का पांच हजार का नगद पुरस्कार रिटायर्ड विशेष सचिव परिवहन विभाग अरविंद पाण्डेय ने दिया। मैच का अम्पायरिंग यूपीसीए पैनल के अंपायर सतीश पाण्डेय व पवन यादव रहे जबकि थर्ड अंपायर संतोष कुमार सिंह रहे। स्कोरिंग बीसीसीआई पैनल के स्कोरर एसपी सिंह ने किया । मैच का कमेंट्री मुहम्मद आलम तथा गुड्डू पाण्डेय के साथ अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी कमेंटेटर सुमित मिश्रा गुलाब हुसैन रिजवी जीओ सिनेमा ने किया। मैच का लाइव प्रसारण सचिन यादव और उनके टीम द्वारा किया जा रहा है। इसके पूर्व डा. रामानुज पाण्डेय और कवि मनंजय तिवारी निर्मल ने हाथ मिलाकर किया। इस दौरान दौरान संरक्षक तथा शहीद मेजर के बड़े भाई पूर्व आरटीओ अजय त्रिपाठी, शासकीय अधिवक्ता अभय त्रिपाठी, टीएन राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह,सीओ जोश, डा .केपी सिंह, राजन शुक्ला, विनीत कुमार बंटी, आजाद अंसारी, उदयभान सिंह, मंजूर आलम, प्रदीप सिंह, गुड्डू चौहान, सुनील सिंह, गोविन्द यादव, कविंद्र सिंह, खुर्शीद आलम, चन्दन दुबे, सत्यम त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, भास्कर राय, पंकज ओझा, पिंटू सिंह, गुड्डू सिंह, पिंटू राय आदि उपस्थित रहे।

# वीर बाल दिवस पर सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान की सुनाई गौरव गाथा

**संवाददाता**

-----------------

**कसया, कुशीनगर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व विचार परिवार द्वारा वीर बाल दिवस पर ऐतिहासिक समागम विचार संगोष्ठी का आयोजन नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में किया गया। अतिथियों ने सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान की गौरव गाथा सुनाई और राष्ट्र निर्माण के कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु गोंविन्द सिंह के साहबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के चित्र व भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय गीत, सरस्वती वंदना प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारी**





**अध्यक्ष अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली प्रो0 ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने साहबजादों के देश पर बलिदान का मार्मिक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि हम सब अमृत काल मे चल रहे हैं।**

**इतिहास अमृत की नहरें हैं और वीर बालक जिन्होंने इतिहास रचा है उस बलिदान, भावना एक एक शब्दो को याद करने की आवश्यकता है। उनके त्याग बलिदान को कैसे हमारा समाज भूल गया था। अवसर की तलाश थी। 26 दिसम्बर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस घोषित किया। पूरी पृष्ठभूमि क्या है।**

**इतिहास को देखें। पूरी घटना का वर्णन करते गला रुध जाता है। इन वीरों का इतिहास हर जगह रचित है। प्रधानमंत्री ने ऐसे स्थलों को चिन्हित किया और उसके महत्व को रेखांकित किया। यह एक महज कार्यक्रम नहीं है हमारे भीतर सतगुरु बैठा हुआ है कि हिंदुस्तान से कितना प्यार है। इसमें समझने का विषय क्या है। भारत के इतिहास, धर्म, संस्कृति को जानना है तो इन वीरों को पढ़ना होगा।**

**अध्यक्षता करते हुए बीपीजी के प्रबन्धक सचिव वीरेंद्र सिंह अहुलवालिया ने कहा कि गुरु साहब ने हिन्दू धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए अपना शीश मुगलों को दिया और धर्म, सिद्धांत की रक्षा के लिए तलवार उठाये। इसी क्रम में राना परमजीत कौर, सह विभाग संचालक देवरिया डॉ सीएस सिंह, रामाश्रय जी जिला संचालक आदि ने अपने विचार रखे। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि गुरू गोंविन्द सिंह के चार पुत्रो की शहादत को मोदी जी व योगी जी ने विद्यालयों पाठ्यक्रम में शामिल कर युवाओं को राष्ट्र के प्रति प्रेरित किया है। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, संस्कार भारती के गोरक्ष प्रांत महामन्त्री डॉ अनिल कुमार सिन्हा, राजेश कुमार शुक्ला, दिवाकर मणि त्रिपाठी, डॉ कालिंदी त्रिपाठी आदि ने अतिथियों का माल्यर्पण कर व अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। समापन वंदे मातरम के सामूहिक गान से हुआ। अध्यक्षता बीपीजी के प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र व संचालन अमिताभ त्रिपाठी ने किया। इस दौरान जिला चालक प्रवीण, डॉ मुकेश दूबे, डॉ गौरव तिवारी, डॉ शुभलाल, शिव प्रताप नारायण सिंह, प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय, डॉ रवि शंकर राव, सरदार हरजेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य गोंविन्द चतुवेर्दी, प्रधानाध्यापक रामजी सिंह, भाजपा महामन्त्री संतोष दत्त राय, मण्डल महामन्त्री अनिल प्रताप राव, शिक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी, शशि प्रभा सिन्हा, वन्दना मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।**

## संक्षिप्त डायरी

### गोरखपुर अग्निकांड में घायल महिला की मौत



**गोरखपुर ।** आगजनी कांड में झुलसे पांच लोगों में से एक और की मौत हो गई। शुक्रवार को इलाज के दौरान झुलसी महिला मधु (28) ने भी दम तोड़ दिया। इससे पहले नवविवाहिता माला (25), उनके पति अरविंद निषाद (30) और जेठ बृजेश निषाद (32) की भी मौत हो चुकी है। इस दर्दनाक घटना में अब केवल तीन साल की बच्ची रिद्धिमा जिंदगी की जंग से जूझ रही है। घटना चिलुआताल इलाके के दहला गांव में 14 दिसंबर की है। पारिवारिक विवाद में सबसे बड़े भाई बेचन निषाद ने विवाद के बाद घर में आग लगा दिया था। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है। दरअसल, 14 दिसंबर की रात बड़े भाई बेचन निषाद ने पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों के कमरों में ताला लगाकर थिनर (तारपीन का तेल) डालकर आग लगा दी थी। इस हादसे में बृजेश, उनकी पत्नी मधु (28), तीन साल की बेटी रिद्धिमा, छोटे भाई अरविंद (30), और उनकी पत्नी माला गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद बेचन फरार हो गया। रविवार को माला का अंतिम संस्कार कालेसर मुक्तिधाम घाट पर उनके ससुर मुन्नी लाल ने किया। माला के पिता छोटे लाल, मां कमला देवी और भाई-बहन भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। विदाई के समय बहन ने माला को दुल्हन की तरह सजाकर आखिरी बार विदा किया। माला और अरविंद की शादी 4 दिसंबर को हुई थी। 5 दिसंबर को माला ससुराल आई थीं, लेकिन शादी के सिर्फ 10 दिन बाद यह हादसा हो गया। अभी तक अरविंद को पत्नी की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। रविवार को बृजेश की मौत के बाद उनकी पत्नी मधु और बेटी रिद्धिमा का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों का इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। परिजनों और ग्रामीणों की दहशत के कारण कोई रिश्तेदार पुलिस के पास नहीं गया। बाद में माला के भाई संतोष साहनी ने चिलुआताल थाने में आरोपी बेचन निषाद के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन वह अब भी फरार है।

### लखनऊ में बैंक लॉकर काटने वाला आखिरी लुटेरा गिरफ्तार



**लखनऊ ।** इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर काटने वाले सातवें बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस पर भी 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पास से 1 लाख रुपए नकद, ज्वेलरी और बाइक बरामद हुई है। चिनहट थाना प्रभारी भरत पाठक ने बताया, बैंक में चोरी करने वाले मिथुन कुमार बिंद को अपट्रॉन चौराहे के पास नेड़ा मोड़, देवा रोड से पकड़ा गया है। मिथुन मूल रूप से बिहार मुंगेर के पुरुषोत्तमपुर चोरगांव का रहने वाला है। आरोपी के पास से 126.14 ग्राम सोने के जेवर, 893 ग्राम चांदी के जेवर, एक लाख रुपए नकद, बैंक लॉकर के 13 कटे हुए टुकड़े, एक हथौड़ा, लोहे की छीनी, ग्राइंडर मशीन और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। मिथुन ने पूछताछ में बताया कि वह अपने गिरोह के साथ मटियारी स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की दीवार तोड़कर अंदर घुसा था। बैंक लॉकर तोड़कर कीमती जेवरात और नकदी चोरी किए थे। बता दें, कुल 7 बदमाशों ने बैंक में चोरी की वारदात की थी। अब तक इस केस में 2 आरोपियों का एनकाउंटर हो चुका है। मास्टरमाइंड विपिन समेत 5 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। बैंक में लॉकर काटने का सीसीटीवी मंगलवार को सामने आया था। बदमाश हुडी पहनकर अंदर घुसे। बार-बार सीसीटीवी की ओर देख रहे थे। फुटेज में तीन बदमाश बैंक के अंदर दिख रहे हैं। एक बदमाश के हाथ में बैग है, जबकि दूसरे के हाथ में रस्सी और मोबाइल दिख रहा है। तीसरा बदमाश लॉकर काटता दिख रहा है। फुटेज रविवार (22 दिसंबर) तड़के 4.36 बजे का है। लॉकर काटने वाले गैंग में कुल 7 आरोपी शामिल थे। दो बदमाशों का 4 घंटे के भीतर पुलिस ने एनकाउंटर किया था। पहला एनकाउंटर लखनऊ में सोमवार रात साढ़े 12 बजे हुआ। दूसरा लखनऊ से 350 किमी दूर गाजीपुर के गहमर में मंगलवार तड़के साढ़े 4 बजे हुआ। जबकि कैलाश, अरविंद, बलराम, विपिन और मिथुन गिरफ्तार किए गए हैं।

### गोरखपुर में सफाई कर्मियों पर कूड़ा फेंका, पिटाई भी की

**गोरखपुर।** महानगर के कल्याणपुर वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने गए नगर निगम के सफाई कर्मियों पर मोहल्ले के कुछ युवकों ने हमला कर दिया। वे नगर निगम की ओर से लिए जाने वाले 100 रुपए चार्ज का विरोध कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने सफाई कर्मियों पर कूड़ा फेंक दिया ओर उनकी पिटाई भी की। इससे नाराज वार्ड के सभी सफाई कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया है। सभी तिवारीपुर थाना पहुंचे और कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया। आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। सफाई कर्मी बलवंत निषाद, मनोज निषाद, रविशंकर कुमार व शुभम यादव रोज की तरह सफाई के काम में लगे थे। उनका आरोप है कि शुक्रवार की सुबह बिन्द टोला निवासी प्रिंस 8-10 साथियों के साथ आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर कूड़ा उठाकर उनके ऊपर फेंक दिया। इसके बाद उनकी पिटाई करने लगे। सफाई कर्मियों का कहना है कि आरोपित डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 100 रुपए चार्ज लेने का विरोध कर रहे थे। उनसे कहा गया कि यह नगर निगम की व्यवस्था है लेकिन वे नहीं माने। गाली देने से मना करने पर पीटने लगे। साथियों की मदद से वहां से जान बचाकर भागे। सफाई कर्मी आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर तिवारीपुर थाने पहुंच गए। उन्होंने कार्य बहिष्कार कर दिया है। इस घटना की सूचना नगर निगम के अधिकारियों को भी दे दी गई है। सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक कार्रवाई नहीं हो जाती, वे काम पर नहीं लौटेंगे। आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर 25 से अधिक सफाई कर्मचारी थाने पर जमे हैं। इस बात की सूचना अन्य वार्डों में काम कर रहे सफाई कर्मियों तक भी पहुंच रही है। पुलिस ने तहरीर ले ली है। मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!



ललित गर्ग

**डॉ. सिंह अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने सफल राजनीतिक जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। भारतीय राजनीति में सादगी, कर्मठता, ईमानदारी एवं राजनीतिक कौशल से अपनी जगह बनाने वाले एवं निरन्तर चमत्कार घटित करने वाले डॉ. सिंह अपनी प्रभावी एवं शालीन भूमिका से देश की आर्थिक मजबूती की एक बड़ी उम्मीद बने थे।**

भारत के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निमार्ता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा ॥

दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे, उनके लिये वे मार्गदर्शक ही नहीं, प्रेरणास्रोत भी है। वे बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से भारतीय राजनीति एवं लोकतांत्रिक संस्थान चमकते रहे हैं। डॉ. सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलने के लिए उदारीकरण सुधार लागू किए। साथ ही, उन्होंने लाइसेंस राज समाप्त कर, निजीकरण और राज्य नियंत्रण में कमी की। डॉ. सिंह द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहित किया गया।



डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ॰ सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ॰ सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ॰ सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। डॉ. सिंह ने भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरे किए हैं।

पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम भी उनके कार्यकाल में आया। इसके अतिरिक्त उन्हें ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता पर हस्ताक्षर के लिए भी जाना जाता है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। यह बात हम सभी जानते हैं कि उन्हें मौन पीएम भी कहा जाता था, हालांकि उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए सार्वजनिक रूप से इसका सटीक जवाब भी दिया था। विकास के प्रति डॉ. सिंह की प्रतिबद्धता और उनकी अनेक उपलब्धियों को उन अनेक सम्मानों के माध्यम से मान्यता मिली है जो उन्हें प्रदान किए गए हैं। इनमें 1987 में पद्म विभूषण, 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल हैं। जवाहर लाल नेहरू के बाद मनमोहन दूसरे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के तौर पर दो कार्यकाल पूरा किया। उन्हें अपने फैसलों के लिए काफी अडिग माना जाता है।

2004 से 2014 तक, भारत दसवें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई। डॉ. सिंह के दृष्टिकोण में केवल उच्च विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास और उस विश्वास की भी अहमियत थी जो सभी को ऊपर उठाने वाली लहरें उत्पन्न कर सके। यह विश्वास उनके द्वारा पारित किए गए विधेयकों में दिखाई देता है, जिनसे नागरिकों को भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित हुआ। डॉ. सिंह की अधिकार-आधारित क्रांति ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरूआत की, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर प्रदान करने का संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में समृद्धि और विकास की कहानी लिखी गयी। जुलाई 1991 में, डॉ. सिंह ने अपने बजट भाषण के अंत में कहा था, ह्यभारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है ॥ डॉ. सिंह को न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें न केवल उन छलांगों और सीमाओं के लिए याद किया जाएगा, जिनसे उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया, बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया। डॉ. सिंह के राजनीतिक जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आये, जब सार्वजनिक तौर पर उनकी प्रतिष्ठा और उनके पद को कमतर दिखाने की कोशिश की गई। लेकिन फिर भी देश के लिए जीने और मरने की कसम खाने वाले डॉ. सिंह ने देश हित में अपमान के ये घूंट भी चुपचाप पी लिए। डॉ. मनमोहन सिंह को एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर भी कहा गया। 2019 में इसी नाम से फिल्म आई। यह संजय बारू की किताब पर बनी थी। डॉ. सिंह देशहित में नीतियां बनाने एवं राजनीति की नयी दिशाएं तलाशने में माहिर थे, उनका जीवन सफर राजनीतिक आदर्शों की ऊंची मीनार हैं, राजनीति का एक प्रकाश है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है। वे गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, नीडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। बेशक डॉ. सिंह अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने सफल राजनीतिक जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। भारतीय राजनीति में सादगी, कर्मठता, ईमानदारी एवं राजनीतिक कौशल से अपनी जगह बनाने वाले एवं निरन्तर चमत्कार घटित करने वाले डॉ. सिंह अपनी प्रभावी एवं शालीन भूमिका से देश की आर्थिक मजबूती की एक बड़ी उम्मीद बने थे। उनका समूचा जीवन राष्ट्र को समर्पित एक जीवन यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूहों से बाहर निकलने की यात्रा। मन बार-बार उनकी तड़प को प्रणाम करता है। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम करता है!

## संपादकीय

### मितभाषी का अवसान

पूर्व प्रधानमंत्री ड़ॉ. मनमोहन सिंह के निधन के साथ भारतीय लोकतंत्र के उस व्यक्तित्व का अवसान हो गया जो भारत में आर्थिक और राजनीतिक बदलावों के दौर का प्रतिनिधि था। समाजवादी रुझान वाली मिश्रित अर्थव्यवस्था से प्रतिबंध मुक्त अर्थव्यवस्था का जो अंतरण हुआ उसमें मनमोहन सिंह की बड़ी भूमिका रही। नब्बे के दशक में जब देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पटरी पर से उतर गई थी और देश का सोना गिरवी रखने तक की नौबत आ गई थी, तब प्रधानमंत्री नरसिंह राव के वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने आर्थिक सुधारों को गति दी। भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण की शुरूआत करने वाले मनमोहन सिंह को 2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने का अवसर मिला। यह वह दौर था जब पुरी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में थी। ड़ॉ. सिंह ने अपनी आर्थिक नीतियों से वैश्विक मंदी से अर्थव्यवस्था को जिस तरह से बचाया उसके लिए देश उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने आधुनिक अर्थव्यवस्था का जो मजबूत आधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उपलब्ध कराया उसी के कारण आज भारतीय अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार से दौड़.रही है। अगर मनमोहन सिंह चारित्रिक रूप से विनम्र, सदाश्यतापूर्ण और सज्जन नहीं होते और उस दौर के खांटी राजनीतिज्ञों जैसे उनके गुण होते तो हो सकता था कि कांग्रेस का स्वर्णयुग लौट आता। यह भी सच है कि अगर वे गांधी परिवार के प्रभाव से मुक्त होते और अपने निर्णय लेने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र होते तो शायद देश के आर्थिक और राजनीतिक मोर्चे पर और बड़ा योगदान कर सकते थे, लेकिन वह अपनी व्यक्तिगत और परिस्थितिगत बाध्यताओं के चलते जितना भी कुछ कर सके वह बहुत था। ड़ॉ. सिंह सचमुच नेहरू-गांधी परिवार से संबंधित होते और देश की अर्थनीति में महत्त्वपूर्ण बदलाव में इस तरह की भूमिका निभाई होती तो कांग्रेस में उनका कद पं. नेहरू के समकक्ष होता। इन सबको को अलग कर दिया जाए तो भी उन्हें आर्थिक सुधारों को गति देने वाले और अल्पभाषी तथा मितभाषी प्रधानमंत्री के रूप में याद किया जाएगा। राजनीति में मनमोहन सिंह जैसी सज्जनता गुण नहीं दुर्गुण मानी जाती है, लेकिन यह भी तथ्य है कि उनका यह राजनीतिक दुर्गुण भी उनका श्रेष्ठ गुण था। उनके निधन के साथ सरल, सौम्य, कटुताविहीन राजनेताओं की पीढ़ी का अवसान हो गया।

# किसी एक की सल्तनत के अंत का आरंभ

अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव जितेंद्रानंद सरस्वती से ले कर रामभद्राचार्य तक और चक्रपाणि जैसों से ले कर देवकीनंदन ठाकुर जैसों तक को मोहन भागवत की कही बात पर त्रिशूल ताने खड़ा देखने के पीछे की नीयत तो कोई भी समझ सकता है, मगर अविमुक्तेष्वरानंद सरीखे चैतन्य मनीषी को इस प्रसंग में भागवत-विरोधी छतरी के नीचे खड़ा देख कर किसी को हैरत हो रही हो, न हो रही हो, मैं तो अवाक हूं।

मैं दो. साल से कह रहा था कि हिंदू हृदय सम्राट की पदवी के अलंकरण का सिंगारदान अब तलवार की म्यान में तब्दील हो चुका है, प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के उस में एक साथ विराजे रहने के दिन लद गए हैं और 2025 में हमारे प्रधानमंत्री द्वारा लालकिले से देश को संबोधित करते-करते दोनों में से एक के लिए विदा लेने की नौबत आ जाएगी। मगर मेरी इस पेशीनगोई पर मुझे परायों की गाली-गलौज तो सुननी ही पड़ रही थी, अपने भी दूर की कौड़ी कह कर नाक-भौं सिकोड़ रहे थे। मैं मुसलसल कह रहा था कि भागवत-कथा के समापन का फैसला तो नरेंद्र भाई सितंबर-2015 के पहले हफ्ते में ही मन-ही-मन ले चुके थे और उस के बाद से तो वे सिर्फ. ह्यदुआ-सलाम बनी रहेह्न का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन अपने को दक्षिण, वाम और मध्यमार्गी राजनीति का आचार्य मानने वाले मेरे लिखे-कहे को अयथातथ बता कर खारिज करते रहे। मगर अब आज का दृश्य क्या है? भागवत जी और नरेंद्र भाई के रिश्ते क्या अब आप को सास-बहू मंजिल की कगार तक पहुंच गए नहीं लग रहे हैं? रोज-रोज मंदिर-मस्जिद विवाद उठाने वालों को आड़े हाथों लेने के बाद से जिस तरह हिंदू धर्म के कई सर्वमान्य, अर्धमान्य और स्वयंभू संत-महात्मा भागवत जी पर पिल पड़े हैं, क्या वह आप को सायास नहीं लग रहा है? हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजने की प्रवृत्ति पर संघ-प्रमुख ने प्रहार कोई पहली बार तो किया नहीं है। तो फिर उन की ऐसी सलाह की चदरिया को इसी बार इतना दागदार करने की कोशिशें क्यों हो रही हैं? इसलिए हो रही हैं कि अगले बरस के अंतिम चार महीनों में भारत की राजनीति के कर-वट लेने के आसार बढ़ते जा रहे हैं। आठ महीने बाद इस महाभारत के अठारहवें दिन के युद्ध की शुरूआत होगी और तब अलग-अलग प्रहरों की उठापटक में यह तय होगा कि संघ आगे भी भाजपा के पितामह की भूमिका में ही बना रहेगा या उसे अपनी संतान का मोहताज बन कर जिंदगी गुजारनी पड़ेगी?

अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव जितेंद्रानंद सरस्वती से ले कर रामभद्राचार्य तक और चक्रपाणि जैसों से ले कर देवकीनंदन ठाकुर जैसों तक को मोहन भागवत की कही बात पर त्रिशूल ताने खड़ा देखने के पीछे की नीयत तो कोई भी समझ सकता है, मगर अविमुक्तेष्वरानंद सरीखे चैतन्य मनीषी को इस प्रसंग में भागवत-विरोधी छतरी के नीचे खड़ा देख कर किसी को हैरत हो रही हो, न हो रही हो, मैं तो अवाक हूं। स्थूल-बुद्धिधारकों को भी यह अच्छी तरह दीख रहा है कि भागवत के ताजा बयान पर बवाल कौन खड़ा करवा रहा है और क्यों खड़ा करवा रहा है। राजप्रासाद के दालान में चल रहे इस मल्लयुद्ध की परछाइयों के दिग्दर्शन के लिए किसी दिव्यदृष्टि की जरूरत नहीं है। बिना आंखों के भी यह देखा जा सकता है कि भागवत पर हो रही ढेलेबाजी के पत्थर किस छत पर रखे हैं। ऐसे में किसी अविमुक्त का महापातकी रुझान मेरी तो समझ में नहीं आ रहा।

मुझे बस इतना समझ में आ रहा है कि संघ-प्रमुख के पास मदमस्त मतंग की चाल-ढाल नियंत्रित करने का जो अंकुश है, वह किसी भी हिंदू धर्म गुरु या उन के समूह के पास नहीं है। इसलिए कि किसी भी हिंदू मठाधीश के पास वह पैदल सेना नहीं है, जो मतदान-प्रबंधन की जमीनी कूवत रखती हो। मुझे नहीं लगता कि भागवत हिंदू धर्म की ठेकेदारी हासिल करने की ख़्वाहिश रखते होंगे, लेकिन हिंदू-मतों के अचला-संयोजन में वे किसी भी रामभद्राचार्य से कहीं ज्यादा प्रभावशाली हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पथ-संचलन शक्ति के सामने अखिल भारतीय संत समिति की कोई संरचित बिसात ही नहीं है। इसलिए हिंदुओं को संगठित करने की ठेकेदारी कोई भागवत को दे-न-दे, यह इजारेदारी तब तक उन्हीं के पास रहेगी, जब तक वे संघ-प्रमुख हैं। यही वजह है कि भागवत को संघ-प्रमुख की आसंदी से धकेलने की कवायद पिछले चार-पांच बरस से अपने उरूज पर है। 2024 के आम चुनाव के समय जब नरेंद्र भाई के इशारे पर भाजपा-अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने संघ की हैसियत यह कह कर कमतर दिखाने का अपकर्म किया कि अब भाजपा स्वयं-सक्षम है और उसे किसी भी चुनाव में संघ के सहारे की जरूरत नहीं है तो हम ने देखा कि किस तरह भागवत ने ऐसा उलट-पुराण पढ़ा कि नरेंद्र भाई धम्म से स्पष्ट बहुमत के नीचे गिर पड़े। रामलला का भव्य-दिव्य मंदिर जब बिना संघ-सहयोग के अयोध्या तक में भाजपा को जीत नहीं दिला पाया तो नरेंद्र भाई का अघोषित दूत बन कर जगत प्रकाश दौड़े-दौड़े नागपुर के संघ मुख्यालय पहुंचे और अपने कहे-कहाए की माफी मांगी। भागवत तब क्षमावंत नहीं होते तो क्या तकनीकी कलाकारी के बावजूद हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे ऐसे आ पाते? संत समाज के बयानवीर भावनात्मक लहरों का कैसा ही उफान उठा दें, लेकिन अगर उन तरंगों को भाजपा के लिए वोट में बदलने का जिम्मा संभालने से संघ के स्वयंसेवक इनकार कर दें तो क्या होता है झ यह नरेंद्र भाई देख चुके हैं। भागवत जी और नरेंद्र भाई के बीच यह तनातनी अभी इसलिए और बढ़ेगी कि फरवरी में भाजपा को नया अध्यक्ष मिलने वाला है। इस की चौपड़ बिछाते वक्त नरेंद्र भाई यह जानते हैं कि वे संघ की सहमति के बिना अपने किसी अनुगामी को अध्यक्ष बनवा नहीं पाएंगे और भागवत तुले हुए हैं कि वे किसी के निजी अनुचर को तो भाजपा-अध्यक्ष बनने नहीं देंगे। वे मानते हैं कि जो बने, उस की निष्ठा किसी व्यक्ति के प्रति नहीं, संगठन के प्रति होनी चाहिए। भागवत भाजपा को दस बरस के व्यक्तिपरक माहौल से बाहर खींच कर उसे संगठनपरक वातावरण के हवाले करना चाहते हैं। नरेंद्र भाई भाजपा पर संघ के साए को सीमित करने के साथ-साथ, अगर हो सके तो, संघ पर कब्जे की तैयारी में, आज से नहीं, कम-से-कम पांच साल से तो गुपचुप सक्रियता से लगे ही हुए हैं। सो, भागवत और नरेंद्र भाई के बीच शह-मात का यह खेल आगे और तुर्श होता जाएगा।

भागवत के ताजा बयान के बाद पिछले छह दिनों से मीडिया का सरकार-पोषित हिस्सा अपने परदों-पन्नों पर यह बहस बेवजह नहीं परोस रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को औपचारिक तौर पर वक्तव्य जारी कर यह साफ करना चाहिए कि राम जन्मभूमि के बाद अब मथुरा और काशी को ले कर उस का रुख क्या है। मीडिया-बांकुरे अपनी दनदनाती दैहिक भंगिमाओं के साथ इस विमर्श को व्यापक बनाने में लग गए हैं कि संघ बताए कि वह नए मंदिर-मस्जिद विवाद खड़े नहीं करने की भागवत की व्यक्तिगत राय से, बतौर संगठन, सहमत है या असहमत? एक कदम आगे बढ़ कर इस सुगबुगाहट की बुवाई भी की जा रही है कि सभ्यतागत विपथन के प्रसंगों को दुरुस्त करने के लिए केंद्र में अलग से एक मंत्रालय का गठन होना चाहिए। संघ-काडर को पसोपेश में डाल कर दो-फाड़ करने की इस मुहीम के पीछे से आप को किस का चेहरा झांकता नजर आ रहा है? इस कारस्तानी के पीछे की नीयत आप को क्या लगती है? इसीलिए मैं फिर दोहराता हूं कि 2025 का अंत आते-आते भागवत और नरेंद्र भाई में से किसी एक की सल्तनत का अंत होना तय है।

**– पंकज शर्मा**

## चिंतन-मनन

### बद्ध होने का परिणाम

प्रकृति द्वारा बद्ध किए गए जीव कई प्रकार के होते है। कोई सुखी है और कोई अत्यंत कर्मठ है, तो दूसरा असहाय है। इस प्रकार के मनोभाव ही प्रकृति में जीव की बद्धावस्था के कारणस्वरूप हैं। भगवद्गीता के इस अध्याय में इसका वर्णन हुआ है कि वे किस प्रकार भिन्न-भिन्न प्रकार से बद्ध है। सर्वप्रथम सतोगुण पर विचार किया गया है। इस जगत में सतोगुण विकसित करने का लाभ यह होता है कि मनुष्य अन्य बद्धजीवों की तुलना में अधिक चतुर हो जाता है। सतोगुणी पुरुष को भौतिक कष्ट उतना पीड़ित नहीं करते और उसमें भौतिक ज्ञान की प्रगति करने की सूझ होती है। इसका प्रतिनिधि ब्राह्मण है, जो सतोगुणी माना जाता है। सुख का यह भाव इस विचार के कारण है कि सतोगुण में पापकर्मो से प्रायः मुक्त रहा जाता है। वास्तव में वैदिक साहित्य में यह कहा गया है कि सतोगुण का अर्थ ही है अधिक ज्ञान तथा सुख का अधिकाधिक अनुभव। सारी कठिनाई यह है कि जब मनुष्य सतोगुण में स्थित होता है, तो उसे ऐसा अनुभव होता है कि वह ज्ञान में आगे है और अन्यों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। इस प्रकार वह बद्ध हो जाता है। इसके उदाहरण वैज्ञानिक तथा दार्शनिक हैं।

इनमें से प्रत्येक को अपने ज्ञान का गर्व रहता है और चूंकि वे अपने रहन-सहन को सुधार लेते है, अतएव उन्हें भौतिक सुख की अनुभूति होती है। बद्ध जीवन में अधिक सुख का यह भाव उन्हें भौतिक प्रकृति के गुणों से बांध देता है। अतएव वे सतोगुण में रहकर कर्म करने के प्रति आकृष्ट होते हैं। और जब तक इस प्रकार कर्म करते रहने का आकर्षण बना रहता है, तब तक उन्हें किसी न किसी प्रकार का शरीर धारण करना होता है। इस प्रकार उनकी मुक्ति की कोई सम्भावना नहीं रह जाती। वे बारम्बार दार्शनिक, वैज्ञानिक या कवि बनते रहते हैं और बारम्बार जन्म-मृत्यु के उन्हीं दोषों में बंधते रहते हैं। लेकिन माया-मोह के कारण वे सोचते हैं कि इस प्रकार का जीवन आनंदप्रद है।

# मोदी सरकार: मुसलमानों को मिल रहा लाभ



कौसर जहां

उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा में 65 फीसद मुसलमान हैं, जहां भाजपा का विधायक बना। महाराष्ट्र में 38 मुस्लिम प्रभाव वाली सीटों पर बीजेपी की अगुवाई वाली महायुति को सफलता मिली। ये आंकड़े इसलिए जानना जरूरी हैं क्योंकि ये भारतीय राजनीति में तुष्टिकरण के बीते दौर की कहानी बयान करते हैं।

दिल्ली चुनाव जब दरवाजे पर दस्तक दे रहा है तो ये आंकड़े और भी महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। लोग मुझसे सवाल करते हैं कि मुसलमान क्या सचमुच बीजेपी को वोट कर सकता है? मैं पलट कर सवाल करती हूं क्या मुसलमान आम मनुष्य नहीं है? क्या मुसलमान को अच्छी बुनियादी सुविधाएं नहीं चाहिए? क्या मुस्लिम महिलाएं अच्छे और गरिमापूर्ण जीवन की हकदार नहीं हैं? हर कोई मानता है कि हां, मुसलमान की भी जरूरतें औरों की तरह हैं। फिर मैं उनसे कहती हूं कि वह वक्त गया जब डर दिखा कर मुसलमानों का वोट लिया जाता था। कुंदरकी और महाराष्ट्र के नतीजों को शक की निगाह से मत देखिए, बल्कि इस हकीकत को पहचानिए कि मोदी जी की योजनाएं बेहद असरदार रही हैं और उनकी वजह से पूरे देश में अलग तरह का भरोसा पैदा हुआ है। आज मुसलमान अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाना चाहता है। उसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की दरकार है। मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की चिंता है। साथ ही, वे यह भी चाहती हैं कि उन्हें कोई तीन बार तलाक बोल कर घर छोड़ने को मजबूर नहीं कर सके। इन सभी पैमानों पर जब राजनीतिक दलों और सरकारों का आकलन होता है तो साफ हो जाता है कि जितना काम मोदी सरकार और बीजेपी सरकारों ने किया हैङ्क अतीत में या वर्तमान में किसी अन्य दल की सरकार ने नहीं किया। मोदी सरकार ने तीन तलाक खत्म किया और मुस्लिम महिलाओं को गरिमापूर्ण जीवन का हक दिया। ये महिलाएं बीजेपी की साइलेंट वोटर हैं। 'लखपति दीदी योजना' से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की कवायद शुरू की गई इसका फायदा हिन्दू-मुस्लिम हर जाति, पंथ की महिलाओं को मिल रहा है। उज्ज्वला का सिलेंडर धर्म देख कर नहीं दिया गया। हर घर शौचालय या पीएम आवास के तहत सभी लोगों को पक्का घर का लाभ भी शत-प्रतिशत संतुष्टिकरण का मॉडल अपना कर हर वर्ग तक पहुंचाया गया। जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां बहनों को सीधे खाते में पैसे अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से मिले। मुफ्त राशन का लाभ भी हर वर्ग, जाति, मजहब के लोगों को मिला, लेकिन दिल्ली के लोगों को साथ क्या हुआ और क्या हो रहा है? यहां की जनता को छलावा मिला। मुसलमानों का हक छीना गया है। दिल्ली वालों को इस बात का मलाल हो रहा है कि यहां बीजेपी की सरकार इतने सालों से क्यों नहीं है। लोग समझ गए हैं कि और चाहते हैं कि यहां भी बदलाव होना चाहिए। केजरीवाल समझते हैं कि केंद्र की योजनाओं का लाभ दिल्ली के मुसलमानों को मिल गया तो उनकी राजनीति संकट में पड़ जाएगी जबकि अब मुसलमान समझदार हैं, उन्हें अच्छाई और बुराई का फर्क मालूम है। मुझे पक्का यकीन है कि यहां अबकी बार मुसलमान सहित सभी वर्गों के लोग आम आदमी पार्टी को वोट नहीं करने वाले। इसकी कुछ वजह बहुत स्पष्ट हैं। दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं। क्या हिन्दू, क्या मुसलमान, सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं की खस्ताहाली से बेहाल हैं, लेकिन केजरीवाल सरकार का अहंकार इतना रहा कि जो आयुष्मान कार्ड योजना पूरे देश में लागू है, उसे दिल्ली में लागू नहीं होने दिया गया। शिक्षा का बहुत शोर प्रचार-प्रसार के लिहाज से अपनाया गया लेकिन इस मोर्चे पर भी क्या हुआ?



केजरीवाल के कुशासन का सबसे बड़ा भुक्तभोगी दिल्ली का गरीब, वंचित, हिन्दू-मुसलमान, मिडिल क्लास, कमेरा वर्ग सभी हैं। हां! घोटालों में आम आदमी पार्टी वालों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। काम कुछ नहीं किया। शराब घोटाला, डीटीसी बस घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, वक्फ के नाम पर घोटाला हुआ। हवाला में इनके नेता पकड़े गए। केंद्र की भाजपा सरकार हो या कई राज्यों में भाजपा की सरकारें, सबने मोदी जी के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को अक्षरशः अपनाया है। इस भावना के मुताबिक ही जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारा है। इस वजह से मुसलमान इन योजनाओं में सबसे बड़ा लाभार्थी बन कर उभरा है। योजनाओं में सबको साथ लेकर चलने वाली बीजेपी ही दिल्ली को तेज रफ्तार वाला विकास देगी। यह भरोसा अब सबको होने लगा है।

(लेखिका दिल्ली स्टेट हज कमिटी की चेयरपर्सन हैं)

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ 09 पटना झ 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवारे मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# क्या फिर साथ काम करेंगे आमिर खान और रणबीर कपूर? इस तस्वीर से तेज हुई अटकलें



इंटरनेट पर कई तरह की अटकलें अक्सर लगाई जाती हैं। वहीं, जब बात बॉलीवुड की होती है, तो ये और भी तेज हो जाती हैं। हाल ही में एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिसने नेटिजंस के बीच कयासों के बाजार को गर्म कर दिया है। इसे देखने के बाद लोग उम्मीद जता रहे हैं कि आमिर खान और रणबीर कपूर किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आ रहे हैं।

### तस्वीर की वजह से तेज हुई चर्चा

इस तस्वीर में रणबीर कपूर मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानी आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या यह एक सिर्फ सामान्य मुलाकात थी या फिर दोनों के बीच कोई नए प्रोजेक्ट पर बात चल रही है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे लोग सोशल मीडिया पर एक यूजर ने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आज रणबीर कपूर आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ। लगता है आमिर खान और रणबीर कपूर के बीच कुछ तो पक रहा है। इस तस्वीर पर नेटिजंस ने जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, मैं जरूर चाहूंगा कि ये दोनों साथ में आएं। आशा है भविष्य में यह हो। एक अन्य ने लिखा, कुछ तो हो रहा है।

### पहले भी साथ आ चुके हैं नजर

आमिर खान और रणबीर कपूर ने इससे पहले फिल्म 'पीके' में साथ काम किया था। रणबीर कपूर ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के आखिरी सीन में विशिष्ट भूमिका निभाई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा था। अगर दोनों एक साथ फिर से किसी फिल्म में नजर आते हैं, तो यह निश्चित ही दोनों सितारों के फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होगा।



# साउथ में डेब्यू करने के लिए उत्साहित हैं आयरा बंसल

गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं। अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम शिवा- द फाइटर है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी। म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल मेरी बिटिया,अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके और दो पागल में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी फिल्म फ्राई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला। आयरा ने अनुभवी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में चर्चा करते हुए कहा। फिल्मों और संगीत वीडियो के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया है। आयरा बंसल बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं, लेकिन उन्हें अपना सारा काम ऑडिशन देकर और कास्टिंग एजेंसी की मदद से मिला है। वह खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उनकी बहन सोनिया उनसे पहले इंडस्ट्री में इंटर किया और जब भी उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, तो वह उनसे मार्गदर्शन ले सकती हैं।

# रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बनते प्रिंयका-दिलजीत फिर नहीं बनी फिल्म?



प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड में एक अलग मुकाम पाने के बाद हॉलीवुड में एक्टिव हैं, वह बेहतरीन हॉलीवुड सीरीज और फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं। इसी तरह पंजाबी सिंगर दिलजीत जहां, पंजाबी फिल्मों के अलाव बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं, वहीं अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट दिल लुमिनाटी से देश-दुनिया में अपना अलग नाम बना रहे हैं, उन्हें भी इंटरनेशल मीडिया ने एक ग्लोबल स्टार मान लिया है। कुछ साल पहले यही दोनों कलाकार यानी प्रियंका और दिलजीत एक रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बन सकते थे, लेकिन यह फिल्म नहीं बन पाई? इस फिल्म के निर्माता बोनी ने कपूर ने हाल ही में इस पेंडिंग फिल्म से जुड़ी जानकारी दी।

### प्रियंका को पसंद आया किरदार

निर्माता बोनी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि प्रियंका चोपड़ा के हॉलीवुड में सेटल होने से पहले एक फिल्म बनाने की प्लानिंग थी, जिसमें वह दिलजीत दोसांझ को लेना चाहते थे। दिलजीत को फिल्म में प्रियंका का लव इंट्रेस्ट बनना था। बोनी बताते हैं कि फिल्म का अपना किरदार प्रियंका चोपड़ा को बहुत पसंद आया था।



### नहीं बन पाई फिल्म

बोनी कपूर आगे बताते हैं कि किन्हीं कारणों से यह फिल्म नहीं बन पाई। लेकिन वह लंबे समय से दिलजीत के साथ काम करना चाहते थे। वह इस पंजाबी कलाकार की तरक्की से काफी खुश हैं, उनकी एक्टिंग के भी कायल हैं।

### नो एंट्री 2 में दिलजीत करेंगे कॉमेडी

अगले साल बोनी कपूर की प्रोड्यूस फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत दोसांझ अहम रोल निभा रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट हुआ था, जिसमें सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आए थे। अब फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाएंगे। इसके अलावा भी दिलजीत दोसांझ अगले साल कुछ और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आएंगे।



# विज्ञापन के लिए साथ आए सलमान-ऋतिक

सलमान खान और ऋतिक रोशन फिल्म इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े और चमकते सितारे हैं। दोनों दशकों से कई हिट प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी भी स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि दर्शकों को दोनों कलाकारों को पर्दे पर किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिल सकता है और इसको आसान बनाने के पीछे अली अब्बास जफर का हाथ है।

ऋतिक रोशन ने 1995 में अपने पिता राकेश रोशन द्वारा निर्देशित सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म करण अर्जुन में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। कहो ना प्यार है से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले उन्होंने सलमान के साथ ट्रेनिंग भी ली थी, लेकिन किस्मत से उन्होंने कभी भी स्क्रीन पर साथ काम नहीं किया। भले ही दोनों अभिनेता एजेंट टाइगर और एजेंट कबीर के रूप में वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक शाहरुख खान और सलमान खान जैसे क्रॉसओवर सीन नहीं किए हैं। हालांकि, अब यह सब बदल सकता है।

### जल्द ऑन एयर होगा विज्ञापन

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार एक्शन से भरपूर विज्ञापन फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं। बताया गया कि बड़े पर्दे पर साथ काम करने की तमाम कोशिशों के बाद एक कॉरपोरेट दोनों सुपरस्टार्स को एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ लाया है। विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और यह जल्द ही ऑन एयर होगी।

# पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली

**बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं।**

निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। 2020 में रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। 2021 में उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया। इस शो को केपटाउन में फिल्माया गया थ। रियलिटी शो के अलावा उन्हें कई म्यूजिक वीडियो सहयोग में भी देखा गया था। 2022 में वह गेम शो द खतरा खतरा शो में देखी गईं, जिसे भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था। निक्की ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म जोगीरा सारा रा रा में कॉकटेल गाने में एक विशेष भूमिका निभाई। 2024 में वह रियलिटी शो बिग बॉस मराठी सीजन 5 में दिखाई दीं, जहां उनकी मुलाकात अरबाज पटेल से हुई, जिन्हें स्प्लिट्सविला 15 में भी देखा गया था। उनकी प्रेम कहानी तब शुरू हुई जब वे बिग बॉस मराठी 5 में प्रतियोगी थे। दोनों के बीच एक करीबी रिश्ता बन गया।





# तेनाली का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है

पॉपुलर टीवी शो तेनाली रामा एक बार फिर से लौटा है। यह शो नई कहानी और नए किरदारों के साथ प्रसारित हो रहा है। कृष्ण भारद्वाज, तेनाली के रूप में वापसी कर रहे हैं। उनसे शो को लेकर हुई खास बातचीत...

शो में तेनाली के विजय नगर लौटने के साथ एक रोमांचक नए चरण की शुरुआत हुई, क्योंकि राज्य से बाहर कर दिए जाने के बाद वह क्षेत्र एक संभावित खतरे का सामना करता है। विजय नगर की रक्षा करने का काम करने वाले तेनाली अपनी तेज बुद्धि, हास्य और रणनीतिक ज्ञान का उपयोग भूमि की रक्षा के लिए करते हैं, साथ ही चार युवा होनहार बच्चों को मार्गदर्शन भी देते हैं। तेनाली राम का किरदार निभाना मेरे लिए एक जिम्मेदारी जैसा है।

### लाइफ में क्या बदलाव पाते हैं तेनाली प्ले करते हुए?

तेनाली की बुद्धि और करुणा आज भी हमें बहुत कुछ सिखाती है। एक एक्टर के तौर पर उनके किरदार में ढलने से मुझे एक ऐसे किरदार की बारीकियों को समझने का मौका मिलता है जो एक तरफ तो बहुत बड़ा है वहीं दूसरी तरफ बहुत मानवीय भी है। बाकी मुझे लगता है कि ये किरदार प्ले करके मैं अधिक खुश रहता हूं। लाइफ बेटर फील होती है, कई समस्याओं के हल मिल जाते हैं। तो इस तरह से मुझे ये किरदार बदलता है। चूंकि हम हर दिन, पूरे महीने, महीने, पूरे साल उसी किरदार में रहते हैं तो दिमाग में कहीं न कहीं उसका थोड़ा सा अंश लंबे समय तक बना ही रहता है।

### शो के लिए फिर से क्या तैयारियां रहीं। क्या प्रोस्थेटिक भी इस्तेमाल हुआ?

तैयारियों की बात करूं तो चार सालों का जमा हुआ एक्साइटमेंट है। मुझे जो कुछ भी लाइफ में मिला है वह इस शो के जरिए ही मिला है। शो के लिए एक बार फिर से बालों का त्याग करने से तैयारी शुरू हुई है। हम चाहते तो प्रोस्थेटिक से भी बाल्ड लुक तैयार कर सकते थे पर ऐसा नहीं किया। यह लंबे समय तक चलने वाला शो है। हालांकि मैंने एक-दो शॉट दिए हैं प्रोस्थेटिक बाल्ड लुक में पर बहुत पेनफुल प्रोसेस थी।

### क्या आपको नहीं लगता कि आप एक ही इमेज में बंध गए हैं?

इसके पहले सोनी सब पर ध्रुव तारा शो के लिए विग और दाढ़ी लगाकर शूट किया था। उसमें एकदम एंग्री यंग मैन किरदार था। बाकी तेनाली की इमेज में तो मैं बंधा ही हुआ हूं। यह एक ऐसी इमेज है जो लोगों के मन में काफी छाप छोड़ चुकी है। इसलिए इसमें से निकलना थोड़ा मुश्किल है। अब इस शो को एक और नई जनरेशन देखेगी और कुछ अच्छा सीखेगी।

### आगे कैसे किरदार करना चाहेंगे?

मैं जिस तरह के किरदार में अपने करियर में करना चाहता था वो मुझे नहीं मिले। फिलहाल तो मुझे तेनाली से बेहतर कुछ मिल नहीं सकता। मेरी एक क्यूट सी इमेज बनी हुई है लोगों में तो मैं उसे जरूर ब्रेक करना चाहूंगा। हालांकि बतौर एक्टर मुझे खुद को एक्शन करते हुए देखना है। विलन टाइप किरदार करना है। जहां मेरे लिए कुछ चैलेंजिंग हो। मेरा ड्रीम है कि रणबीर कपूर की रॉकस्टार जैसा कोई रोल करियर में प्ले करूं।

# आयुष्मान बनेंगे सूरज बड़जात्या के नए प्रेम

सूरज बड़जात्या मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं, विवाह और प्रेम रतन धन पायो जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इन दिनों वो अपनी अगली फिल्म के लिए कास्टिंग कर रहे हैं। अब उन्हें अपना नया प्रेम मिल गया है। जी हां, उन्होंने अपने अगले निर्देशन के लिए आयुष्मान खुराना को साइन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। ये एक रोमांटिक लव स्टोरी होगी। सूत्र ने कहा, सूरज जी किसी ऐसे कलाकार को कास्ट करना चाहते थे, जिसकी फैमिली दर्शकों के बीच इमेज हो और वो नए जमाने का प्रेम बन सके। आयुष्मान को वो दुनिया पसंद आई, जिसे सूरज अपनी अगली फिल्म में बनाना चाहते हैं। दूसरी ओर सूरज जी को लगता है कि आयुष्मान में प्रेम का किरदार निभाने के लिए मासूमियत और आर्कषण है।



# नितीश के शानदार शतक से भारतीय टीम ने पहली पारी में 358 रन बनाकर शानदार वापसी की

### –सुंदर के साथ हुई शतकीय साझेदारी

**वड़ोदरा (एजेंसी)।** मेलबर्न (ईएमएस)। नितीश कुमार रेड्डी के शानदार शतक नाबाद 105 और वाशिंगटन सुंदर 50 के अर्धशतक की सहायता से भारतीय टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 358 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाये थे। इस प्रकार भारतीय टीम अभी भी पहली पारी के आधार पर मेजबान ऑस्ट्रेलिया से 116 रनों से पीछे है। तीसरे सत्र के बाद खराब रोशनी और बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया। ऐसे में खेल समाप्त होने की घोषणा कर दी गयी। उस समय नितीश 105 और मोहम्मद सिराज 2 रनों पर खेल रहे थे। नीतीश ने 176 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्का लगाकर शतक लगाया। उनकी वाशिंगटन सुंदर के साथ की हुई 127 रनों की साझेदारी के बल पर भारतीय टीम ने मैच में जबरदस्त वापसी की। इस प्रकार भारतीय टीम ने न केवल फॉलोआन बचाया बल्कि ऑस्ट्रेलिया को करारा जवाब भी दिया। तीसरे दिन के खेल का आकर्षण नितीश और सुंदर के बीच हुई शतकीय साझेदारी रही जिसने मेजबान टीम की सभी चालों को विफल कर दिया। वहीं इससे पहले दूसरे दिन के पांच विकेट पर 164 रनों से आगे खेलते हुए ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा अधिक देर नहीं टिक पाये ऋषभ 28 और रविन्द्र जडेजा 17 पर आउट हुए। इसके बाद नितीश ओर सुंदर ने मोर्चा संभालते हुए मेजबान टीम के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की नितीश के आगे मेजबान टीम की एक न चली।

इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाये थे। जिसके जबाब में भारत की आधी टीम 164 पर ही पेवेलियन लौट गयी थी। ऐसे में उसपर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा था पर नीतीश व सुंदर ने अपनी साझेदारी से उसे टाल दिया। इस मैच में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 3 रनों पर ही आउट हो गये। इसके अलावा केएल राहुल भी 24 रन बना पाए थे। यशस्वी जायसवाल ने 86 रनों की पारी खेली और विराट कोहली के साथ 102 रनों की साझेदारी की। विराट के 36 रनों पर आउट होने के बाद भारतीय टीम ने दो विकेट छह रनों के अंतराल पर ही खो दिये जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ी गयीं।

वहीं दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल की 82 रनों की शानदार पारी की सहायता से भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 164 रन बनाये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ऋषभ पंत 6 और रविन्द्र जडेजा 4 रनों पर खेल रहे थे। वही इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। दूसरे दिन के खेल में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी रही। बल्लेबाजी के दौरान जहां स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं इसके बाद उसके गेंदबाजों ने आधी भारतीय टीम को पेवेलिन भेज दिया।

अंतिम सत्र में मेजबान टीम हावी हो गयी। 474 रनों का पीछ करते हुए एक समय भारतीय टीम ने दो विकेट पर 153 रन बनाये थे। इसके बाद छह रनों के अंददर ही भारतीय टीम ने तीन और विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बदकिस्मती से रन आउट हो गये। यशस्वी ने कोहली के साथ 102 रन की साझेदारी की। यशस्वी के रन आउट होते ही भारतीय टीम दबाव में आ गयी। यशस्वी 82 रन बना सके जबकि विराट कोहली ने 36 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे आकाश दीप भी शून्य पर ही आउट हो गये। भारतीय पारी की शुरुआत बेहद खराब रही और कप्तान रोहित शर्मा तीन रन और केएल राहुल 24 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए।



## गावस्कर और शास्त्री ने नितीश को भविष्य का सितारा बताया



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान क्रिकेटर सुनील गावस्कर और पूर्व कोच रवि शास्त्री ने युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भविष्य का सितारा है। नीतीश ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शतकीय पारी से इन दिग्गजों को बेहद प्रभावित किया है। गावस्कर ने कहा कि वह भारतीय क्रिकेट के अगले सिताते हैं। यह पहला टेस्ट शतक है और वह निकट भविष्य में और भी शतक बनाने जा रहा है। मैं भविष्य में उसे रनों को बनाते हुए देखने की उम्मीद कर रहा हूं। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि अगर वह खुद के प्रति सच्चा रहे तो काफी आगे जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, उन्हें यहां तक पहुंचेन के अपने पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के बलिदान को याद रखना होगा। नितीश यहां भारतीय क्रिकेट के कारण हैं और उन्हें यह पक्का करना होगा कि वह भारतीय क्रिकेट को हल्के में न लें। अगर वह खुद के प्रति सच्चा रहता है, तो एक सफल करियर उसकी राह देख रहा है।

इस युवा ने अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये हैं। पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की है, यह आखिरी बार है जब वह 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा। टीम का संतुलन बनाने के लिए, आपको उसे पांचवें या छठे क्रम पर उतारना चाहिये। उन्होंने कहा कि वह शीर्ष 6 में बल्लेबाजी करने में पूरी तरह सक्षम हैं क्योंकि वह खेल का पूरा संतुलन बदल देता है।

## साल 2024 : पृथ्वी रहे सबके निशाने पर



**मुम्बई (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपने खराब फार्म और फिटनेस के कारण आलोचना का केन्द्र बने हैं। पृथ्वी को कई दिग्गजों ने फार्म हासिल करने अनुशासन में रहने के साथ ही फिटनेस पर ध्यान देने को कहा है। वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्हें अपने प्रदर्शन पर शर्म आनी चाहिये। कैफ के अनुसार लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ही पृथ्वी को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। एक भी फ्रैंचाइज ने उनपर बोली नहीं लगायी। पृथ्वी ने नीलामी के लिए अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपए लगाया था। कैफ का मानना है कि पृथ्वी को अपनी फिटनेस पर काम करते हुए घरेलू क्रिकेट में अधिक से अधिक रन बनाने चाहिये। उन्होंने कहा, फ्रैंचाइजी आगे बढ़ गई हैं और यह उनके लिए बहुत बड़ी शर्म की बात है कि उन्हें 75 लाख रुपए की बोली भी नहीं मिली। उन्हें घरेलू क्रिकेट में वापस लौटना चाहिए और रन बनाने चाहिए। कैफ ने कहा कि इस युवा बल्लेबाज को इस बात पर शर्मिंदा होना चाहिए कि बोली प्रक्रिया में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। कैफ ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने की उम्मीद के साथ उनका समर्थन किया था। उनमें एक ओवर में 6 चौके लगाने की क्षमता है। पिछले सत्र की बात करें तो हमें लगा था कि अगर वह रन बनाएंगे, तो दिल्ली कैपिटल्स जीत जाएगी। उन्हें अपनी योग्यता साबित करने के लिए बहुत मौके दिए गए। उन्होंने कहा, टीम बैठकों के दौरान, इस बात पर विचार किया कि पृथ्वी को उनकी असफलताओं के कारण अंतिम 11 में रखा जाना चाहिए या नहीं। हमने तय किया कि उन्हें बेंच पर बैठाया जाएगा पर अगले दिन हमने यह सोचकर अपना फैसला बदल दिया कि वह बड़ा प्रदर्शन करेंगे और हमें मैच जिताएंगे पर ऐसा नहीं हुआ।

# बेवकूफाना शॉट, क्या जरूरत थी ! ऋषभ पंत को आऊट होता देख गुस्साए गावस्कर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 'बेवकूफाना शॉट' खेलने के लिए ऋषभ पंत को आड़े हाथों लिया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में भारतीय टीम को उस समय साझेदारी की सख्त जरूरत थी लेकिन पंत ने स्कॉट बोलैंड को फाइन लेग पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में डीप थर्डमैन में नाथन लियोन को कैच थमा दिया। गावस्कर ने कमेंट्री के दौरान कहा कि बेवकूफाना, निहायत ही बेवकूफाना। वहां दो फील्डर खड़े हैं लेकिन उसके बावजूद यह शॉट खेला। पिछले शॉट पर चूकने के बावजूद और डीप थर्ड मैन पर कैच दे दिया। यह तो अपना विकेट गंवाना है।



गावस्कर ने कहा कि और वह भी तब जब टीम इन हालात में है। हालात को भी समझना चाहिए था। आप यह नहीं कह सकते कि यह आपका स्वाभाविक खेल है। यह आपका स्वाभाविक खेल नहीं है। यह बेवकूफाना शॉट था। आपने टीम को निराश किया है। उन्होंने कहा कि उसे ड्रेसिंग रूम में नहीं जाना चाहिए। उसे दूसरे ड्रेसिंग रूम में जाना चाहिए। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसे जोखिमभरा शॉट बताया। गावस्कर ने 176 गेंद में नाबाद 105 रन बनाने वाले 21 वर्ष के रेड्डी की पारी की तारीफ करते हुए कहा कि नीतिश कुमार रेड्डी का यह शतक भारतीय क्रिकेट के इतिहास में महानतम शतकों में से एक है।

मैच की बात करें तो नीतिश कुमार रेड्डी के नाबाद शतक की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त किए जाने पर 9 विकेट खोकर 358 रन बना लिए। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 474 रन से 116 रन पीछे है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर रेड्डी 105 और मोहम्मद सिराज दो रन बनाकर खेल रहे थे। आस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन विकेट लिए। नीतिश ने शतक लगाकर मेलबर्न में विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अब उम्मीद हैं कि वह चौथे दिन टीम इंडिया का स्कोर तेजी से बढ़ाने की कोशिश करेंगे ताकि ऑस्ट्रेलिया के पास कम से कम लीड हो।

## विजय हजारे ट्रॉफी : पंजाब ने मुम्बई को हराया

मुंबई । पंजाब ने अर्शदीप सिंह की अच्छी गेंदबाजी के बाद प्रभसिमरन सिंह और कप्तान अभिषेक शर्मा की शानदार बल्ल्लेबाजी की सहायता से विजय हजारे ट्रॉफी में मुम्बई को दस विकेट से हरा दिया। इस मैच में पंजाब ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मुम्बई की टीम पंजाब के बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप के सामने टिक नहीं पायी और 48.5 ओवर में 148 रन पर ही सिमट गयी। अर्शदीप ने 38 रन देकर पांच विकेट लिए। इसके बाद पंजाब ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को 29 ओवरों में ही 2 विकेट पर 149 रन बनाए हासिल कर लिया। पंजाब की ओर से लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन सिंह ने 101 गेंदों पर नाबाद 150 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान अभिषेक शर्मा ने भी 54 गेंदों पर 66 रन बनाए। इन दोनों के बीच पहली विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी हुई और पंजाब को 10 विकेट से जीत मिली।



## ऑस्ट्रेलिया में आठवें नंबर पर उतरकर शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने नितीश

मेलबर्न । भारतीय टीम के बल्लेबाज नीतीश रेड्डी ने यहां एमएसजी में शतक लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। नीतीश मेलबर्न में टीम इंडिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में आठवें क्रम पर बल्लेबाज करते हुए शतक लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले ये उपलब्धि दिग्गज स्पिनर आर अश्विन, पूर्व कप्ताहन महेन्द्र सिहं धोनी, पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह और महान ऑलराउंडर कपिल देव ने हासिल की थी। अश्विन ने आठ या आठवें क्रम से निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए चार और धोनी, हरभजन एवं कपिल ने क्रमश दो-दो शतक लगाए थे। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी आठवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह खास उपलब्धि अनिल कुंबले के नाम दर्ज थी। जिन्होंने 2008 में एडिलेड में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 87 रन बनाए थे। वहीं रविन्द जडेजा ने 2019 में सिडनी में 81 रन बनाये थे। नीतीश ने 172 गेंदों में 59.88 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला शतक पूरा किया। उन्होंने नाबाद 105 रन बनाये हैं। इस प्रकार व ऑस्ट्रेलिया में भारत की तरफ से नंबर आठ या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। यही नहीं नीतीश भारत की तरफ से नंबर आठ या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।



# न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में श्रीलंका को 8 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई (एजेंसी)।** डेरिल मिचेल के 62 और माइकल ब्रेसवेल 59 के अर्धशतकों की सहायाता से मेजबान न्यूजीलैंड की टीम ने श्रीलंका को पहला टी20 मुकाबला जीतने के साथ ही सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड की टीम ने इस मैच में पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 172 रन बनाए थे। इसके बाद खेलते हुए श्रीलंकाई टीम 8 विकेट पर 164 रन ही बना पायी और उसे 8 रनों से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंकाई टीम इस मैच में एक समय जीत की ओर बढ़ रही थी और उसेन 121 रन पर केवल एक विकेट खोया था लेकिन इसके बाद मेजबान टीम के गेंदबाज जैकब डफी ने एक ही ओवर में तीन विकेट लेकर श्रीलंका की बल्लेबाजी ढ़हा दी। श्रीलंकाई टीम ने दबाव के कारण अंतिम 40 गेंदों में ही 8 विकेट खो दिए।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही टिम रॉबिन्सन 11 और रचिन रवींद्र 8 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद मार्क चैपमैन 15 तो ग्लेन फिलिप्स 8 रन बनाकर आउट हुए। आधी टीम 65 रन पर ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद डेरिल मिचेल ने माइकल ब्रेसवेल के साथ 100 रनों से ज्यादा की साझेदारी कर टीम का स्कोर 172 तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम अच्छी शुरुआत के बाद भी जीत नहीं पायी। श्रीलंका की ओर से पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस ने अपनी टीम को अच्छी शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए 121 रन जोड़े। निसांका ने 90 जबकि मेंडिस ने 46 रन बनाए। इसके बाद श्रीलंका ने लगातार विकेट खोये जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा।



# इस कारण पीएसएल में नहीं खेल सकेंगे इंग्लैंड के खिलाड़ी : ईसीबी

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाड़ी अब पाकिस्तान सुपर लीग में नहीं खेल पाएंगे। इसका कारण है कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपनी खिलाड़ियों के इस लीग में आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ईसीबी के अनुसार पीएसएल के समय ही देश में घरेलू सत्र भी चलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की उपलब्धता में आ रही परेशानी को दूसरे करने के लिए ईसीबी ने अपने खिलाड़ियों के उस समय कहीं और खेलने पर रोक लगा दी है। आईपीएल पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होता है। इंग्लैंड ने हाल ही में आईपीएल के अगले तीन सीज के लिए अपने खिलाड़ियों की पूरी उपलब्धता की पुष्टी की है। खिलाड़ियों को आईपीएल के अलावा पीएसएल और दुनिया की अन्य फ्रेंचाइजी लीगों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि ये गर्मियों में घरेलू सत्र के साथ टकराती हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि, ईसीबी खिलाड़ियों को वाइटैलिटी ब्लास्ट और हंड्रेड के साथ टकराने वाले किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देगी। नई नीति के तहत जो खिलाड़ी अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेलते हैं उन्हें भी इंग्लिश घरेलू व्हाइट-बॉल खेलों को मिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीबी के मुख्य अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि हमें अपने खेल और अपनी प्रतियोगिताओं की मजबूती को बनाये रखने की आवश्यकता है।

## हॉकी इंडिया लीग में मेंटोर के तौर पर नजर आयेंगी रानी

रोहतक । भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल आजकल जूनियर महिला टीम की कोच के तौर पर काम कर रही हैं। इसी को लेकर रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनकी परेशानियों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।'' वह आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में भी काम करेगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने साल 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरहके दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने का प्रयास करुंगी। युवा खिलाड़ियों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रदर्शन करने का बहुत दबाव होता है। में इसमें उनकी मदद करना चाहूंगी।




## लवलीना विश्व मुक्केबाजी के एथलीट आयोग में शामिल

नई दिल्ली । ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को विश्व मुक्केबाजी संघ की नई एशियाई संस्था के एथलीट आयोग में शामिल किया गया है। । नई एशियाई संस्था में भारत से लवलीना के अलावा अध्यक्ष अजय सिंह सहित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह सहित छह अधिकारियों को शामिल किया गया है। विश्व मुक्केबाजी संघ का मानना है कि एशियाई मुक्केबाजी के भविष्य को बेहतर बनाने में बीएफआई से जुड़े अधिकारी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसी को देखते हुए इन्हें सात अहम समितियों में शामिल किया गया है। सिंह को बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। लवलीना की जिम्मेदारी इसमें एशियाई और वैश्विक मुक्केबाजी में खिलाड़ियों से जुड़े मामलों को उठाना और उनकी बेहतरी के प्रयास करना रहेगा। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को ओलंपिक आयोग और वित्त एवं लेखा जांच समिति में अहम भूमिका मिली है। एशियाई मुक्केबाजी का निर्माण विश्व मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसका काम ये पक्का करना होगा कि मुक्केबाजी 2028 और उसके बाद भी ओलंपिक खेलों में शामिल रहे।'' एथलीट आयोग में शामिल लवलीन ने पूरे एशिया में एथलीटों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे, अवसरों और सहायता प्रणालियों को बढ़ाये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, ''एशियाई मुक्केबाजी में एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है कि खिलाड़ियों की आवाज सुनी जाए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए।'' उन्होंने कहा, ''मेरा ध्यान पूरे एशिया में बेहतर प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे, निष्पक्ष अवसरों और मजबूत समर्थन प्रणालियों को आगे बढ़ोन पर होगा जो मुक्केबाजों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सशक्त बनाते हैं।''




# सुमित नागल ने फिर राष्ट्रीय टीम में खेलने से किया इनकार, मुकुंद डेविस कप टीम में लौटे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुमित नागल ने एक बार फिर डेविस कप में देश के लिए खेलने से इनकार कर दिया है और अपनी वापसी के लिए 'अनुचित शर्तें' रखी हैं जबकि शशिकुमार मुकुंद की शुक्रवार को टोगो के खिलाफ मुकाबले के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई क्योंकि एआईटीए कार्यकारी समिति ने उनका निलंबन रद्द कर दिया था।

एटीपी टूर पर संघर्ष कर रहे नागल ने सितंबर में पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ मुकाबले से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जनवरी-फरवरी में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए इस्लामाबाद जाने से भी इनकार कर दिया था और कहा था कि घास के मैदान उनकी खेल शैली के अनुकूल नहीं हैं। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) चयन पैनल ने पांच सदस्यीय टीम चुनी है जिसमें मुकुंद 368वें नंबर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी होंगे।

मुकुंद निलंबित थे और स्वीडन के खिलाफ मुकाबले का हिस्सा नहीं थे। लेकिन गैर-खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी से बात की जिन्होंने फिर 1-2 फरवरी को नयी दिल्ली में होने वाले विश्व ग्रुप क प्ले-ऑफ मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध बताया। एक सूत्र ने कहा, ''कप्तान राजपाल ने मुकुंद से बात की जिसके बाद कार्यकारी समिति ने उनका निलंबन रद्द कर दिया इसलिए उन्हें चुना गया। वह अच्छे खिलाड़ी हैं और उन्हें फिर से भारत की जर्सी पहनने का मौका दिया जाना चाहिए।''

राजपाल 2025 सत्र में डेविस कप टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। पता चला है कि उन्होंने नागल को राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने पर लौटने के लिए मनाने की कोशिश की। लेकिन जब खिलाड़ियों से उनकी उपलब्धता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उस मेल का जवाब नहीं दिया। स्वीडन के मुकाबले में भी चूकने वाले युकी भांबरी ने खुद को प्रतियोगिता के लिए अनुपलब्ध बताया है।

राजपाल ने पीटीआई से कहा, ''मैं सुमित से बेहद निराश हूं जिन्होंने खुद को इस मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं कराया। हमने पिछली बार भी उनकी सभी मांगों पर सहमति जताई थी फिर भी उन्होंने राष्ट्रीय टीम में खेलने से इनकार कर दिया जो अस्वीकार्य है।'' एआईटीए के एक सूत्र ने कहा, ''नागल ने कुछ अनुचित मांगें रखी हैं, जिन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता।''

रामकुमार रामनाथन (रैंकिंग 393) और करण सिंह (473) टीम में दो अन्य एकल खिलाड़ी हैं। भांबरी (48वीं रैंकिंग) की अनुपस्थिति में एन श्रीराम बालाजी (65) युगल टीम का नेतृत्व करेंगे और उनके ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली (72) के साथ जोड़ी बनाने की संभावना है जिन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। चार खिलाड़ियों आर्यन शाह (592), मानस धामने, दक्षिणेश्वर सुरेश और युवान नंदल को ट्रेनिंग शिविर में बुलाया जाएगा तथा इनमें से दो रिजर्व खिलाड़ी चुने जाएंगे।

एआईटीए के एक सूत्र ने कहा, ''नागल के आग्रह पर ही इस मुकाबले के लिए धीमा हार्डकोर्ट चुना गया लेकिन अब उन्होंने कहा है कि वे नहीं खेलेंगे। अगर उन्होंने अपना रुख स्पष्ट कर दिया होता तो कप्तान राजपाल इस मुकाबले के लिए ग्रासकोर्ट चुनते।



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय पेशेवरों को ट्रूडो सरकार ने दिया एक और झटका, इमीग्रेशन एंट्री को लेकर नियमों में किया बदलाव



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा जाकर नौकरी करने की चाह रखने वाले भारतीय पेशेवरों को कनाडा की ट्रूडो सरकार ने बड़ा झटका दिया है। दरअसल कनाडा की सरकार ने अपने एक्सप्रेस इमीग्रेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव किया है। इसमें उम्मीदवारों की योग्यता निर्धारित करने वाले कॉम्प्रिहेंसिव रैंकिंग सिस्टम के नियमों को बदला गया है। नए नियमों के तहत अब उम्मीदवारों को नौकरी का ऑफर मिलने के लिए कोई अतिरिक्त अंक नहीं दिए जाएंगे। नए नियम साल 2025 में लागू हो जाएंगे। कॉम्प्रिहेंसिव रैंकिंग सिस्टम में बदलाव का असर उन लोगों पर पड़ेगा, जो एक्सप्रेस एंट्री सिस्टम के तहत कनाडा में स्थायी तौर पर बसने का इरादा रखते हैं। ये नियम उन लोगों पर भी लागू होंगे, जो पहले से ही कनाडा में अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं। कनाडा की सरकार ने कहा है कि जब नए नियम लागू हो जाएंगे तो वे नौकरी की पेशकश पाने वाले उम्मीदवारों के साथ ही, जो नए उम्मीदवार पूल में आ रहे हैं, उन पर भी लागू होंगे। हालांकि नए नियम उन उम्मीदवारों को प्रभावित नहीं करेंगे जो पहले से ही स्थायी निवास (पीआर) के लिए आवेदन कर चुके हैं। यह उन उम्मीदवारों पर भी लागू नहीं होगा जिन्होंने पहले से ही इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) को पीआर के लिए आवेदन जमा कर दिया है, जिस पर वर्तमान में कार्रवाई की जा रही है। कनाडा सरकार का कहना है कि ये बदलाव अस्थायी हैं और इसका उद्देश्य फर्जी तरीके से कनाडा आने वाले लोगों को रोकना और धोखाधड़ी वाली आव्रजन प्रथाओं पर अंकुश लगाना है। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा कि हम धोखाधड़ी वाले आव्रजन पर रोक लगाकर स्किल कार्यबल को कनाडा आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, ताकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था बेहतर हो। उन्होंने कहा कि आव्रजन हमेशा से ही कनाडा की सफलता का अहम हिस्सा रहा है और हम आगे भी टैलेंटेड पेशेवरों को कनाडा लाना पसंद करेंगे ताकि हर किसी को अच्छी नौकरी, घर और वो मदद मिल सके, जिसे वो चाहते हैं।

### यूएन महासचिव बोले-अडिग प्रतिबद्धता के लिए याद रखे जाएंगे अमिताभ झा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूनाइटेड नेशन्स डिसइंगेजमेंट ऑब्सर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) में ब्रिगेडियर जनरल रहे अमिताभ झा के निधन पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। गुटेरस ने कहा, यूएन शांतिरक्षण में झा के नेतृत्व और अडिग प्रतिबद्धता के लिए उन्हें याद रखा जाएगा। ब्रिगेडियर झा ने अप्रैल 2023 से यूएनडीओएफ के उप बल कमांडर के रूप में सेवाएं दीं और हाल में सीरिया में असद सरकार गिरने के बाद जटिल हालात में भी जिम्मेदारी निभाई। झा की गत दिनों स्वास्थ्य कारणों से मृत्यु हो गई। गुटेरस ने कहा, उन्हें शांति स्थापना के लिए याद रखा जाएगा। इसमें 2005 से 2006 तक कांगो में संयुक्त राष्ट्र संगठन मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में उनकी भूमिका भी शामिल है। इससे पहले भारतीय सेना ने 'एक्स' पर झा को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व सेना के समस्त अधिकारी ब्रिगेडियर अमिताभ झा के असमय निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। 'भारतीय सेना दुख की इस घड़ी में शोक-संतप्त परिवार के साथ खड़ी है।'

### मोजाम्बिक जेल में हुए दंगे में 33 लोगों की मौत

**पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी।** मोजाम्बिक की राजधानी मापुटो की जेल में हुए दंगे में 33 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। पुलिस जनरल कमांडर बर्नार्डिनो राफेल ने यह जानकारी दी। दरअसल मोजाम्बिक की शीर्ष अदालत द्वारा सोमवार को चुनाव में लंबे समय से सत्तारूढ़ पार्टी फ्रेलिमो की जीत की पुष्टि करने के बाद हंगामा हो गया है। इस फैसले के खिलाफ विपक्षी समूहों और उनके समर्थकों द्वारा राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि चुनाव में धांधली हुई। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि जेल के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के चलते जेल में दंगा हुआ। हालांकि मोजाम्बिक की न्याय मंत्री ने इस बात से इनकार कर दिया। जेल में हुए दंगे में 33 लोगों की मौत हुई है और 15 लोग घायल हुए हैं। मारे गए लोगों की पहचान अभी स्पष्ट नहीं है। दंगे के चलते जेल से 1534 कैदी भाग गए थे, जिनमें से 150 लोगों को फिर से पकड़ लिया गया। मोजाम्बिक की दो अन्य जेलों में भी हंगामा हुआ। मोजाम्बिक में जारी विरोध प्रदर्शनों में अब तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है।

### हैती के अस्पताल में बंदूकधारियों के हमले में तीन की मौत

**पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती में हथियारबंदों के देश के सबसे बड़े अस्पताल पर गोलाबारी कर 3 को मार डाला। मृतकों में दो पत्रकार व एक पुलिस अफसर शामिल हैं। कई अन्य घायल हैं। यह हमला उस वक्त किया गया जब इस सबसे बड़े सार्वजनिक अस्पताल को फिर से खोलने के एलान किया जा रहा था। इस दौरान हथियारबंदों ने पत्रकारों, पुलिस और चिकित्सा कर्मियों पर गोलियां चला दीं। शहर के अधिकांश हिस्से पर कब्जा रखने वाले विव अंसनम गिरोह गठबंधन ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान आर्मी को ट्रेनिंग के लिए बुलाया: यह फरवरी में होगी, 53 साल बाद ढाका पहुंचेंगे पाक फौजी



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने अपने सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान आर्मी की टीम को बुलाया है। 1971 के भारत-पाक युद्ध में करारी हार के 53 साल बाद एक बार फिर पाकिस्तानी आर्मी बांग्लादेश की जमीन पर कदम रखेगी। पाक आर्मी के एक मेजर जनरल रैंक के अफसर के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बांग्लादेशी आर्मी को ट्रेनिंग देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये ट्रेनिंग अगले साल फरवरी में शुरू होगी। पहले चरण की ट्रेनिंग मेमनशाही कैंट में आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड मुख्यालय में होगी। ट्रेनिंग का ये पहला चरण एक साल तक चलेगा। इसके बाद पाकिस्तान आर्मी बांग्लादेश आर्मी की सभी 10 कमांड में भी ट्रेनिंग देगी। ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तानी आर्मी के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने नवंबर में बांग्लादेश को ट्रेनिंग का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमान ने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद जनरल वकार ने पाक आर्मी को ट्रेनिंग के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया है। पाक से गोला बारूद मंगाया, युद्धाभ्यास में शामिल होगा बांग्लादेश ने पाकिस्तान से गोला- बारूद की दो खेप मंगाई हैं। सितंबर से दिसंबर के बीच बांग्लादेश ने 40 हजार राउंड एम्युनिशन मंगवाए हैं। ये पिछले साल की तुलना में तीन गुना हैं। पिछले साल ये 12 हजार राउंड थे। इसके अलावा 2 हजार राउंड टैंक एम्युनिशन और 40 टन आरडीएक्स भी मंगवाया है। बांग्लादेश की नौसेना अगले साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ कराची पोर्ट पर नौसेनिक युद्धाभ्यास करेगी। इस संयुक्त युद्धाभ्यास को अमन-2025 नाम दिया गया है। पाकिस्तान हर 2 साल बाद इस युद्धाभ्यास का आयोजन करता है। बांग्लादेश 15 साल बाद इस युद्धाभ्यास में शामिल हो रहा है। शेख हसीना के पूरे कार्यकाल में बांग्लादेश ने इसमें हिस्सा नहीं लिया था। 2022 में शेख हसीना ने पाकिस्तान के युद्धपोत तैमूर को चटगांव में रुकने की परमिशन तक नहीं दी थी। इसके चलते तैमूर को म्यांमार के क्यायुकफु पोर्ट पर लंगर डालकर फ्यूल लेना पड़ा था। पाकिस्तान-बांग्लादेश के साथ आने से भारत पर असर डिफेंस एक्सपर्ट, वेस्ट एशिया पॉलिसी सेंटर के डिफेंस एक्सपर्ट कमर आगा के मुताबिक बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढ़ती करीबी से भारत के 80 किमी चौड़े सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) पर खतरा बढ़ सकता है। ये कॉरिडोर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। बांग्लादेश में पाक की एंट्री के बाद पूर्वोत्तर के कट्टरपंथी ग्रुप के और हावी होने की आशंका है। दूसरी तरफ बांग्लादेश की जियोपॉलिटिकल लोकेशन काफी अहम है। चिकन नेक कॉरिडोर के पास भूटान का डोकलाम भी है। इस पर चीन कब्जा चाहता है। बांग्लादेश में यूनुस सरकार और अब पाक सेना की एंट्री के बाद चीन के लिए अनुकूल हालात हैं।

कमर आगा ने बताया कि बांग्लादेश में हमेशा से पाक परस्त ताकतें हावी रही हैं। फर्क इतना है कि शेख हसीना के 15 साल के शासन में इन पर लगाम रही, पर बांग्लादेश के आर्मी चीफ वकार ने पाकिस्तान की आर्मी और अन्य ताकतों के साथ हसीना के खिलाफ साजिश रची। 5 अगस्त को वहां जनक्रांति नहीं, सेना ने एक बड़े प्लान से तख्तापलट कराया था।

अमेरिका ने हिंदुओं पर हमलों को लेकर ढाका को चेताया बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर अमेरिका की बाइडेन सरकार ने बांग्लादेश की यूनुस सरकार चेताया है। सोमवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने यूनुस से फोन पर बात की। इसमें बांग्लादेश में मानवाधिकारों की ?बिगड़ती स्थिति व लोकतंत्र पर चिंता जताई। सुलिवन ने कहा कि हर नागरिक के मानवाधिकारों की रक्षा करना किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए ठोस कदम उठाएं। इस पर यूनुस ने भी अमेरिका को मानवाधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का आश्वासन दिया।

## बांग्लादेश में क्रिसमस पर 17 ईसाइयों के घर जलाए: त्योहार मनाने पड़ोस के गांव गए थे



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में क्रिसमस से एक दिन पहले ईसाई समुदाय से जुड़े लोगों के 17 घर जला दिए गए। यह घटना बंदरबन जिले के चटगांव पहाड़ी इलाके में हुई। पीड़ितों का दावा है कि जब वे क्रिसमस के मौके पर प्रार्थना करने के लिए चर्च गए थे, तब मौके का फायदा उठाकर उनके घरों में आग लगाई गई। ईसाई समुदाय के लोगों ने बताया कि इस घटना में उनका 15 लाख टका (बांग्लादेशी करंसी) से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने कहा कि बुधवार दोपहर तक आगजनी के संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है, लेकिन शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। 4 महीने से रह रहे थे ईसाई समुदाय के लोग जानकारी के मुताबिक त्रिपुरा समुदाय के 19 परिवार बंदरबन (चटगांव पहाड़ी इलाका) के लामा सराय के एसपी गार्डन में रहते थे। यह गार्डन हसीना सरकार में बड़े अधिकारी रहे बेनजीर अहमद का है। 5 अगस्त के बाद बेनजीर अहमद और उनके परिवार के लोग यह इलाका छोड़कर चले गए थे। इसके बाद यहां त्रिपुरा समुदाय के 19 परिवार आकर रहने लगे। कल शाम जब सभी लोग क्रिसमस के मौके पर पड़ोस के चर्च में प्रार्थना करने गए तो उपद्रवियों ने खालीपन का फायदा उठाकर घरों को जला दिया। वहीं, ईसाई समुदाय से जुड़े लोगों ने बताया कि ये उनकी ही जमीन है। पहले इस इलाके का नाम तंगझिरी पारा था। इस पर बेनजीर अहमद के लोगों ने कब्जा कर लिया था और यहां का नाम बदलकर एसपी गार्डन कर दिया था।

## पूर्व राष्ट्रपति के करीबी अधिकारी को पकड़ने गए सुरक्षा बलों पर हमला; 14 सुरक्षाकर्मियों समेत 17 की मौत

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के टारटस प्रांत में बुधवार को सुरक्षा बलों ने पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद से जुड़े एक अधिकारी को गिरफ्तार करने की कोशिश की। इस दौरान अधिकारी के समर्थकों और लोगों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। इस दौरान जनरल सिक्योरिटी फोर्स के 14 सदस्यों समेत 17 लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा बल सैदनया जेल में लोगों पर अत्याचार करने वाले अधिकारी मोहम्मद कंजो हसन को गिरफ्तार करने गए थे। आठ दिसंबर को सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के रूस भागने के बाद देश पर विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) का कब्जा हो गया है। वहीं एचटीएस ने धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन देकर यहां एक मार्च 2025 तक के लिए अंतरिम प्रधानमंत्री की नियुक्ति की है। इसके बाद से राष्ट्रपति बशर अल असद के करीबियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि टारटस प्रांत में सुरक्षा बल बशर शासन के अधिकारी सैन्य न्याय विभाग के निदेशक और क्षेत्रीय न्यायालय प्रमुख के मोहम्मद कंजो हसन को गिरफ्तार करने गए थे। उसने सैदनया जेल में बंद हजारों कैदियों को मौत की सजा और मनमाने फैसले सुनाए थे। सुरक्षा बल जब कंजो हसन के गांव पहुंचे तो यहां कई लोगों ने अपने घरों की तलाशी लेने से इन्कार कर दिया।

# यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई बढ़ाएगा अमेरिका, क्रिसमस पर रूस ने दागीं 78 मिसाइलें

**कीव, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को यूक्रेन पर हुए रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले की निंदा की है। बाइडेन ने आरोप लगाया कि रूस ने मिसाइल और ड्रोन हमले के जरिए यूक्रेन की एनर्जी ग्रिड को निशाना बनाया है। इसके जरिए रूस सर्दी में यूक्रेनी लोगों की बिजली सप्लाई काटना चाहता है। बाइडेन ने यूक्रेन को मदद देने की बात भी दोहराई। बाइडेन के मुताबिक अमेरिका ने पिछले कुछ महीनों में यूक्रेन को सैकड़ों मिसाइलें दी हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई बढ़ाएगा। यूक्रेन को जल्द ही मिसाइलों की नई खेप दी जाएगी। इसके लिए अमेरिकी रक्षा विभाग को मिसाइलों की सप्लाई तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दुनिया के दूसरे देशों से भी यूक्रेन की मदद करने के लिए कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यूक्रेन के लोगों शांति और सुरक्षा के साथ जीने का अधिकार है। बाइडेन ने कहा कि हम यूक्रेन का तब तक समर्थन करते रहेंगे, जब तक वह रूस के खिलाफ जीत हासिल न कर ले।

**रूसी हमले में 1 की मौत, 21 घायल :** रूस ने अपने हमले में यूक्रेन के कई शहरों को निशाना बनाया। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक रूस हमले के लिए 78 मिसाइलों और 106 ड्रोन्स का इस्तमाल किया। इस हमले में 1 शख्स की मौत हुई, जबकि 21 घायल हुए हैं। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक सबसे बड़ा हमला खारकीव शहर पर किया गया। इसके अलावा निप्रो, क्रेमेनचुक, क्रिवी रिह और इवानो-फ्रैंकिवस्क पर भी हमले हुए।



यहां एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। लोकल मीडिया के मुताबिक रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से भी हमले किए हैं। रूस ने ब्लैक सी से ये मिसाइलें दागीं। खार्किव के गवर्नर ने बताया कि रूस ने उनके शहर पर कम से कम 7 मिसाइलें दागीं जिसमें 6 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के कई शहरों ने हमले के बाद बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। जेलेंस्की बोले- पुतिन इंसान नहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अमानवीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि पुतिन इंसान नहीं हैं। उन्होंने जानबूझकर हमले के लिए क्रिसमस का दिन चुना। वहीं, यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने कहा कि रूस का यूक्रेनी एनर्जी सिस्टम पर 13वां बड़ा हमला है। रूस ने राष्ट्रपति जेलेंस्की के होम टाउन क्रिवी रिह पर भी मिसाइल हमले किए हैं। एक अपार्टमेंट पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के एक और शहर निप्रो पर भी मिसाइल हमले हुए। रूसी विदेश मंत्री ने यूक्रेन को चेतावनी दी इससे पहले रूसी वायु सेना कहा था कि उन्होंने 24-25 दिसंबर की रात में यूक्रेन के 59 ड्रोन को मारकर गिराया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यूक्रेनी हमले को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि यूक्रेनी सरकार आम नागरिकों को निशाना बना रही है। लावरोव ने चेतावनी दी कि यूक्रेन का ये हमला जारी रहा तो रूस और ज्यादा कड़े कदम उठाएगा।

# पनामा नहर, ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप गंभीर, क्रिसमस पर जारी संदेश में इशारों में कह गए बड़ी बात

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पनामा नहर, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात दोहराई है। दरअसल ट्रंप ने क्रिसमस के मौके पर जारी बयान में ये बातें दोहराई और साथ ही कनाडा से अमेरिका में हो रहे अवैध आव्रजन को न रोकने पर कनाडा पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की बात भी कही।

**ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा किए पोस्ट :** ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा कई पोस्ट में लिखा कि सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं, साथ ही चीन के शानदार सैनिकों को भी बधाई, जो अवैध रूप से पनामा नहर (जिसके 110 साल तक चले निर्माण में हमने 38 हजार लोगों को खोया) का संचालन कर रहे हैं। अमेरिका इसके पुनर्निर्माण में अरबों डॉलर खर्च करता है, लेकिन हम इसके बारे में कुछ नहीं कहेंगे। ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि कनाडा के गवर्नर जस्टिन ट्रूडो को भी क्रिसमस की शुभकामनाएं। इनके नागरिक कर बहुत ज्यादा अधिक हैं, लेकिन अगर



कनाडा हमारा हिस्सा होता तो उसके करों में 60 फीसदी की कटौती की जाती और उनका व्यापार दोगुना हो जाता। साथ ही उसकी सैन्य तौर पर सुरक्षा भी की जाती।

ट्रंप ने विपक्ष पर भी साधा निशाना ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप ने लिखा कि ग्रीनलैंड के लोगों की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अमेरिका को जरूरत है। जो भी चाहता है कि अमेरिका वहां पहुंचे तो हम जरूर ऐसा करेंगे। ट्रंप ने विपक्षियों पर भी निशाना साधा और कहा जो विपक्षी लगातार हमारी अदालती व्यवस्था और चुनाव को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं, उन कट्टर वामपंथियों को भी क्रिसमस की शुभकामनाएं। साथ ही ट्रंप ने गंभीर अपराधों को 37 दोषियों को राष्ट्रपति बाइडन द्वारा माफी दिए जाने पर भी निशाना साधा। पनामा नहर और ग्रीनलैंड पर कब्जे की इच्छा जाहिर कर चुके हैं ट्रंप गौरतलब है कि ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक मीम साझा किया, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप, पनामा नहर, ग्रीनलैंड और कनाडा को खरीदते नजर आ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में ग्रीनलैंड का जिक्र करते हुए कहा था कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का मालिकाना हक होना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा और विचारों की स्वतंत्रतता के लिए ये बेहद जरूरी है। ट्रंप ने पनामा नहर पर भी फिर से अमेरिका का कब्जा करने की धमकी दी थी और कहा था कि पनामा नहर अमेरिका की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए बेहद अहम है। गौरतलब है कि चीन पनामा नहर पर अपनी मौजूदगी को लगातार बढ़ा रहा है, जो अमेरिका के लिए खतरे की घंटी है।

## नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को दी चेतावनी, बोले इजरायल हवाई हमला करने पर कर रहा विचार

**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यमन में हूती बलों को भी इजरायल विरोधी समूहों जैसा ही परिणाम भुगतना पड़ेगा। नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, ÷हूती विद्रोहियों को भी वही सबक मिलेगा जो हमास, हिजबुल्लाह, असद सरकार और दूसरों को मिला है। हालांकि, इसमें समय लग सकता है। लेकिन, यह पूरे मध्य पूर्व के लिए एक सबक साबित होगा।÷ इससे पहले बुधवार को हूती विद्रोहियों ने लगातार दूसरे दिन इजरायल की ओर जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार एक ड्रोन दक्षिणी इजरायल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कथित तौर पर हूती बलों द्वारा जवाबी मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद इजरायल यमन में हूती बलों के खिलाफ एक बड़े हमले पर विचार कर रहा है। मंगलवार को इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि सेना एक संभावित ऑपरेशन की तैयारी कर रही है। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कान टीवी ने कहा कि इजरायली वायु सेना, सैन्य खुफिया और संचालन निदेशालय पिछले सप्ताह के हमले के बाद यमन में ÷काफी आक्रामक योजनाएं बना रहे हैं और टार्गेट सूची का विस्तार कर रहे हैं।÷

पिछले साल अक्टूबर से हूती समूह ने गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल पर कभी-कभी मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। इसके



जवाब में इजरायल ने कई बड़े हवाई हमले किए, जिनमें से सबसे हाल ही में पिछले सप्ताह हुआ। इस हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। बुधवार सुबह इजरायली मीडिया ने बताया कि यमन से एक ÷मिसाइल÷ तेल अवीव के पास पहुंचा, जिसके बाद सायरन बजने लगे। यमन के हूती समूह ने बाद में कहा कि उन्होंने बुधवार को इजरायली शहर तेल अवीव और अश्कलोन में दो ड्रोन भेजे, जो ÷महत्वपूर्ण÷ और औद्योगिक÷ इलाकों को निशाना बनाने के लिए थे। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने एक बयान में कहा, ÷हमने दो सैन्य अभियान चलाए, जिनमें से पहले ऑपरेशन में तेल अवीव शहर में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र को निशाना बनाया गया। दूसरे ऑपरेशन में अश्कलोन शहर में औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाया गया।÷

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में बर्ड फ्लू का प्रकोप, राज्य में दूध उत्पादन में भारी गिरावट

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एवियन इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कैलिफोर्निया के अधिकारियों के अनुसार, बर्ड फ्लू ने अगस्त से अब तक 984 डेयरियों में से 659 को प्रभावित किया है। इनमें से एक-चौथाई मामले पिछले महीने में ही सामने आए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राज्य के डेयरी उद्योग में तेजी से फैल रहे इस वायरस के कारण गवर्नर गेविन न्यूसम ने राज्य में पिछले सप्ताह आपातकाल की घोषणा की थी। कैलिफोर्निया के गवर्नर न्यूसम ने एक बयान में कहा, ÷इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सरकारी एजेंसियों के पास इस विषम स्थिति से सामना करने का जरूरी संसाधन कितना है जिससे वो परिस्थिति के अनुसार तुरंत रिएक्ट कर सकें।÷ अमेरिकी रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी) की मंगलवार को जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस महामारी का मानवीय प्रभाव लगातार गंभीर होता जा रहा है, तथा कैलिफोर्निया में ऐसे 36 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। जो कि देश के कुल 65 मामलों के आधे से भी अधिक हैं, हालांकि वास्तविक संख्या इससे अधिक होने की संभावना है, क्योंकि हाल ही में स्थानीय स्तर पर पुष्टि के मामले संघीय आंकड़ों में अभी तक जुड़े नहीं हैं। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी और स्टैनिस्लॉस काउंटी में सोमवार को दो नए मामलों की पुष्टि हुई थी। दोनों काउंटी के स्वास्थ्य विभागों के अनुसार, दोनों व्यक्ति अपने कार्यस्थल पर बर्ड फ्लू से संक्रमित पशुओं के संपर्क में आए थे। दोनों व्यक्तियों में इस वायरस के हल्के लक्षण थे और उनका एंटीवायरल दवाओं से इलाज किया गया था। बता दें कि इस वायरस पर नियंत्रण पाने के



लिए स्वास्थ्य अधिकारी पूरे कैलिफोर्निया राज्य में अपशिष्ट जल की निगरानी कर रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को, नापा और सैन जोस सहित कई इलाकों में वायरस का पता लगाया जा रहा है। हालांकि, कैलिफोर्निया राज्य महामारी विज्ञानी एरिका पैन ने एबीसी30 को बताया कि इन मामलों का मुख्य कारण प्रारंभिक रूप से ÷घरेलू या अन्य वाणिज्यिक दूध को सिंक में डंप करने÷ के कारण हो सकता है। हालांकि स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि आम जनता के लिए जोखिम कम है, लेकिन यह वायरस संक्रमित मुर्गियों में 90 से 100 प्रतिशत और गायों में 1 से 2 प्रतिशत तक जान ले सकता है। कैलिफोर्निया राज्य के पशु चिकित्सक एनेट एम. जोन्स ने बताया कि संक्रमित गायें कभी पूरी तरह से ठीक नहीं हो सकतीं। कैलिफोर्निया, जो देश का सबसे बड़ा डेयरी उत्पादक राज्य है, बर्ड फ्लू के प्रकोप के कारण भारी आर्थिक नुकसान का सामना कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अब 1.7 मिलियन गायों का हर हफ्ते परीक्षण किया जा रहा है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) की रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में कैलिफोर्निया का दूध उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 9.2 प्रतिशत कम हो गया।

## सुप्रीम कोर्ट का पंजाब सरकार को निर्देश –डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करें

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की और पंजाब सरकार को निर्देश दिया कि वह उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता के संबंध में शीर्ष अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के कारण मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, ''अगर कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है तो आपको इससे सख्ती से निपटना होगा। किसी का जीवन दांव पर है। आपको इसे गंभीरता से लेना चाहिए। चिकित्सा सहायता दी जानी चाहिए और ऐसा लगता है कि आप इसका पालन नहीं कर रहे हैं।'' शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायालय शनिवार को मामले में फिर से सुनवाई करेगा। डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं।

## एक बार फिर देवदूत बनी सेना, बर्फ में फंसे 68 लोगों को बचाया

जम्मू। भारी बर्फबारी के चलते गुलमर्ग और तानमार्ग जा रहे पर्यटक रास्ते में ही फंस गए। करीब 68 पर्यटकों के फंसने की जानकारी भारतीय सेना की चिनार कोर को लगी। उन्होंने बिना किसी देरी के रेस्क्यू शुरु कर दिया। चिनार कोर के मुताबिक इस दौरान कुल 68 लोगों को बचाया गया। इनमें 30 महिलाएं, 30 पुरुष और 8 बच्चे शामिल हैं। इसके बाद सभी 137 पर्यटकों को गर्म खाना, शेल्टर और दवाएं भी मुहैया कराई गईं। चिनार वॉरियर ने इसको लेकर एक्स पर जानकारी दी है। इसमें बताया है कि चिनार कोर को सिविल एडमिनिस्ट्रेशन से कॉल मिली थी। इसके बाद इस बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। इसके मुताबिक चिनार वॉरियर्स ने कुलगाम के मुनाद गांव से एक गर्भवती महिला को निकालने के लिए एक आपातकालीन संकट कॉल का जवाब दिया। भारी बर्फबारी के बीच बचाव दल समय पर घटनास्थल पर पहुंच गया। तत्काल जीवनरक्षक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई और रोगी को यारीपोरा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।

**2000 वाहन फंसे**

गौरतलब है कि चिनार कोर का नाम यहां के चिनार वृक्ष के नाम पर रखा गया है। सेना का यह दल जम्मू कश्मीर के पूर्वी और उत्तरी इलाकों में सुरक्षा इंतजाम देखती है। बता दें कि जम्मू कश्मीर में मौसम खराब है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मुताबिक जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग स्थित काजीगुंड कस्बे में बर्फबारी में करीब 2000 वाहन फंस गए हैं।

## यूपी का मामला : गर्भवती हुई नाबालिग, रिश्तेदारों ने बनाया हवस का शिकार

### – रेप करने वाले आरोपी बाबा, पिता और चाचा को पुलिस की हिरासत में

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में एक बड़ा ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर 12 साल की मासूम को अपने ही सगे ?रिश्तेदारों ने हवस का शिकार बनाया है। पीड़िता ने मौसी के साथ जाकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपनी दुखद कहानी सुनाई है। उसके साथ रेप करने वाले आरोपी बाबा, पिता और चाचा को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रकरण का हलचल मासूम के गांव के बाहर तक फैल चुकी है। पीड़िता ने अपनी दुखद आपबीती में बताया कि उसके साथ कई महीनों तक रेप किया गया, जिसका नतीजा यह है कि वह 2 महीने की गर्भवती है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और पीड़िता को मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया है। पीड़िता ने अपने आरोप को पुलिस के सामने साबित करते हुए इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई कार्रवाई की जाए, इसकी मांग की है। इस घिनौने कांड के खिलाफ आवाज उठाते हुए समाज के विभिन्न संगठनों ने भयानक अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने की गुहार दी है। मामला औरैया जिले के बिधूना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली एक मासूम ने अपने बाबा, पिता और चाचा पर रेप करने का आरोप लगाया है। मासूम के पिता किसानी करते हैं और बाबा और चाचा बकरियां चराते हैं। करीब डेढ़ माह पहले उसकी मां की मौत हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले 1 साल से बाबा खेत में और चाचा कमरे में अकेला पाकर उसके साथ दरिंदगी को अंजाम देते रहे और उन्होंने धमकाया भी था कि अगर किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देंगे।

## राजस्थान में कटी पतंग ने ली दो भाइयों की जान

### – हाईटेंशन लाइन से पतंग उतारने का कर रहे थे प्रयास

बारां । राजस्थान के बारां जिले में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने गांव को अपने आंसूओं में डुबो दिया है। जिले के बोरिना गांव में 14 और 15 साल के दो सगे भाई हाईटेंशन लाइन से कटी पतंग ?निकालने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान दोनों ?बिजली करंट की चपेट में आ गए ओर उनकी जान चली गई। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों बच्चे लोहे के सरिए से पतंग को खींचने की कोशिश कर रहे थे। वह हाईटेंशन बिजली लाइन के करंट में फंस गए और बुरी तरह झुलस गए। पु?लिस अ?धिकारी ने मीडिया को जानकारी दी कि यह हादसा मोग्या परिवार के दोनों बच्चों के साथ हुआ। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। सदर थाना पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू की गई है और परिजनों को समर्थन दिया जा रहा है। दोनों सगे भाईयों की एक साथ मौत से गांव में गहरा दुख छाया हुआ है। इस दुखद घटना से हमें सबक सीखना चाहिए ताकि ऐसी खतरनाक स्थितियों से बचा जा सके।

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दबाव के बाद भी शेख हसीना को वापस नहीं भेजेगा भारत

### –भारत लंबे समय तक मेहमानों के स्वागत की परंपरा बनाए रखने वाला देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना को सौंपने की मांग की है। पूर्व पीएम शेख हसीना फिलहाल भारत में रह रही हैं। वह 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर आ गई थीं और उसके बाद से ही दिल्ली में किसी स्थान पर हैं। पिछले सप्ताह ही बांग्लादेश ने शेख हसीना को वापस भेजने की मांग वाला डिप्लोमैटिक नोट आया है, लेकिन इस पर भारत सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

सरकारी सूत्रों का कहना है कि शेख हसीना को भारत सरकार वापस भेजने पर विचार नहीं कर रही है। यही नहीं बांग्लादेश सरकार की ओर से दबाव बनाने की कोशिश के बाद भी ऐसा कोई फैसला नहीं लिया जाएगा। बांग्लादेश के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि में किसी राजनीतिक शख्सियत की वापसी का पहलू नहीं है। इसके अलावा भारत भू-राजनीतिक कारणों से भी ऐसा नहीं करना चाहता।



भारत को लगता है यदि हालात बदलेंगे तो शेख हसीना फिर सत्ता आएंगी और उस स्थिति में रणनीतिक तौर पर वह काफी अहम होगा। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के पास भी डिप्लोमैटिक नोट भेजने के अलावा भारत के ऊपर दबाव बनाने का कोई विकल्प नहीं है। शेख हसीना पहले भी भारत में वक्त गुजार चुकी हैं। उनके बेटे और बेटी भी भारत में रहे हैं।

शेख हसीना के लिए भारत से बैठकर बांग्लादेश की राजनीति को प्रभावित करना आसान होगा। भारत शेख हसीना की अहमियत समझता है, जिन्होंने अपने 15 सालों के शासनकाल में बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों पर लगाम लगाई थी। इसके अलावा सीमा से जुड़े मसलों को भी शांतिपूर्वक हल किया था। दोनों देशों के बीच कारोबार भी शेख हसीना के दौर में तेजी से बढ़ा था।

भारत मेहमानों के स्वागत की परंपरा बनाए रखने वाला देश रहा है। दलाई लामा का भी उसने ऐसे ही भारत आने का अवसर दिया था। अब भी हजारों तिब्बतियों के साथ दलाई लामा भारत में ही रह रहे हैं। हालांकि शेख हसीना को लेकर उम्मीद है कि भले ही कुछ साल लगें, लेकिन वह एक बार फिर से बांग्लादेश में वापसी कर सकती हैं।

## परिवार की इच्छा के अनुरुप बने डा. सिंह का स्मारक : मायावती

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ निगम बोध घाट पर हुआ। उनके निधन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने दुख व्यक्त किया। साथ ही स्मारक बनाने को लेकर उठे विवाद में मायावती का भी बयान सामने आया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सरकार उनके सम्मान में स्मारक बनवाए। मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के पहले सिख प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के देहांत होने पर उनका अंतिम संस्कार केंद्र सरकार वहां कराए, जहां उनके परिवार की दिली इच्छा हो। साथ ही उनके सम्मान में स्मारक भी बनवाए। इस पर किसी भी तरह की राजनीति करना ठीक नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि इन मामलों में केंद्र सरकार इनके परिवार के साथ पूरे सिख समाज की भावनाओं का सम्मान जरूर करे। कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर अति दुखद है। भारत की अर्थव्यवस्था सुधार में उनका खास योगदान रहा। वह नेक इंसान थे। उनके परिवार और सभी चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर करने की मांग की गई थी, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके। सरकार ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।



## मनमोहन के निधन से दुखी सोनिया गांधी बोलीं- एक मित्र और मार्गदर्शक हमने खो दिया



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन से देश दुनिया में शोक है। लोग दुखी हैं और शोक संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। उनके निधन पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने अपने लिए बड़ी व्यक्तिगत क्षति करार दिया और कहा कि वह उनके लिए 'मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे तथा आभारी रहेंगे कि मनमोहन सिंह ऐसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है।

सोनिया गांधी ने शोक संदेश में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से हमने एक ऐसा नेता खो दिया है, जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने पूरे दिल और दिमाग से हमारे देश की सेवा की। वह कांग्रेस पार्टी के लिए मार्गदर्शन करने वाले प्रकाशपुंज थे। उनकी करुणा और दूरदर्शिता ने लाखों भारतीय नागरिकों के जीवन को बदल दिया और सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि उनके शुद्ध हृदय और उत्कृष्ट दिमाग के कारण उन्हें भारत के लोग बहुत प्यार करते थे।

सोनिया गांधी ने इस बात का उल्लेख किया, उनके साथ कोई भी समय बिताने का मतलब उनके ज्ञान और दूरदर्शिता से प्रबुद्ध होना, उनकी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से प्रभावित होना और उनकी वास्तविक विनम्रता से आश्चर्यचकित होना था। उन्होंने कहा, वह हमारे राष्ट्रीय जीवन में एक ऐसा शून्य छोड़ गए हैं, जिसे कभी नहीं भरा जा सकता। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे और आभारी रहेंगे कि हमारे पास डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है।

# इसरो साल का आखिरी मिशन करेगा लॉन्च, कोशिकाएं लेकर जाएगा स्पैडेक्स

### –अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक रखने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा भारत

**श्रीहरिकोटा(एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2024 का आखिरी मिशन 30 दिसंबर को लॉन्च करेगा। इस मिशन को स्पैडेक्स नाम दिया है। स्पैडेक्स यानी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट। यह मिशन रात 9ः58 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। स्पैडेक्स मिशन का मकसद अंतरिक्ष में स्पेसक्राफ्ट को डॉक और अनडॉक करने वाली तकनीक डेवलप करना और उसका प्रदर्शन करना है।

बता दें जब कोई स्पेस मिशन लॉन्च किया जाता है तो मकसद हासिल करने के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने पड़ते हैं। इसके लिए अंतरिक्ष में डॉकिंग की जरूरत पड़ती है। भारत के लिए यह तकनीक मून मिशन, चंद्रमा से सैंपल लाने और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




स्पैडेक्स मिशन के जरिए भारत अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक रखने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन स्पेस डॉकिंग में कामयाबी हासिल कर चुके हैं। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट स्पैडेक्स मिशन के जरिए अपने साथ 200-200 किलो के 2 स्पेसक्राफ्ट भी लेकर जाएगा। इन्हें चेजर और टारगेट नाम दिया गया है। इनसे रिसर्च और डेवलपमेंट से जुड़े 24 पेलोड भी भेजे जाएंगे। इन पेलोड्स को धरती से 700 किमी की ऊंचाई पर डॉक किया जाएगा। इनमें से 14 पेलोड इसरो के और बाकी 10 स्टार्टअप और एकेडमी के हैं।

एमिटी प्लांट एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल इन स्पेस पेलोड जिसे एमिटी यूनिवर्सिटी ने बनाया है। यह रिसर्च करेगा कि पौधे की कोशिकाएं अंतरिक्ष में कैसे बढ़ती हैं। इस रिसर्च के तहत अंतरिक्ष और धरती पर एक ही समय में प्रयोग किया जाएगा। पालक की कोशिकाओं को एलईडी लाइट्स और जेल के जरिए सूर्य का प्रकाश और पोषक तत्व जैसी अहम चीजें दी जाएंगी। एक कैमरा पौधे की कोशिका के रंग और वृद्धि को रिकॉर्ड करेगा। अगर कोशिका का रंग बदलता है तो प्रयोग असफल हो जाएगा।

वहीं, अगर इस रिसर्च में कामयाब होते हैं तो अंतरिक्ष और धरती पर कृषि तकनीकों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों की लंबी अंतरिक्ष यात्राओं, जैसे मंगल ग्रह मिशन के दौरान पौधे उगाने की संभावना और मजबूत होगी और हम पूरी दुनिया को दिखा देंगे कि हम होंगे कामयाब।

## पीएम मोदी आज दिल्ली विधानसभा चुनाव अभियान का करेंगे आगाज

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी 29 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इस हफ्ते वे पीएम दो रैलियों करेंगे। दूसरी रैली 3 जनवरी को होगी। पीएम मोदी रोहिणी के जापानी पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी की दिल्ली इकाई ने इसके लिए मंडल अध्यक्षों से कम से कम दो बस भरकर लोगों को लाने को कहा है। बीजेपी दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के लिए पूरी तैयारी से मैदान में उतर रही है इसके लिए बीजेपी ने अपनी रणनीति भी बनाई है। दिल्ली में आप सरकार को हराने के लिए पार्टी अपने बड़े नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारेगी जिसका आगाज 29 दिसंबर यानी रविवार को पीएम मोदी के चुनावी अभियान से होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन के कारण सात दिन का राष्ट्रीय के कारण कई सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

## कांग्रेस पर भड़की शर्मिष्ठा बोलीं- प्रणव मुखर्जी के लिए शोकसभा तक नहीं की, अब स्मारक मांग रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के लिए अलग से स्मारक बनवाने की मांग कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की है। इस पर पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कड़ी आलोचना की है। शर्मिष्ठा ने कहा कि जब उनके पिता (प्रणब मुखर्जी) का 2020 में निधन हुआ था, तब कांग्रेस नेतृत्व ने न तो कोई शोक सभा आयोजित की और न ही कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने इस मामले में उन्हें गुमराह किया था।



शर्मिष्ठा ने कहा कि वह अपने पिता के डायरी में पढ़ चुकी हैं कि जब पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन का निधन हुआ था, तो कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई थी और शोक संदेश खुद प्रणब मुखर्जी ने तैयार किया था। इसके अलावा शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सीआर केसवन के एक पोस्ट का हवाला दिया, जिसमें यह बताया गया था कि कांग्रेस ने पार्टी के अन्य नेताओं को सिर्फ इसलिए नजरअंदाज किया क्योंकि वे गांधी परिवार के सदस्य नहीं थे। इस मुद्दे पर डॉ मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रहे डॉ संजय बारू की किताब द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर पुस्तक का भी उल्लेख किया गया, जिसमें यह जिक्र किया गया था कि कांग्रेस नेतृत्व ने कभी पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए दिल्ली में कोई स्मारक नहीं बनाया, जिनका 2004 में निधन हो गया था। पुस्तक में यह भी दावा किया गया था कि कांग्रेस ने नरसिम्हा राव के दाह संस्कार को दिल्ली में करने के बजाय हैदराबाद में करने की कोशिश की थी।

**अंत्येष्टि पर ना हो राजनीतिः अखिलेश यादव**

गृह मंत्रालय ने कहा था कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ नयी दिल्ली के निगमबोध घाट किया जाएगा। राजनीतिक दलों ने इसके बाद ही हमले करने शुरू कर दिए।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया मंच एक?स पर लिखा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री (मनमोहन सिंह) जी की समाधि के संदर्भ में सम्मान की परंपरा का निर्वहन होना चाहिए। इस विषय पर न किसी राजनीति की आवश्यकता है, न होनी चाहिए।

## नीतीश सरकार ने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर, ग्रामीण हुए खुश

**पटना (एजेंसी)।** पटना के खुशरूपुर में अनुमंडल पदाधिकारी ने बांसटाल चौराहा से स्टेशन गुमटी तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित किया है। सड़क की मापी कर अंचल अमीन ने अतिक्रमण की पुष्टि कर अपना प्रतिवेदन समर्पित किया था। एसडीओ ने खुसरूपुर अंचल पदाधिकारी उत्तम राहुल को दंडाधिकारी के रूप में अधिकार दिया है तथा सीओ को थानाध्यक्ष अंकिता कुमारी से समन्वय कर विधि व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया है।



वहीं, नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी दीपक झा को ट्रैक्टर, जेसीबी और बुलडोजर आदि को उपलब्ध करने की जिम्मेदारी मिली है। जिला पुलिस की ओर से पर्याप्त संख्या में जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी एवं वरीय आरक्षी अधीक्षक को सूचित किया जा चुका है।

नवादा के नरहट प्रखंड के चातर गांव में अनावाद बिहार सरकार की भूमि पर अवैध कब्जा के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला है। कार्रवाई में अतिक्रमण वाले लगभग सात डिसमिल अवैध कब्जा वाले सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। सीओ ने बताया कि मंदिर के समीप बिहार सरकार की भूमि को अतिक्रमण कर उस जगह पर ईंट से घेराबंदी कर करकट डालकर अतिक्रमण किया था। ग्रामीण अखिलेश सिंह, अर्जून सिंह, चांदो यादव सहित सैंकड़ों ग्रामीण का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अतिक्रमण से ग्रामीण काफी नाराज थे। शिकायत के आलोक में अतिक्रमण करने वाले को नोटिस भेज कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। नोटिस की कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाने पर विशेष पुलिस बल के सहयोग से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से ग्रामीण खुश हैं वहीं अतिक्रमण करने वाले लोगों में डर है।

# ये सिख समाज का अपमान, मनमोहन के अंतिम संस्कार पर विपक्ष और सरकार आमने-सामने

**`* कांग्रेस, आप सहित कई दलों ने जताया विरोध**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। दिल्ली के निगम बोध घाट पर मनमोहन का अंतिम संस्कार किया गया है। पूर्व पीएम को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंत्येष्टि के दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, पीएम मोदी, राहुल गांधी सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। अंत्येष्टि में कई विदेशी नेता भी शामिल हुए। हालांकि, अंतिम संस्कार को लेकर सियासी विवाद भी गहरा गया।

दरअसल मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजघाट पर न कराने पर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित कई विपक्षी पार्टियों ने सवाल उठाकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि सरकार को संवेदनशील होना चाहिए था और उनके स्मारक के लिए जगह आवंटित करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी के निधन पर भी एक जगह आवंटित की गई थी, इसलिए केंद्र सरकार को यहां भी ऐसा ही करना चाहिए था।

वहीं आम आदमी पार्टी ने भी मनमोहन सिंह का अंतिम सरकार निगम बोध घाट पर होने को लेकर नाराजगी जाहिर की। पार्टी नेता संजय सिंह ने कहा कि अंतिम संस्कार राजघाट पर होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि ये सिख समाज का अपमान है।

दरअसल, कांग्रेस ने पूर्व पीएम के अंतिम संस्कार के लिए केंद्र से दिल्ली में यमुना किनारे जगह देने का आग्रह किया था, जहां देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के स्मृति स्थल हैं। कांग्रेस की मांग थी कि वहीं मनमोहन का अंतिम संस्कार किया जाए और स्मृति स्थल भी बने। लेकिन केंद्र ने कहा कि इसके लिए वक्त लगता है, इसलिए निगम बोध घाट पर ही अंत्येष्टि हो।

